माघ कृष्ण पक्ष षष्ठी 02:03 उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2080

लखनऊ, गुरुवार, 1 फरवरी 2024

वर्ष 34, अंक 7, पृष्ठ 14

मूल्य 5 रुपये

2 राज्य, 6 संस्करण

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



नासा ने खोजा छह ग्रहों का दुर्लभ संसार 14

चंद पैसों के लिए अपराध की राह चलीं अभिनेत्रियां 13

## एक नजर

### सोलहवें वित्त आयोग के सदस्यों की नियुक्ति

**नई दिल्ली।** नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में बने 16वें वित्त आयोग के सदस्यों की नियुक्ति कर दी गई है। राष्ट्रपति की मंजूरी से 15वें वित्त आयोग के पूर्व सदस्य एवं पूर्व व्यय सचिव अजय नारायण झा को पूर्णकालिक सदस्य बनाया गया है। इसी तरह से पूर्व विशेष व्यय सचिव एनी जॉर्ज मैथ्यू को भी पूर्णकालिक सदस्य बनाया गया है। अर्थ ग्लोबल के कार्यकारी निदेशक भी पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त किए गए हैं। एसबीआई समूह के मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ. सौम्य कांति घोष भी पूर्णकालिक सदस्य किए गए हैं। 16वें वित्त आयोग से 1 अप्रैल, 2026 से शुरू होने वाली पांच वर्षों की अवधि को कवर करते हुए अपनी सिफारिशें 31 अक्टूबर, 2025 तक उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है।

# राम मंदिर का सदियों पुराना सपना पूरा हुआ, दुर्बल से सबल हुई अर्थव्यवस्था

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बजट सत्र के पहले दिन दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन को किया संबोधित

नई दिल्ली, एजेंसी/ब्यूरो

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बीते एक वर्ष को देश के लिए ऐतिहासिक उपलब्धियों से भरा हुआ बताते हुए कहा कि इस दौरान भारत ने अर्थव्यवस्था से लेकर अंतरिक्ष तक नए आयाम हासिल कर दुनिया में विश्व मित्र की छवि बनाई और भव्य राम मंदिर के निर्माण की लोगों की सदियों पुरानी आकांक्षा भी पूरी हुई। राष्ट्रपति ने संसद के बजट सत्र के पहले दिन बुधवार को यहां दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा कि देश सही निर्णय लेते हुए सही दिशा में आगे बढ़ रहा है जिससे दशकों से अटके काम पूरे हुए हैं और भारतीय अर्थव्यवस्था पांच कमजोर अर्थव्यवस्थाओं से निकलकर पांच शीर्षस्थ अर्थव्यवस्थाओं में गिनी जा रही है। उन्होंने आदिवासियों, किसानों, महिलाओं, मछुआरों और कमजोर वर्ग के कल्याण के लिए उठाए गए कदमों की लंबी सूची प्रस्तुत करते हुए अपने अभिभाषण में कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर चल रही सरकार समाज के हर वर्ग को उचित अवसर देने में जुटी है।

मेजों की थपथपाहट और जय श्रीराम की गूंज के बीच 22 जनवरी की तिथि को ऐतिहासिक बताते हुए उन्होंने कहा कि सभ्यताओं के कालखंड में ऐसे पड़ाव आते हैं जो सदियों का भविष्य तय करते हैं। इस वर्ष, 22 जनवरी को भी देश ऐसे ही एक पड़ाव का साक्षी बना। सदियों की प्रतीक्षा के बाद अयोध्या में रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हो गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार तीर्थों एवं ऐतिहासिक धरोहरों के विकास के साथ तीर्थाटन एवं पर्यटन को बढ़ावा दे रही है।

### विनिर्माण क्षेत्र में ताकत बन चुका है भारत

राष्ट्रपति ने मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान का जिक्र किया और कहा कि भारत विनिर्माण क्षेत्र में भी ताकत बन चुका हैं। भारत आज दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल फोन निर्माता देश है। पिछले एक दशक के दौरान मोबाइल फोन विनिर्माण में पांच गुना बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार संपदा निर्माताओं का सम्मान करती है तथा भारत के निजी क्षेत्र के सामर्थ्य पर विश्वास करती है। डिजिटल इंडिया को बड़ा सुधार बताते हुए कहा कि डिजिटल इंडिया ने भारत में जीवन और बिजनेस, दोनों को बहुत आसान बना दिया है। आज विकसित देशों में भी भारत जैसा डिजिटल सिस्टम नहीं है।



### साफ सुथरी परीक्षा के लिए बनेगा कानून

राष्ट्रपति ने कहा है कि परीक्षाओं में आए दिन होने वाली गड़बड़ी को रोकने के लिए एक कानून बनाया जाएगा। सरकार परीक्षाओं में होने वाली गड़बड़ी को लेकर युवाओं की चिंताओं से अवगत है। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार नारीशक्ति का सामर्थ्य बढ़ाने के लिए हर स्तर पर काम कर रही है। कृत्रिम मेधा मिशन पर भी काम हो रहा है।

### हुड़दंग करने वाले करें आत्म निरीक्षण



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश प्रगति की नई उंचाइयों को छू रहा है। विश्वास जताया कि लोगों के आशीर्वाद से 'सर्वसमावेशी एवं सर्वांगीण' विकास की उनकी सरकार की यात्रा आगे भी जारी रहेगी। संसद के बजट सत्र की शुरुआत से पहले पत्रकारों को संबोधित करते हुए मोदी ने उन्हें राम राम कहकर बधाई दी और कहा कि चुनाव से पहले पूर्ण बजट पेश नहीं करने की परंपरा रही है जिसका पालन करते हुए उनकी नई सरकार बनने के बाद पूर्ण बजट पेश किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि आदतन हुड़दंग करना जिनका स्वभाव बन गया है, ऐसे सभी सांसदों को आत्मनिरीक्षण करना चाहिए। मोदी ने विपक्षी सांसदों पर संसदीय कार्यवाही को बार-बार बाधित करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जो लोग हंगामा करने और लोकतांत्रिक मूल्यों को बिगाड़ने के आदी हैं, उन्हें इस अंतिम सत्र के दौरान आत्मनिरीक्षण करना चाहिए।

# हेमंत गिरफ्तार, चंपई होंगे मुख्यमंत्री

## ईडी की सात घंटे तक पूछताछ के बाद झामुमो नेता ने मुख्यमंत्री के पद से दिया इस्तीफा

रांची, एजेंसी

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद धनशोधन के एक मामले में बुधवार रात को गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं राज्य के परिवहन मंत्री चंपई सोरेन का नाम मुख्यमंत्री के रूप में प्रस्तावित किया गया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित भूमि धोखाधड़ी मामले से जुड़े धनशोधन के आरोपों को लेकर सात घंटे से अधिक की पूछताछ के बाद बुधवार को हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया। अपनी गिरफ्तारी से पहले, सोरेन ने राजभवन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को झारखंड के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा सौंप दिया। वे गठबंधन के विधायकों के साथ राजभवन गए थे और फिर उन्हें वहां से ईडी कार्यालय ले जाया गया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि सत्तारूढ़ झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन ने नए मुख्यमंत्री के रूप में झामुमो के वरिष्ठ नेता चंपई सोरेन का नाम प्रस्तावित किया है। झामुमो विधायक दल के नेता चंपई सोरेन ने संवाददाताओं से कहा कि हमने 47 विधायकों के समर्थन से नई सरकार बनाने का दावा प्रस्तुत किया है। इससे पहले मुख्यमंत्री आवास पर जुटे विधायकों ने चंपई सोरेन को झामुमो विधायक दल का नेता चुना। पार्टी प्रवक्ता विनोद पांडे ने कहा कि चंपई सोरेन के नाम पर आम सहमति बनी। सरायकेला विधानसभा सीट से 1991 से तीन से अधिक दशक से विधायक चंपई सोरेन को झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन का नजदीकी माना जाता है। सूत्रों ने कहा कि उम्मीद है कि सोरेन को ईडी विशेष पीएमएलए अदालत के समक्ष पेश करेगा और हिरासत में देने का अनुरोध करेगा।



हेमंत सोरेन



चंपई सोरेन

### भूमि घोटाला मामला

- झामुमो प्रमुख शीबू सोरेन के नजदीकी माने जाते हैं चंपई
- 47 विधायकों के समर्थन से सरकार बनाने का दावा पेश

### सोरेन ने ईडी अफसरों पर दर्ज कराई प्राथमिकी

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने यहां एससी/एसटी पुलिस थाने में ईडी के अफसरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। सूत्रों ने बताया कि सोरेन के दिल्ली आवास पर केंद्रीय जांच एजेंसी के हालिया तलाशी अभियान के संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई थी। रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बुधवार को बताया कि ईडी के कुछ वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है... हमें मुख्यमंत्री की अर्जी मिली है।

### गिरफ्तारी के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंचे सोरेन, सुनवाई आज

**रांची।** ईडी द्वारा गिरफ्तार किए गए पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार रात को झारखंड हाईकोर्ट का रुख किया। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति अनुभा रावत चौधरी की पीठ गुरुवार सुबह साढ़े 10 बजे सोरेन की याचिका पर सुनवाई करेगी।

### भाजपा की विपक्ष मिटाओ सेल बन चुकी हैं जांच एजेंसियां : राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता हेमंत सोरेन के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई और मुख्यमंत्री पद से उनके इस्तीफे के बाद बुधवार को दावा किया कि केंद्रीय जांच एजेंसियां भाजपा की विपक्ष मिटाओ सेल बन चुकी हैं। राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया कि ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग आदि अब सरकारी एजेंसियां नहीं रहीं, अब यह भाजपा की विपक्ष मिटाओ सेल हैं।

### इंडिया गठबंधन के भ्रष्टाचार में एक और महान उपलब्धि : भाजपा



**नई दिल्ली।** हेमंत सोरेन के इस्तीफा देने के बाद भाजपा ने बुधवार को इसे विपक्षी गठबंधन इंडिया में भ्रष्टाचार की एक और महान उपलब्धि बताया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि झारखंड से इंडिया गठबंधन में भ्रष्टाचार की एक और महान उपलब्धि जुड़ गई है। पूनावाला ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर भी निशाना साधा और कहा कि एक वक्त था, जब केजरीवाल लालू, सोरेन, सोनिया को गिरफ्तार करने की मांग करते थे। इन दिनों वह इन सभी का बचाव करते हैं।

### ईडी ने भेजा केजरीवाल को पांचवां समन



**नई दिल्ली।** ईडी ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक बार फिर समन भेजा है। मुख्यमंत्री को भेजा गया यह पांचवां समन है। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल इससे पहले जांच एजेंसी की ओर से चार बार भेजे गए समन पर पूछताछ के लिए पेश नहीं हुए थे।

# ज्ञानवापी : 31 साल से बंद पड़े व्यास तहखाने में पूजा की मिली अनुमति

वाराणसी, एजेंसी

जिला अदालत ने बुधवार को ज्ञानवापी परिसर में स्थित व्यास जी के तहखाने में हिंदुओं को पूजा-पाठ करने का अधिकार देने का आदेश दे दिया। हिंदू पक्ष के वकील मदन मोहन यादव ने बताया कि जिला जज अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने तहखाने में पूजा पाठ करने का अधिकार व्यास जी के नाती शैलेंद्र पाठक को दे दिया है। जज ने अपने आदेश में जिलाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा है कि वादी शैलेंद्र व्यास तथा काशी विश्वनाथ ट्रस्ट द्वारा तय किए गए पुजारी से व्यास जी के तहखाने में स्थित मूर्तियों की पूजा और राग भोग कराए जाने की व्यवस्था सात दिन के भीतर कराएं।

यादव ने बताया कि पूजा कराने का कार्य काशी विश्वनाथ ट्रस्ट करेगा। ज्ञानवापी में वजूखाने के समक्ष बैठे नंदी के सामने लगी बैरीकेडिंग हटाकर रास्ता खोला जाएगा। व्यास जी के तहखाने में पूजा-पाठ किए जाने संबंधी आवेदन पर अदालत में दोनों पक्ष की तरफ से मंगलवार को बहस पूरी कर ली थी। हिंदू पक्ष का कहना था कि नवंबर 1993 तक सोमनाथ व्यास जी का परिवार उस तहखाने में पूजा पाठ करता था, जिसे तत्कालीन मुलायम सिंह यादव सरकार के शासनकाल में बंद करा दिया गया था।



- वजूखाने के समक्ष बैठे नंदी के सामने लगी बैरीकेडिंग हटेगी
- काशी विश्वनाथ ट्रस्ट व वादी शैलेंद्र पाठक तय करेंगे पुजारी
- डीएम को दिए सात दिन में पूजा के इंतजाम करने के निर्देश

### वजूखाना के सर्वे मामले में इंतेजामिया कमेटी को नोटिस

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने राखी सिंह की पुनरीक्षण याचिका पर ज्ञानवापी मस्जिद की अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी को बुधवार को नोटिस जारी किया। वादी राखी सिंह ने वाराणसी की अदालत द्वारा 21 अक्टूबर 2023 को सुनाए गए उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें उसने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के भीतर कथित शिवलिंग को छोड़कर वजूखाना का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से सर्वेक्षण कराने का निर्देश देने से मना कर दिया था। अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी को यह नोटिस न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की अदालत द्वारा जारी किया गया।



'शिवभक्तों को न्याय मिला। बाबा विश्वनाथ मंदिर परिसर में व्यास जी के तहखाने में पूजा का अधिकार दिए जाने के संबंध में माननीय न्यायालय के ऐतिहासिक फैसले का हार्दिक स्वागत करता हूं। 1993 से भक्तों को था इंतजार। हर हर महादेव। जय बाबा विश्वनाथ। जय माता श्रृंगार गौरी। **-केशव प्रसाद मौर्य**, उपमुख्यमंत्री



इस फैसले से मायूसी जरूर है, लेकिन अभी ऊपरी अदालतों का रास्ता खुला है। जाहिर है कि हमारे वकील इस फैसले को चुनौती देंगे। ज्ञानवापी का मामला अयोध्या के मसले से अलग था। अभी लंबा रास्ता तय करना है। हमें उम्मीद है कि इसे ऊपर की अदालत में चुनौती दी जाएगी। **-मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली**, एआईएमपीएलबी सदस्य

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना

# आठ फर्जी लाभार्थियों पर एफआईआर दर्ज अधिकारी निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- घटना पर समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण का कड़ा रुख
- बलिया के मनियर में हुआ था नाटकीय सामूहिक विवाह

**अमृत विचार :** बलिया में 25 जनवरी को हुआ मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम झूठा था। बिन दूल्हे के ही कइयों की शादी करा दी गई थी। इस योजना का लाभ अपात्रों को दिए जाने का मामला संज्ञान में आते ही समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने जांच का आदेश दिया था। जांच के बाद आरोपी सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण) सुनील कुमार यादव को समाज कल्याण निदेशक ने बुधवार को निलंबित कर दिया। साथ ही आरोपी अधिकारी सहित सभी 8 अपात्र लाभार्थियों के खिलाफ बलिया में विभिन्न धाराओं में मुकदमा भी दर्ज कराया गया।

सामूहिक विवाह कार्यक्रम में आरोपी अधिकारी सुनील कुमार यादव ने ग्राम पंचायत मानिकपुर से आर्चना, रंजना, सुमन को शामिल करवाया।

इसी तरह ग्राम पंचायत सुल्तानपुर से प्रियंका, सोनम, पूजा, सन्जू और रमिता का भी विवाह 25 जनवरी को संपन्न हुआ। इन सभी का सत्यापन सुनील कुमार द्वारा ही किया गया था। जांच में पता चला कि सन्जू का विवाह 3 साल पहले जबकि पूजा का विवाह एक साल पूर्व हो चुका है। इसके अतिरिक्त अर्चना, रंजना, सुमन, रमिता और प्रियंका का विवाह वर्ष 2023 में हो चुका है।

### नाटकीय सामूहिक शादी का वीडियो वायरल

**लखनऊ।** बलिया में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 545 जोड़ों की शादी हुई थी। जिसका एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में नाटकीयता साफ नजर आ रही है। बिना दूल्हा के दुल्हनों की शादी करा दी गई है। दुल्हनें खुद ही वरमाला डाल रही हैं। सामूहिक विवाह योजना में दोबारा लाभ लेने के लिए शादीशुदा दोबारा बैठ गए। कई के तो बच्चे भी हैं। वीडियो वायरल होते ही आनन-फानन मुकदमा दर्ज किया गया। डीएम रवींद्र कुमार के आदेश पर सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण सुनील कुमार यादव के अलावा अपात्र मिले लाभार्थी मानिकपुर की अर्चना, रंजना यादव, सुमन चौहान, सुल्तानपुर की प्रियंका, सोनम राजभर, पूजा, संजू, रमिता के खिलाफ 30 जनवरी को जालसाजी का मुकदमा मनियर थाने में दर्ज किया गया है। जांच में पता चला कि सोनम का विवाह तय ही नहीं है और उसे लाभार्थी के रूप में शामिल किया गया।

## राज्य में फिर कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक की नियुक्ति

**लखनऊ।** डीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार को उप्र का नया कार्यवाहक डीजीपी बनाया गया है। कार्यवाहक डीजीपी विजय कुमार के बुधवार को रिटायर होने के बाद उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके पास डीजी कानून-व्यवस्था के साथ डीजी आर्थिक अनुसंधान शाखा की जिम्मेदारी भी बनी रहेगी। वह 2020 से प्रदेश में कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। प्रशांत कुमार नियुक्ति के बाद वह मुख्यमंत्री से मिले। बाद में एक्स कर कहा कि उप्र पुलिस परिवार और प्रदेश के नागरिकों के साथ मिलकर विश्वास और सुरक्षा की नींव को मजबूत करते हुए माफिया-अपराधियों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। 1990 बैच के आईपीएस अफसर प्रशांत कुमार मूल रूप से बिहार (सीवान) के निवासी हैं। उनकी शिक्षा, बिहार और दिल्ली में हुई हैं।



- विजय कुमार के रिटायर होने के बाद प्रशांत कुमार को जिम्मेदारी

## एटीएस ने बांग्लादेशी को किया गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर।

- बांग्लादेशियों के फर्जी भारतीय दस्तावेज बनवाता था
- कानपुर रेलवे स्टेशन पर त्रिपुर सुंदरी एक्सप्रेस से दबोचा

**अमृत विचार।** देश में अवैध रूप से बांग्लादेशियों को बसाने वाले गैंग के एक और सदस्य मोहम्मद राशिद अहमद सरदार को एटीएस ने बांग्लादेश जाने से पहले बुधवार को कानपुर सेंट्रल स्टेशन से गिरफ्तार किया है। वह त्रिपुर सुंदरी एक्सप्रेस से अगरतला जा रहा था। वहां से बॉर्डर पारकर बांग्लादेश जाने वाला था। इससे पहले एटीएस ने दबोच लिया। उसके पास से तमाम संदिग्ध दस्तावेज बरामद हुए हैं।

विदेशी संस्थाओं से करोड़ों रुपये प्राप्त करके भारत में अवैध रूप से बांग्लादेशियों को बसाने वाले गैंग के अदिलुर रहमान असरफी निवासी ढाका, अबु हुरैरा, शेख नजीबुल हक निवासी 24 परगना साउथ, तानिया निवासी फिरोजपुर, इब्राहिम निवासी बांग्लादेश, अब्दुल निवासी असम और अबू सालेह को एटीएस पहले गिरफ्तार कर चुकी है। लक्ष्मीपुर चटगांव बांग्लादेश निवासी मोहम्मद राशिद अहमद सरदार बुधवार को पकड़ा गया। उसके पास से 6040 रुपये नकद, भारतीय आधार कार्ड (फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बनवाया गया), दारुल उलूम देवबंद मदरसे का आईडी कार्ड, एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। मो. राशिद ने बताया कि वह आठ साल पहले बांग्लादेशी पासपोर्ट से टूरिस्ट वीजा पर भारत आया था। यहां आने के बाद देवबंद स्थित मदरसा दारुल उलूम में अपना नाम पता बदलकर दाखिला लिया था। फिर फर्जी दस्तावेज के आधार पर प. बंगाल के पते का आधार कार्ड बनवा लिया था और वर्ष 2016 से देवबंद में ही रह रहा था। पहले गिरफ्तार हुए बांग्लादेशी शेख नजीबुल हक और अबु हुरैरा गाजी से उसके संबन्ध थे। उसने ही उनका फर्जी आधार कार्ड बनवाकर देवबंद में बसाया था।



मो. राशिद अहमद

## 29 के बाद पेटीएम को जमा और टॉपअप लेने से रोका

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड साधन, वॉलेट एवं फास्टैग आदि में 29 फरवरी, 2024 के बाद जमा या टॉप-अप स्वीकार करने से रोक दिया है। पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) के खिलाफ रिजर्व बैंक ने यह कदम व्यापक प्रणाली ऑडिट रिपोर्ट और बाहरी ऑडिटरों की अनुपालन सत्यापन रिपोर्ट के बाद उठाया है। आरबीआई ने बुधवार को इसकी जानकारी देते हुए कहा कि इन रिपोर्टों से भुगतान बैंक में लगातार नियमों के गैर-अनुपालन और सामग्री पर्यवेक्षण से जुड़ी चिंताएं सामने आईं। इसके बाद आगे की निरीक्षण कार्रवाई की जरूरत पड़ी। केंद्रीय बैंक ने कहा कि किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड माध्यम, वॉलेट, फास्टैग, एनसीएमसी कार्ड आदि में 29 फरवरी, 2024 के बाद किसी भी जमा या क्रेडिट लेनदेन या टॉप अप की अनुमति नहीं दी जाएगी। हालांकि किसी भी ब्याज, कैशबैक या रिफंड को कभी भी जमा किया जा सकता है।

## स्कूल फीस में राहत कोई वैधानिक अधिकार नहीं

**विधि संवाददाता, प्रयागराज, अमृत विचार।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सहोदर शुल्क योजना लाभ की प्रयोज्यता से संबंधित मुद्दे पर सुनवाई करते हुए अपने महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि छात्रों की फीस में स्कूल द्वारा दी गई राहत कुछ शर्तों के अधीन है। इसका अधिकार के रूप में दावा नहीं किया जा सकता है। इसके अलावा कोर्ट ने पक्षकारों को सौहार्दपूर्ण ढंग से विवाद सुलझाने का निर्देश दिया। कोर्ट ने आगे कहा कि क्योंकि शैक्षणिक सत्र 2023-24 खत्म होने वाला है, इसलिए इस सत्र में बच्चों को एडमिशन नहीं दिया जा सकता है, लेकिन कोर्ट ने स्कूल को अगले सत्र यानी 2024-25 में बच्चों को फिर से एडमिशन देने का निर्देश दिया है।

# सड़क हादसों में प्रतिदिन 65 लोग गंवाते हैं जान

नीरज मिश्र, लखनऊ

- वर्ष 2022 की तुलना में जनवरी से दिसंबर 2023 तक हादसों में 6.7 प्रतिशत का इजाफा
- 8 दुर्घटनाओं से हुई मौतों में 4.7 फीसद की बढ़ोतरी की गई दर्ज

**अमृत विचार :** लोगों को यातायात नियम समझाते-समझाते करीब एक दशक पूरा होने को है। लेकिन न तो दुर्घटनाओं का ग्राफ कम हुआ और न ही मौतों की संख्या में गिरावट आई। जागरूकता कार्यक्रमों की बाढ़ भी बीते दस वर्षों में आंकड़ा घटा पाने में नाकाम रही। परिवहन, यातायात, स्वास्थ्य, शिक्षा समेत तमाम एजेंसियों के समग्र प्रयास के दावे धरातल पर अपना असर नहीं छोड़ पा रहे हैं। साल 2023 के दौरान प्रदेश में जो हादसों और उनसे होने वाली मौतों का ग्राफ सामने आया है, वह चौंकाने वाला है। प्रदेश में बीते साल (2023) 23,652 लोगों की मौत हुई है। यानी प्रतिदिन 64.8 लोगों की जान सड़क हादसों में गई है। दुर्घटनाओं की संख्या में वर्ष 2022 की तुलना में इस साल 6.7 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। वहीं दुर्घटनाओं से हुई मौतों में 4.7 फीसद की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

**विंग के प्रयास :** वर्ष 2015 में सरकार ने रोड सेफ्टी विंग की स्थापना की थी। इसमें यातायात, पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा, लोक निर्माण, एनएचआई समेत कई विभागों को शामिल किया गया था। इस पूरी विंग को अपने-अपने कार्य क्षेत्रों में खामियां दूर कर समग्र प्रयास करना था। अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा पुष्पसेन सत्यार्थी ने बताया कि एक्सप्रेस-वे से संबंधित सभी जिम्मेदार एजेंसियों को सचेत किया गया है कि वे अपनी परिधि में लगातार वाहनों से पेट्रोलिंग करें। देखने में आता है कि इन सभी हाइवे पर बड़े वाहन खड़े रहते हैं। भारी वाहनों के लिए एक लेन सुनिश्चित कराने के लिए उच्च स्तरीय वार्ता कर एक अलग लेन तैयार कराई जाएगी।

### प्रदेश में जनवरी से दिसंबर तक घटित हादसे, उनसे हुई मौतें एवं घायलों की संख्या

| वर्ष | दुर्घटनाएं | मौत | घायल |
|---|---|---|---|
| 2022 | 41,746 | 22,595 | 28,541 |
| 2023 | 44,534 | 23,652 | 31,098 |

### 4-ई कांसेप्ट से आएगा सुधार

- इंजीनियरिंग-लोनिवि समेत विभिन्न एजेंसियां सड़क की खामियां दूर कर ब्लैक स्पॉट में सुधार, जागरूकता बोर्ड लगाना।
- एजूकेशन- स्कूलों में यातायात नियमों को पाठ्यक्रम में शामिल करा ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करना।
- इमरजेंसी केयर-हाइवे पर ट्रॉमा सेंटर बनाए जाने, दुर्घटना के बाद गोल्डेन आवर्स में घायल को समय से अस्पताल पहुंचाना और गुड सेमेस्टर तैयार करना।
- इन्फोर्समेंट (प्रवर्तन)- ट्रैफिक नियमों का पालन न करने वाले वाहनस्वामियों पर ठोस कार्रवाई करना। जुर्माना दरें बढ़ाई गई।

## डूंगरपुर प्रकरण : सपा नेता आजम खां समेत सातों आरोपी बरी

**रामपुर।** डूंगरपुर के एक मामले में एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट (सेशन ट्रायल) ने बुधवार को सपा नेता आजम खां व पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर खां समेत सभी आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। सपा शासनकाल के दौरान डूंगरपुर में आसरा आवास बनाए गए थे। इस जगह पहले से कुछ लोगों के मकान बने थे। सरकारी जमीन पर बताकर तीन फरवरी 2016 की सुबह मकानों को तोड़ दिया गया था। एक साल बाद प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी तो डूंगरपुर के लोगों ने जुलाई 2019 को गंज कोतवाली में मामले दर्ज कराए। आरोप था कि आजम खां के इशारे पर पुलिस और सपाइयों ने उनके घरों को जबरन खाली कराकर तोड़ दिया था।

## एक नजर

### बजट सत्र कल से, सर्वदलीय बैठक आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** विधानमंडल के बजट सत्र के लिए सर्वदलीय बैठक गुरुवार को होगी। इसके बाद कार्यमंत्रणा समिति की बैठक होगी। अगले दिन 2 फरवरी शुक्रवार से विधानमंडल का बजट सत्र शुरू होगा। 5 फरवरी को राज्य सरकार वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए उप्र. का बजट पेश करेगी। सभी मंत्रियों का पहली फरवरी को अयोध्या जाकर रामलला के दर्शन करने का कार्यक्रम पहले तय था, जिसे स्थगित कर दिया गया है। बजट सत्र की शुरुआत दोनों सदनों की संयुक्त बैठक के समक्ष राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के अभिभाषण से होगी। तीन फरवरी को शनिवार होने के बावजूद सदन की बैठक आहूत की जाएगी। उस दिन शोक प्रस्ताव के बाद सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी जाएगी। बीते दिनों शाहजहांपुर की ददरौल सीट से भाजपा के विधायक मानवेंद्र सिंह व बलरामपुर की गैसड़ी सीट से सपा विधायक डॉ. शिव प्रताप यादव का निधन हुआ था।

# 17 वरिष्ठ अधिकारियों को पीछे छोड़ प्रशांत की हुई ताजपोशी

## यूपी को चौथी बार भी नहीं मिला पूर्णकालिक डीजीपी, मुख्यमंत्री के भरोसेमंद अफसरों में सबसे ऊपर होने के कारण मिली जिम्मेदारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


प्रशांत कुमार

**अमृत विचार :** डीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार की उप्र के नये कार्यवाहक डीजीपी पद पर ताजपोशी 17 वरिष्ठ आईपीएस अफसरों को पीछे छोड़कर हुई है। हालांकि वरिष्ठता में सबसे ऊपर होने के बाद मुकुल गोयल इस पद के लिए दावेदार नहीं माने जा रहे थे। दरअसल, उन्हें पहले ही अयोग्य ठहराते हुए डीजीपी के पद से हटाया गया था। साथ ही फरवरी माह में ही वह रिटायर होने वाले हैं। वैसे अमृत विचार के नवम्बर और दिसम्बर और दो दिन पहले भी प्रकाशित खबर में यह साफ कर दिया था कि चौथी बार भी प्रदेश पुलिस का मुखिया कार्यवाहक होगा और वह प्रशांत कुमार होंगे।

दरअसल, वरिष्ठता क्रम में प्रशांत कुमार से ऊपर अफसरों में मुकुल गोयल के अलावा आनंद कुमार, शफी अहसान रिजवी, आशीष गुप्ता, आदित्य मिश्रा, पीवी रामाशास्त्री, संदीप सालुंके, दलजीत सिंह चौधरी, रेणुका मिश्रा, बिजय कुमार मौर्या, सत्य नारायन साबत, अविनाश चंद्रा, संजय एम. तरडे, एमके बशाल, तनूजा श्रीवास्तव, सुभाष चंद्रा हैं। इसमें शफी अहसान रिजवी का कैडर उप्र-उत्तराखंड में फंसा है, इसलिए वह भी इस पद के लिए अर्ह नहीं थे। आनंद कुमार, पिछली बार भी मजबूत दावेदारों में थे, लेकिन डीजी जेल के पद पर तैनाती के दौरान जेलों में भ्रष्टाचार की हुई शिकायतों की तपिश ने उनकी साख पर बट्टा लगा दिया था। लिहाजा ऐन मौके पर वह दौड़ से बाहर हो गए थे और विजय कुमार को जिम्मेदारी दे दी गई थी।


नए डीजीपी के लिए प्रशांत कुमार के पक्ष में जमीन तैयार
पद रिक्त न होते हुए भी डीपीसी में बना दिए गए डीजी, पूर्व के कई फैसलों से पक्ष दिख रहा मजबूत

29 जनवरी को अमृत विचार में प्रकाशित समाचार।

**पुलिस के मुखिया फिर कार्यवाहक :** प्रशांत कुमार की तैनाती के साथ देश के सबसे राज्य उप्र को चौथी बार भी पूर्णकालिक डीजीपी मिलने का रास्ता बंद हो गया। 11 मई 2022 को सरकार ने पूर्णकालिक डीजीपी मुकुल गोयल को अचानक हटा दिया था। उसके बाद से अभी तक देश के सबसे बड़े राज्य की पुलिस को उसका पूर्णकालिक डीजी नहीं मिल पाया है। गोयल के बाद सरकार ने डीएस चौहान को कार्यवाहक डीजीपी बनाया था। फिर 31 मार्च 2023 को चौहान के रिटायरमेंट के बाद आरके विश्वकर्मा कार्यवाहक डीजीपी बने। विश्वकर्मा के 30 मई को रिटायर होने के बाद विजय कुमार कार्यवाहक डीजीपी बनाए गए और 31 को उनकी सेवानिवृति के बाद प्रशांत कुमार को इस पद पर बैठाया गया है।

### वरिष्ठता सूची में हैं नीचे

प्रशांत कुमार वैसे तो 1990 बैच के अफसरों में वरिष्ठता सूची में काफी नीचे हैं, लेकिन मुख्यमंत्री के भरोसेमंद अफसरों में सबसे ऊपर होने के चलते उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई है। वैसे नए डीजीपी के लिए उनके पक्ष में जमीन पहले से ही तैयार की गई थी। मसलन, डीजी के नियमित 14 पद रिक्त न होने के बावजूद एक माह पहले ही डीपीसी के माध्यम से उन्हें डीजी बना दिया गया। पहले यह माना जा रहा था कि 31 जनवरी को विजय कुमार और डीजी एसके माथुर के सेवानिवृत्त होने के बाद खाली होने वाले पद के आधार पर वह एक फरवरी को डीजी बनेंगे। सूत्रों के मुताबिक, शायद यह माना गया कि एक ही दिन डीजी पद पर प्रमोशन और फिर डीजीपी पद पर तैनाती से संदेश कुछ ठीक नहीं जाएगा। इसके अलावा डीजीपी के ट्रांसफर-पोस्टिंग का अधिकार भी उन्हीं के पास पहले से ही था। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा और 26 जनवरी को देखते हुए प्रदेशभर के पुलिसकर्मियों के छुट्टी को लेकर आदेश भी इस बार प्रशांत कुमार के हस्ताक्षर से ही जारी हुए थे।

## कार्यवाहक डीजीपी की नियुक्ति पर अखिलेश ने उठाए सवाल



**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र में निरंतर चौथी बार कार्यवाहक डीजीपी की नियुक्ति किये जाने पर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने सवाल खड़े किये हैं। सपा प्रमुख ने बुधवार को ट्वीट कर कहा कि लगता है एक बार फिर उप्र को कार्यवाहक डीजीपी मिलने वाला है। जनता पूछ रही है कि हर बार कार्यवाहक डीजीपी बनाने का खेल दिल्ली-लखनऊ के झगड़े की वजह से हो रहा है या फिर अपराधियों के संग सत्ता की सांठगांठ के कारण। अखिलेश इससे पूर्व विधानसभा में भी कार्यवाहक उप्र. पुलिस के मुखिया को लेकर सरकार से सवाल पूछते रहे हैं।

# पूर्व की सरकारों में किसान करते थे आत्महत्या : योगी

## मुख्यमंत्री ने सीमैप में आयोजित किसान मेले को किया संबोधित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले की सरकारों में किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य नहीं मिल पाता था। संसद के हर सत्र में किसानों की आत्महत्या का मुद्दा उठता था। 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2022 तक किसानों की आमदनी दोगुनी करने का लक्ष्य रखा। कई योजनाएं शुरू कीं और किसानों को वैज्ञानिक शोध एवं इनोवेशन से जोड़ा। इसी का परिणाम है कि वर्ष 2018 से अन्नदाता किसानों को उनकी लागत का डेढ़ गुना दाम मिलना शुरू हुआ।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को पिकनिक स्पॉट रोड स्थित केन्द्रीय औषधि एवं सगन्ध पौधा संस्थान (सीमैप) द्वारा आयोजित किसान मेला की शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने उप्र. के किसानों को औषधीय खेती और बागवानी से भी जोड़ा है। उनके हर्बल प्रोडक्ट्स को प्रमोट कर रही है। इससे किसान अपने उत्पाद का कई गुना दाम प्राप्त कर रहा है। इस दौरान योगी ने मेले में लगी प्रदर्शनी में लगे स्टालों को देखा और किसानों से बातचीत भी की। मेले में 15 प्रदेशों से ज्यादा के चार हजार से ज्यादा किसान शामिल हुए। औषधीय पौधों की खेती करने वाले किसानों के लिए सीमैप एक एरोमा मिशन एप भी लांच करेगा, जो किसानों और इंडस्ट्री के बीच एक सेतु का काम करेगा। कार्यक्रम में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, सीएसआई-आर सीमैप के महानिदेशक डॉ. एन कलैसेल्वी समेत बड़ी संख्या में उप्र. के जिलों व विभिन्न प्रदेशों से आए किसान मौजूद रहे।


सीमैप द्वारा आयोजित किसान मेले के कार्यक्रम का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री योगी साथ में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही व मौजूद अन्य लोग। अमृत विचार

### प्रदेश में हैं 89 कृषि विज्ञान केंद्र

देश की 16 फीसदी आबादी उत्तर प्रदेश में रहती है। 11 फीसदी कृषि योग्य भूमि होने के बावजूद 22 फीसदी से अधिक खाद्यान्न का उत्पादन अकेले उत्तर प्रदेश करता है। उत्तर प्रदेश में 89 कृषि विज्ञान केंद्र हैं। चार राज्य कृषि विश्वविद्यालय हैं और पांचवां स्थापित होने जा रहा है। कृषि, बागवानी और आयुष से जुड़े ऐसे तमाम संस्थान उप्र. में मौजूद हैं।

### 4000 किसानों को राम मंदिर के दर्शन कराएगी सरकार

राजधानी में बुधवार को आयोजित किसान मेला में शामिल हुए सभी 4000 किसानों को राज्य सरकार राम मंदिर के दर्शन कराएगी। यह घोषणा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की है। मेले में 15 राज्यों के किसान भी शामिल हुए हैं। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर सीमैप द्वारा विकसित एरोमा एप का लोकार्पण भी किया।

# बोर्ड परीक्षा में अब नहीं चलेगी केंद्र व्यवस्थापकों की बहानेबाजी

## नकल रोकने, व्यवस्था बनाए रखने, प्रश्नपत्रों व उत्तर पुस्तिकाओं की सुरक्षा को लेकर दिया जा रहा प्रशिक्षण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षा को नकल विहीन संचालित करने में इस बार केंद्र व्यवस्थापकों की किसी भी तरह की बहानेबाजी नहीं चलेगी। वे तकनीकी रूप से प्रशिक्षित न होने का बहाना करके कॉपी, पेपर, कक्ष निरीक्षकों की तैनाती से लेकर सीसीटीवी कैमरा के खराब संचालन के मामले से बच निकलते थे। मगर, इसबार उन्हें मास्टर ट्रेनर के जरिए प्रशिक्षण देकर सरकार दक्ष बना रही है, ताकि नकल की कोई गुंजाइश न रहे। हालांकि परीक्षा के दौरान कैमरे की आडियो खराब

**केंद्र व्यवस्थापक पहले गड़बड़ी पकड़े जाने पर कहते थे, हमें किसी ने नहीं दी थी तकनीकी जानकारी**

बताकर नकल कराने के तमाम मामले सामने आते रहे हैं।

इस बार केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षाओं की समुचित व्यवस्था देखने के लिए मास्टर्स ट्रेनर्स के माध्यम से प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्हें परीक्षाओं से जुड़ी बारीक चीजों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि परीक्षा में किसी तरह की त्रुटि न हो। माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने बताया कि परीक्षाओं को नकलविहीन बनाने और बिना किसी त्रुटि के संपन्न कराने के लिए केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षाओं की व्यवस्था से संबंधित प्रशिक्षण देने का निर्णय किया गया है। प्रदेश के सभी 75 जनपदों में यह प्रशिक्षण चल रहा है। प्रत्येक जिले के लिए तीन मास्टर्स ट्रेनर्स की नियुक्ति की गई है, जो ऑडियो-वीडियो प्रेजेंटेशन के माध्यम से केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षाओं से संबंधित हर बारीक जानकारी मुहैया करा रहे हैं। इसमें उन्हें नकल रोकने, व्यवस्था बनाए रखने, प्रश्नपत्रों की सिक्योरिटी, उत्तर पुस्तिकाओं की देखरेख समेत अन्य सभी महत्वपूर्ण विषयों के बारे में प्रशिक्षित किया जा रहा है।

### कक्ष निरीक्षकों को मिलेगी कंप्यूटराइज्ड आईडी

नई व्यवस्थाओं के तहत पहली बार उत्तर पुस्तिकाओं में सुरक्षात्मक क्यूआर कोड, लोगो, कवर पेज पर उनकी कोडिंग की गई है, जबकि पेज नंबर के साथ-साथ इस बार पिछले वर्ष में उपयोग किए गए कलर्स से अलग चार कलर्स में इन्हें पब्लिश कराया गया है। इसके अलावा पहली बार कक्ष निरीक्षकों के लिए एक सुरक्षित क्यूआर कोड और क्रमांक युक्त कंप्यूटराइज्ड परिचय पत्र भी प्रदान किया जा रहा है।

### 8,265 केंद्रों पर 55 लाख से अधिक विद्यार्थी देंगे परीक्षा

बोर्ड की परीक्षाएं 22 फरवरी से शुरू हो रही हैं, जो 9 मार्च तक चलेंगी। इस बार हाईस्कूल में 29,47,325 और इंटरमीडिएट में 25,77,965 यानी कुल 55,25,290 विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। बोर्ड की ओर से प्रदेश भर में कुल 8265 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें राजकीय परीक्षा केंद्रों की संख्या 566 है, सवित्त परीक्षा केंद्र 3479 और वित्तविहीन 4220 परीक्षा केंद्र हैं।

# अखिलेश के करीबी नेता ने छोड़ी सपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के लोकसभा उम्मीदवारों की पहली सूची सामने आते ही मैनपुरी में पार्टी के नेता और उद्योगपति मनोज यादव ने पार्टी छोड़ने का एलान कर दिया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव के करीबी माने जाने वाले आरसीएल ग्रुप के चेयरमैन मनोज यादव ने मंगलवार को सपा से इस्तीफा दे दिया।

मनोज यादव ने पार्टी छोड़ते वक्त कहा कि सपा में पारिवारिक कलह अधिक है। इसके साथ ही उन्होंने स्थानीय स्तर पर नेताओं द्वारा एक दूसरे की टांग खींचने का

**मनोज यादव ने पार्टी में पारिवारिक कलह का लगाया आरोप, प्रधानमंत्री मोदी की सराहना**



आरोप लगाया है। मनोज ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। बिना किसी पक्षपात के काम किया जा रहा है। मनोज ने अभी खुलासा नहीं किया कि वे भाजपा में जाएंगे या नहीं। इससे पहले मंगलवार को ही पार्टी ने राज्य की 16 लोकसभा उम्मीदवारों की सूची में डिंपल यादव को मैनपुरी सीट पर उम्मीदवार घोषित किया है।

# एक आईएएस व 12 पीसीएस के तबादले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने बुधवार को एक आईएएस और 12 पीसीएस अफसरों का तबादला किया है। राज्य संपत्ति अधिकारी रहे वीके सिंह के डीएम बनाए जाने से खाली पद पर एलडीए के सचिव आईएएस पवन गंगवार को तैनात किया गया है। जबकि गाजियाबाद के एडीएम (वित्त/राजस्व) पीसीएस विवेक श्रीवास्तव को लखनऊ विकास प्राधिकरण का नया सचिव बनाया गया है। जबकि बेलपत्र बिक्री के मामले में काशी विश्वनाथ मंदिर के सीईओ सुनील वर्मा का तबादला हुआ है।

प्रदेश सरकार ने राज्य संपत्ति अधिकारी पर बुधवार को पहले लोक निर्माण विभाग के विशेष सचिव आईएएस अफसर विनोद कुमार का तबादला हुआ, लेकिन कुछ ही घंटे में इसे संशोधित करते हुए लखनऊ विकास प्राधिकरण के सचिव पवन गंगवार की तैनाती का आदेश जारी हुआ। विनोद अपने पद पर पूर्ववत बने रहेंगे। कुछ दिनों पहले काशी विश्वनाथ मंदिर में चढ़ाया गया बेलपत्र पांच-पांच रुपये में बेचने का मामला पकड़ा गया था। इस

**राज्य संपत्ति अधिकारी बने पवन गंगवार, विवेक श्रीवास्तव बने एलडीए के सचिव**

**काशी विश्वनाथ मंदिर के नए सीईओ विश्व भूषण, अयोध्या के सिटी मजिस्ट्रेट हटे**

बारे में काशी विश्वनाथ न्यास के अध्यक्ष तक को जानकारी नहीं थी। उन्होंने इसके लिए मंदिर प्रबंधन के अधिकारियों पर निशाना साधा और नाराजगी जताई थी। इसे लेकर विरोध-प्रदर्शन और पोस्टरबाजी भी हुई थी। माना जा रहा है कि इसी बात को लेकर 2020 से सीईओ तैनात 2011 बैच के पीसीएस अफसर सुनील वर्मा को हटाया गया है। उन्हें वाराणसी में ही अपर आयुक्त बनाया गया है। जबकि वाराणसी के अपर आयुक्त पीसीएस विश्व भूषण मिश्रा को काशी विश्वनाथ मंदिर का नया सीईओ व वाराणसी विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष बनाया गया है।

शासन ने सिटी मजिस्ट्रेट मऊ रहे पीसीएस राजेश सिंह का तबादला प्रयागराज के एडीएम (वित्त/राजस्व) पद करके प्रोन्नति दी है। जबकि इस पद तैनात पीसीएस जग प्रसाद को अपर आयुक्त प्रयागराज मंडल बनाया गया है। एसडीएम प्रयागराज पीसीएस राजेश कुमार श्रीवास्तव को ललितपुर में एडीएम नमामि गंगे ग्रामीण जलापूर्ति बनाया गया है। प्रयागराज में एसडीएम रहे पीसीएस अजीत कुमार जायसवाल को सिटी मजिस्ट्रेट जालौन बनाया गया है। मिर्जापुर से सिटी मजिस्ट्रेट पीसीएस विनय कुमार सिंह द्वितीय को प्रयागराज का एडीएम बनाया गया है।

पीसीएस दिनेश कुमार को सिटी मजिस्ट्रेट जालौन से एडीएम (वि/रा) गाजीपुर बनाया गया है। पीसीएस संजय कुमार को उप जिलाधिकारी बिजनौर से सिटी मजिस्ट्रेट फर्रूखाबाद बनाया गया है। पीसीएस अरविंद कुमार द्विवेदी को सिटी मजिस्ट्रेट अयोध्या से मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण का सचिव बनाया गया है, जबकि यहां सचिव रहे राजेश कुमार चतुर्थ को गाजियाबाद का एडीएम बनाया गया है। आगरा में सिटी मजिस्ट्रेट पीसीएस आंनद कुमार सिंह को मेरठ विकास प्राधिकरण का नया सचिव बनाया गया है। गाजियाबाद में सिटी मजिस्ट्रेट पीसीएस शुभांगी शुक्ला को एडीएम (वित्त/राजस्व) बनाया गया है।

## सार-संक्षेप


राजभवन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से प्रदेश की महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य ने शिष्टाचार भेंट की। अमृत विचार

### ए प्लस ग्रेड मिलने पर बुंदेलखंड विवि सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बुधवार को राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में 'ए' प्लस ग्रेड मिलने पर बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी को सम्मानित किया। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मुकेश पांडेय व नैक तैयारी के लिए गठित विश्वविद्यालय की टीम के सभी सदस्यों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया।

### 8.66 करोड़ बच्चों को आज खिलाई जाएगी एलबेंडाजाल

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (एक फरवरी) पर गुरुवार को 66 जिलों में कृमि मुक्ति या पेट के कीड़े समाप्त करने की दवा एलबेंडाजाल खिलाई जाएगी। शेष जिलों में फाइलेरिया उन्मूलन के तहत सर्वजन दवा सेवन अभियान में 10 फरवरी से एलबेंडाजाल खिलाई जाएगी। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के महाप्रबंधक डॉ मनोज शुक्ल ने बुधवार को बताया कि कृमि मुक्ति अभियान के तहत एक वर्ष से 19 वर्ष तक के राज्य के 8.66 करोड़, बच्चों एवं किशोर किशोरियों को एलबेंडाजाल खिलाने का लक्ष्य तय किया गया है। जिलों में आंगनबाड़ी कार्यकत्री के सहयोग से एक वर्ष से पांच वर्ष तक के पंजीकृत बच्चों और 6 से 19 साल तक के स्कूल नहीं जाने वाले बालक-बालिकाओं को दवा खिलाई जाएगी।

### निर्माण में अनियमितता का वीडियो वायरल, होगी जांच

**अमृत विचार, लखनऊ :** उन्नाव में नवनिर्माणाधीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण में अनियमितता बरतने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बुधवार को वीडियो का संज्ञान लेते हुए आरोपों की जांच के निर्देश दिये हैं। जिसके बाद इंजीनियर के नेतृत्व में तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित कर दी गई है। जांच कमेटी एक सप्ताह में जांच कर रिपोर्ट शासन को सौंपेगी।

### आठ सरकारी मेडिकल कॉलेजों में 275 शिक्षकों की होगी भर्ती

**अमृत विचार, लखनऊ :** आगामी सत्र में एमबीबीएस सत्र शुरू करने के लिए राज्य के नवस्थापित आठ स्वशासी राजकीय मेडिकल कॉलेजों में 275 शिक्षकों की नियुक्ति होंगी। इसके लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा इन आठ कॉलेजों में आचार्य, सह आचार्य व सहायक आचार्य की नियुक्ति के लिए आवेदन मांगे गए हैं। आवेदन के लिए न्यूनतम 26 से 65 साल तक आयु के चिकित्सक अन्य शर्तों का अनुपालन करते हुए संबन्धित कॉलेज के विज्ञापन में निर्धारित तिथि के अंदर आवेदन कर सकते हैं। मालूम हो कि औरैया में 38, महात्मा विदुर राजकीय मेडिकल कॉलेज, बिजनौर में 25, कानपुर देहात में 32, कौशाम्बी में 39, कुशीनगर में 32, पीलीभीत में 32, सोनभद्र में 40 व सुल्तानपुर मेडिकल कॉलेजों में आयार्च, सह आचार्य व सहायक आचार्य के 37 पदों पर भर्ती होनी है। इनमें आचार्य पद के कुल 48, सह आचार्य के 125 और सहायक आचार्य के 102 पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन मांगे गए हैं।

### आलोक श्रीवास्तव बने कायस्थ संघ के प्रदेश समन्वयक



**अमृत विचार, लखनऊ :** कायस्थ संघ (अंतरराष्ट्रीय) ने उप्र में आलोक श्रीवास्तव को समन्वयक नियुक्त किया है। यह नियुक्ति कायस्थ संघ के अध्यक्ष दिनेश खरे ने बुधवार को संघ की आम सभा बैठक में सर्वसम्मति से लिया है। नवनियुक्त समन्वयक आलोक श्रीवास्तव पत्रकारिता व समाजसेवा के क्षेत्र से सेवाएं दे रहे हैं।

# लोस चुनाव को लेकर कांग्रेस में टिकट वितरण पर हुआ मंथन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी की ओर से लोकसभा प्रत्याशियों के लिए 16 टिकट घोषित करने के बाद प्रदेश कांग्रेस में भी टिकट वितरण पर मंथन शुरू हो गया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय की अध्यक्षता में बुधवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में हुई बैठक में टिकट वितरण को लेकर चर्चा हुई। इस बीच, लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर पार्टी मुख्यालय में 'वार रूम' बनाया गया है।

बैठक में 2009 में जीती गईं सीटों के साथ ही, लखनऊ व पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सीटों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में प्रदेश में शीघ्र प्रवेश करने वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर भी चर्चा हुई। प्रदेश प्रभारी ने यात्रा को सफल बनाने पर जोर दिया। कांग्रेस के प्रवक्ता डॉ. सीपी राय ने बताया कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सफल बनाने के लिए पूर्व सांसद पीएल पुनिया को संयोजक व नेता विधानमंडल दल आराधना मिश्रा 'मोना' को सह संयोजक बनाया गया है। इसके साथ ही, 'ज्योत से ज्योत जगाते चलो' कार्यक्रम के लिए प्रदेश कोषाध्यक्ष शिव पांडेय को प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया गया है।

**प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में बनाया गया वार रूम**

# घूसखोरी में ईपीएफओ के दो अधिकारी समेत तीन भेजे गए जेल

**अमृत विचार, लखनऊ :** घूसखोरी में सीबीआई के हत्थे चढ़े भविष्य निधि प्रशासन (ईपीएफओ) के सहायक भविष्य निधि आयुक्त, प्रवर्तन अधिकारी तथा दलाल (मध्यस्थ) जेल भेजे गए। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने एक शिकायत के आधार पर मंगलवार को जाल बिछाया तथा आरोपी प्रवर्तन अधिकारी पुनीत सिंह और मध्यस्थ मनीष सिंह को 8 लाख रुपये घूस लेते गिरफ्तार कर लिया। सीबीआई के अनुसार, रिश्वत धनराशि कथित तौर पर सहायक भविष्य निधि आयुक्त, ईपीएफओ, लखनऊ के लिए ली गई थी, इसलिए सहायक भविष्य निधि आयुक्त ज्ञानेंद्र कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया गया था। बुधवार को सीबीआई कोर्ट के विशेष न्यायाधीश, लखनऊ के समक्ष पेश किया।

# तिलोत्तमा वर्मा और राजीव कृष्णा बने डीजी

**अमृत विचार, लखनऊ :** कार्यवाहक डीजीपी विजय कुमार और डीजी मानवाधिकार एसके माथुर बुधवार को सेवानिवृत्त हो गए। डीजी स्तर के इन दोनों अफसरों की सेवानिवृत्ति से एडीजी स्तर के दो अफसरों को प्रोन्नति मिल गई है। इसमें एडीजी तिलोत्तमा वर्मा और एडीजी राजीव कृष्णा हैं। राजीव कृष्णा केन्द्र के लिए एमपैनल्ड हो चुके हैं। 1990 बैच की आईपीएस अफसर एडीजी तिलोत्तमा वर्मा, पुलिस प्रशिक्षण तथा 1991 बैच के एडीजी राजीव कृष्णा, विजिलेंस में तैनात हैं। कार्यवाहक डीजीपी बनाए गए प्रशांत कुमार का एक माह पहले ही डीपीसी में डीजी पद पर प्रमोशन हो गया था। लिहाजा डीजी के दो पद खाली होने से इस बार राजीव कृष्णा को लाभ मिल गया।

# बिजली उपभोक्ताओं के आवासों पर एसी चिन्हित करने का प्रस्ताव वापस

**अमृत विचार, लखनऊ :** बिजली उपभोक्ताओं के आवासों पर लगे एसी को चिन्हित करने व इससे बिलिंग डेटा में शामिल किये जाने का प्रस्ताव वापस हो गया है। उत्तर प्रदेश राज्य उपभोक्ता परिषद के विरोध पर प्रस्ताव वापस लिया गया है। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के निदेशक वाणिज्य योगेश कुमार ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के निदेशक आईटी को प्रस्ताव भेजा था। प्रस्ताव में कहा गया था कि शहरों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में एसी का इस्तेमाल हो रहा है। बिलिंग डाटा में एसी का इस्तेमाल चिन्हित होने से राजस्व वसूली में बढ़ोतरी हो सकेगी। उपभोक्ता परिषद के अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि मध्यांचल विद्युत वितरण निगम 'बैकफुट' पर आ गया है। निगम के निदेशक वाणिज्य ने उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत नियामक आयोग के निर्देशों के तहत कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

NATIONAL AGRICULTURAL COOPERATIVE MARKETING FEDERATION OF INDIA LIMITED (NAFED)

nafed A Farmers' Cooperative ...Since 1958




NAFED's BHARAT ATTA

NAFED has commenced the sale of NAFED's Bharat Atta, Whole Wheat Flour @ Rs. 27.50/kg under Open Market Sale Scheme (Domestic) of GoI. NAFED's Bharat Atta is available in various pack sizes. Interested buyers may visit the following locations for purchase of NAFED's Bharat Atta:

AVAILABLE AT: SAVARIA INDUSTRIES PVT LTD

Unit at: B3, UPSIDC, Industrial Area, Phase-1, Lucknow - Hardoi Road, Sandila, Hardoi - 241127 (U.P.) India

ALSO AVAILABLE THROUGH MOBILE VANS IN FOLLOWING DISTRICTS BARABANKI, HARDOI, LUCKNOW

State Head: Uttar Pradesh

Address: Nafed Warehousing Complex, Beside Fire Station Chatha Meel (6th Mile Chaurah, Sitapur Road, Lucknow -226021(U.P.)

SHIVENDRA'S ORTHO CLINIC
शिवेन्द्र ऑर्थो क्लीनिक
A UNIT OF HAMATE POLYCLINIC
जोड़ प्रत्यारोपड़ सर्जरी, स्पोर्ट्स इंजरी, फ्रेक्चर उपचार, ट्रामा सर्जरी, स्पाइन सर्जरी और कंधे का जाम हो जाना, फिजिओथेरपी, अस्थि ट्यूमर उपचार, समस्त हड्डी और जोड़ रोग उपचार
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व पंडित दीनदयाल योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा
हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | पूर्व (AIIMS) जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
अत्याधुनिक विधि द्वारा दर्द रहित इलाज
क्या आप जोड़ों के दर्द से हैं परेशान?
आज ही सम्पर्क करें हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
WE CARE YOUR BONES & JOINTS
8,000 से अधिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी का अनुभव
20 वर्षों से अधिक अनुभव
डॉ. शिवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
MBBS, M.S, Mch (Ortho)
Joint Replacement & ADV. trauma Surgeon
Fellow in Primary & Revision Joint Replacement (USA)
ए-733, कन्वेंशन सेंटर के पास, इंदिरा नगर लखनऊ,
फोनः 0522-3545321, 9839330666
Timings:-
Morning : 11am-2pm,
Evening : 5pm-8:30pm
24x7 Emergency

## शहर में आज

- संगीत नाटक अकादमी, गोमतीनगर में संस्था गौरैया संस्कृति संस्थान की कार्यशाला- 11:00 बजे।
- सेन्टीनियल इंटर कालेज, गोलागंज में उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ लखनऊ की नवनिर्वाचित जिला कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह-2:30 बजे।
- उत्तर प्रदेश प्रेस क्लब में 44वां युवा रचनाकार दिवस एवं सम्मान समारोह-2024 का आयोजन- 4.00 बजे।

## एक नजर

### नगर निगम सदन की बैठक टली

अमृत विचार, लखनऊ : नगर निगम सदन की पहली फरवरी को प्रस्तावित बैठक टल गई है। जानकारी के अनुसार लोकसभा बजट सत्र के चलते बैठक स्थगित की गई है। महापौर सुषमा खर्कवाल द्वारा बैठक की अगली तिथि निर्धारित की जाएगी। सदन में नगर निगम कार्यकारिणी बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पास हुए बजट को स्वीकृति प्रदान की जाएगी।

### अतिक्रमण के नाम पर घरों की बालकनी व छज्जे तोड़े

अमृत विचार, लखनऊ : जानकीपुरम योजना के सेक्टर छह स्थित सुलभ आवास योजना में लखनऊ विकास प्राधिकरण के अभियंत्रण विभाग की टीम ने अतिक्रमण के नाम पर लोगों के घरों की बालकनी, बाउंड्रीवाल और छज्जे तोड़ दिए। अवैध निर्माण की शिकायत मिलने पर अभियंत्रण जोन पांच के अभियंताओं ने मंगलवार को कालोनी में अभियान चलाया था। शिकायत मिली थी कि क्षेत्रीय निवासियों ने घरों के आगे टीन शेड डालकर अतिक्रमण कर लिया है। क्षेत्रीय निवासियों का आरोप है कि झूठी शिकायत पर एलडीए ने अतिक्रमण के नाम पर उनकी बालकनी, बाउंड्री और छज्जे तक तोड़ दिए। अपनी बालकनी में सुरक्षा के लिए लोगों ने जो ग्रिल और मच्छर वाली जाली लगाई थी उसे भी एलडीए के अभियंताओं ने उखाड़ दिया। कुछ लोगों की दीवारों में भी दरारें आ गयीं। लोगों का कहना है कि घरों में नहीं थे उस दौरान एलडीए ने यह कार्रवाई की।

# मनमानी करने वाले ई-रिक्शा चालकों पर आज से चलेगा पुलिस का डंडा

- 40 हजार में से महज 9 हजार ही जमा हुए सत्यापन फॉर्म
- 1 से 7 फरवरी तक पुलिस का चलेगा अभियान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



हजरतगंज जोन में प्रतिबंधित होने के बावजूद चल रहे ई-रिक्शा चालकों को पकड़कर यातायात पुलिस ने दिखाई सख्ती। अमृत विचार

अमृत विचारः राजधानी की यातायात व्यवस्था को चौपट कर रहे ई-रिक्शा पर लगाम कसने के लिए लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट चालकों का सत्यापन करा रही है ताकि शहर में व्यवस्थित ढंग से ई-रिक्शे का रूट निर्धारित किया जा सके। इसके लिए पुलिस ने 31 जनवरी तक अंतिम तिथि तय की थी।

पुलिस अब 1 से 7 फरवरी तक ई-रिक्शा को लेकर विशेष अभियान चलाने जा रही है। विशेष अभियान के तहत ई-रिक्शा चालक बगैर सत्यापन के पकड़ा गया तो उससे दो हजार रुपये का जुर्माना वसूला जाएगा। इसके साथ ही उसे अगले एक सप्ताह के भीतर सत्यापन कराना आवश्यक होगा। अन्यथा उसे अपने ई-रिक्शे से भी हाथ धोना पड़ सकता है।

**सड़कों पर दौड़ रहे 50 हजार ई-रिक्शा**

दरअसल, संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था उपेंद्र अग्रवाल ने बताया कि राजधानी में जाम और हादसों के मुख्य तीन कारण सामने आए हैं। सर्वप्रथम ई-रिक्शा, पटरी दुकानदार और फिर शहर के बीच होकर गुजरने वाली परिवहन निगम की बसें होती हैं, लेकिन इन तीनों में भी सबसे बड़ा कारण ई-रिक्शा संचालन है। इन तीनों ही कारणों से शहर की यातायात व्यवस्था अक्सर चरमराई रहती है। आंकड़ों के मुताबिक, शहर में तकरीबन 50 हजार ई-रिक्शा सुबह से लेकर शाम तक सड़कों पर दौड़ते हैं। जिससे जाम लगने की संभावना अधिक हो जाती है। इसकी वजह से आए दिन सड़क हादसे भी होते रहते हैं। अगर इन बेलगाम ई रिक्शा पर लगा दिया जाए तो शायद हादसों पर नियंत्रण पाया जा सकता है।

**दिया गया निशुल्क फॉर्म**

संयुक्त पुलिस आयुक्त ने बताया कि पुलिस एक्ट की अलग-अलग धाराओं में एक जनवरी 2024 से नई व्यवस्थाएं लागू की गई थीं। इसके तहत 31 जनवरी तक शहर के सभी ई-रिक्शा चालकों को पुलिस से अपना सत्यापन कराना था। इसके लिए 1 से 10 जनवरी तक थानों में निशुल्क फार्म दिया गया है। तकरीबन 39,400 फॉर्म बांटे गए हैं। जिसे चालकों को भरकर शहर के किसी भी थाने में जमा करना था, लेकिन अब तक करीब 9 हजार फॉर्म ही जमा कराए गए हैं। ऐसे में अब विशेष अभियान चलाया जाएगा।

# लगा जाम, यातायात व्यवस्था धड़ाम



डीएवी कॉलेज के सामने सड़क पर लगा लंबा जाम, परेशान हुए वाहन सवार। अमृत विचार

- ऐशबाग इलाके में जगह-जगह रही जाम की स्थिति
- जाम लगने से करीब एक किमी तक वाहनों की लगी कतार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः ट्रैफिक महकमे की लाख कवायदों के बाद भी राजधानी की यातायात व्यवस्थाएं सुधर नहीं रही हैं। हर दिन किसी न किसी इलाके में जाम की स्थिति बनी रहती है। जाम में फंसे वाहन चालक और उनमें सवार लोग घंटों परेशान होते हैं। हाल फिलहाल लोगों को जाम की समस्या से निजात मिलता नहीं दिख रहा।

शहर में बुधवार दोपहर ऐशबाग इलाके में जगह-जगह जाम की स्थित रही। डीएवी कॉलेज के सामने जाम लगने से करीब एक किमी तक वाहनों की कतार लग गई। यहां पर करीब एक घंटे जाम की स्थिति बनी रही। इसी तरह चारबाग इलाके में टेंपो और ई-रिक्शा चालक सवारियां बिठाने के लिए बीच सड़क तक वाहन खड़े करते रहे। इससे दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। इसके बाद भी ट्रैफिक पुलिसकर्मी मनमानी करने वाले आटो व ई-रिक्शा चालकों को नजर अंदाज करते दिखे।

कैसरबाग इलाके में रोडवेज बस अड्डा और कचहरी रोड पर रोज की तरह ही बुधवार को भी लगातार जाम की स्थिति बनी रही। यहां चौराहों पर खड़े ट्रैफिक कर्मी मुस्तैद नजर आये, लेकिन जाम की स्थित से निजात मिलती नहीं दिखी। इसी तरह हजरतगंज चौराहा के आसपास के इलाके में भी रोज की तरह ही जाम की स्थिति बनी रही।

# हफ्ते भर में दो गोवंशों पर जंगली जानवर का हमला

- बाघ या तेंदुए की आशंका पर ग्रामीणों में दहशत, मलिहाबाद इलाके का मामला
- वन विभाग टीम जंगली जानवर के पदचिन्हों को कर रही चिन्हित

संवाददाता, मलिहाबाद

अमृत विचार : मलिहाबाद तहसील के माल क्षेत्र में जंगली जानवर की दहशत बरकरार है। हफ्ते भर के भीतर जंगली जानवर ने दो गोवंशों को निवाला बना लिया। ग्रामीण बाघ या तेंदुआ का कयास लगा रहे हैं। वहीं, घटनास्थल पर पहुंचकर वन कर्मियों ने पदचिन्हों का जायजा लिया।

गौरतलब है कि 24 जनवरी को पतौना गांव निवासी नाहर प्रसाद घर के बाहर खूंटे से बंधी गाय पर किसी वन्य जानवर ने हमला कर दिया था। जिसमें वन्यजीव ने गाय को मौत के घाट उतार दिया था। इस घटना के ठीक कुछ दिन बाद आठ किलोमीटर की दूरी गंगाखेड़ा गांव में कुलदीप सिंह की गाय को वन्यजीव ने मौत के घाट उतार दिया। इस सम्बन्ध में डिप्टी रेंजर आलोक तिवारी का कहना है कि गाय पर लकड़बग्घे ने हमला किया है। जो पगमार्क दिखाए जा रहे हैं वह कई दिन पुराने हैं। सूत्रों की मानें तों, दो जनवरी को कोलवा गांव के समीप नदी किनारे ग्रामीणों ने तेंदुए को देखा था। उस वक्त भी वनविभाग ने ग्रामीणों की बात को निराधार बताया था। फिलहाल वन विभाग की ओर से ग्रामीणों को हिदायत दी गई है कि पालतू जानवरों को रात में बाहर न रखें।

# अवैध निर्माण और मांस की दुकानें हवाई अड्डे के लिए खतरा

- ईएमसी की बैठक में प्रमुख मुद्दों पर हुई चर्चा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के चारों ओर अवैध निर्माण और मांस की दुकानें खतरा बन रही हैं। इनसे पक्षी और वन्यजीव हवाई अड्डे की ओर आकर्षित होते हैं। जो दुर्घटना का कारण बन सकती है। हवाई अड्डे की टीम ने मंगलवार को जिला प्रशासन और हवाई अड्डा पर्यावरण प्रबंधन समिति (ईएमसी) की बैठक हुई।

बैठक की अध्यक्षता डॉ. रोशन जैकब और अपर आयुक्त प्रशासन रण विजय यादव ने की। जिसमें हवाई अड्डे के चारों ओर अवैध निर्माण, अवैध मांस की दुकानें, हवाई यातायात में बाधा डालने वाले पेड़ और इमारतें, आस-पास पानी का ठहराव, कचरे आदि मुद्दों पर चर्चा हुई। हवाई अड्डे के प्रवक्ता ने कहा कि हवाई अड्डा जिला प्रशासन के साथ वन विभाग, एलडीए और पुलिस के निरंतर समर्थन का आभारी है और लंबित समस्याओं का हल करने का अनुरोध करते हैं। उन्होंने हवाई अड्डे के अंदर और सीटी साइड में बरसाती नाले के निर्माण के बारे में जानकारी दी। साथ ही इसे शहर के मुख्य नाले से जोड़ने के लिए प्रशासन से सहयोग मांगा। बैठक में लखनऊ हवाई अड्डा, नागरिक उड्डयन महानिदेशक, भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण, एटीसी, एयरलाइंस के प्रतिनिधि, राजस्व विभाग, लखनऊ विकास प्राधिकरण, यूपी पुलिस और यूपी राज्य वन विभाग के अधिकारी शामिल हुए।

**यात्री के हैंडबैग से कारतूस बरामद**

अमृत विचार, सरोजनीनगर : सरोजनीनगर स्थित चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर तैनात सीआईएसएफ कर्मियों ने बुधवार को जांच के दौरान एक यात्री के हैंडबैग से जिन्दा कारतूस बरामद किया। पूछताछ के दौरान यात्री सुरक्षा कर्मियों को शस्त्र का लाइसेंस नहीं दिखा सका। जिसके बाद सुरक्षा कर्मियों ने उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए सरोजनीनगर पुलिस के हवाले कर दिया। यात्री सुल्तानपुर जिले के हसनपुर-बहलोलपुर का रहने वाला नौशाद अली है।

# प्रोन्नति मिली और अगले दिन ही सेवानिवृत्त हो गए तीन डॉक्टर

- स्वास्थ्य विभाग में सशर्त अधिवर्षता आयु बढ़ने से बना अनिश्चितता का माहौल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : स्वास्थ्य विभाग में मंगलवार को डॉक्टरों को मिलने वाली प्रोन्नति में तीन डॉक्टरों की बुधवार को सेवानिवृत्ति तय हो गई। इन डॉक्टरों में बलरामपुर अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.अतुल मेहरोत्रा हैं, जिन्हें बुधवार को शासकीय नियमों के अनुसार पद छोड़ना था, को विदाई मिल गई।

दरअसल, सरकारी डॉक्टरों की अधिवर्षता आयु 65 साल सशर्त बढ़ाई गई है, नए नियमों में 62 साल के बाद ग्रेड चार तक के डॉक्टर 65 साल तक चिकित्सकीय सेवाएं तो देंगे मगर प्रशासनिक पदों पर सेवाएं नहीं दे सकेंगे। विभाग में ग्रेड पांच व अन्य ऊपरी ग्रेड में सभी पद प्रशासनिक पद हैं, इसलिए ग्रेड पांच के डॉक्टरों को 62 साल में ही अनिवार्य सेवानिवृत्त देने का प्रावधान है। मंगलवार को ग्रेड चार से ग्रेड पांच में 44 डॉक्टरों को प्रोन्नति मिली है। इनमें से अतुल मेहरोत्रा के अलावा, परिवार कल्याण विभाग में कार्यरत डॉ.मंजू रानी और डॉ.सुमाता तालीब, ग्रेड चार में होने की वजह से 62 साल के बाद भी सेवाएं जारी रखने का मन बना चुकी थीं, मगर एक दिन पहले ग्रेड पांच में पहुंचने से सेवानिवृत्ति मिल गई। यही वजह है कि पेंशन समेत अन्य देय भुगतान के बगैर रिटायर होना पड़ा। जबकि कर्मचारियों को सेवानिवृत्त के दिन पेंशन निर्धारण के साथ समस्त देय भुगतान करने का आदेश है।

# बुजुर्ग का 10 दिन पुराना शव मिला

- अमेरिका से आया भांजा, काफी देर तक खटखटाता रहा दरवाजा
- अंदर से प्रतिक्रिया न मिलने पर पुलिस को दी सूचना

संवाददाता, ठाकुरगंज

अमृत विचार : ठाकुरगंज थानाक्षेत्र अंतर्गत मुफ्तीगंज में घर के किचन में आलिम हुसैन (60) का शव मिला। बता दें कि आलिम हुसैन से मिलने पहुंचा भांजा काफी देर तक दरवाजा खटखटाता रहा। भीतर से प्रतिक्रिया न मिलने पर उसने पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो किचन में आलिम का शव मिला।

महानगर शालीमार गैलेंट अपार्टमेंट निवासी अरशद रिजवी अमेरिका में रहते हैं। मंगलवार को ही वह मां शमा के साथ लौटे थे। सुबह वह मामा आलिम के मुफ्तीगंज स्थित घर पहुंचे। अरशद के मुताबिक पुश्तैनी जमीन बेच कर मिले रुपयों से आलिम का खर्च चलता था। परिवार के सदस्यों से आलिम ने सम्पर्क खत्म कर दिया था। कभी-कभी भांजे अरशद से ही फोन पर बात होती थी। इंस्पेक्टर श्रीकांत राय के मुताबिक शुरुआती पड़ताल में शव करीब 10 दिन पुराना होने की बात सामने आई है। इंस्पेक्टर के मुताबिक किचन में रोटी सेंकने के लिए माढ़ा गया आटा भी रखा हुआ था। ऐसे में अंदेशा है कि बीमारी के चलते आलिम की मौत हुई है। वहीं, पड़ोसियों ने बताया कि आलिम हुसैन 15 दिन से किसी को नजर नहीं आए थे। अक्सर वह घर में ही रहते थे। पड़ोसियों से भी कोई सम्पर्क नहीं था।

## डेढ़ दर्जन उड़ानें देरी से पहुंचीं एक विमान को किया डायवर्ट

अमृत विचार, सरोजनीनगर : मौसम खराब होने के कारण बुधवार को मुंबई से चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट आने वाली एक उड़ान को जहां दिल्ली डायवर्ट कर दिया गया, वहीं तकरीबन डेढ़ दर्जन उड़ानें लेट रहीं। इसकी वजह से यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट से मस्कट जाने वाली सलाम एयर की उडान (डब्लूवाई-266) 6:55 बजे के बजाय 9:43 बजे, एयर इण्डिया एक्सप्रेस की दिल्ली जाने वाली उड़ान (आई-5552) 8:35 बजे के बजाय 9:24 बजे, इण्डिगो की इलाहाबाद जाने वाली उड़ान(6ई-7935) 8:50 बजे के बजाय 9:53 बजे, एयर इण्डिया की दिल्ली जाने वाली उड़ान (एआई-412) 9:00 बजे के बजाय 10:23 बजे, गुवाहाटी जाने वाली इण्डिगो की उड़ान (6ई-146) 9:05 बजे के बजाए 13:24 बजे पहुंची, वहीं कई अन्य उड़ानें भी देर से पहुंच सकीं।

# न्यूनतम तापमान 10 डिग्री, बारिश का अलर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



बुधवार को खिली धूप के बीच प्राणि उद्यान में खुशनुमा मौसम का आनंद लेते लोग। अमृत विचार

अमृत विचार : जनवरी माह के अंतिम तीन दिन आमजन के लिए राहत भरे रहे। बुधवार को न्यूनतम तापमान बढ़कर 10 डिग्री पहुंच गया। मौसम विभाग ने आकाशीय बिजली व बारिश का अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग की ओर से मौसम में आने वाले दिनों में एक बार फिर परिवर्तन की संभावना जताई गई है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. एके सिंह के अनुसार, बुधवार को लखनऊ का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री के करीब रिकार्ड किया गया। गुरुवार को बारिश के आसार हैं। रात और दिन के तापमान में गिरावट आ सकती है। शुक्रवार को मौसम ठीक रहने का अनुमान है लेकिन उसके अगले दिन मौसम फिर बिगड़ सकता है।

**चल सकती हैं ठंडी हवाएं:** मौसम के बारे में अनुमान है कि लखनऊ के निकट कुछ जनपदों में कोहरा छाया रह सकता है। 30-40 किमी की रफ्तार ठंडक को बढ़ा सकती है। ऐसे में मौसम विभाग ने सतर्कता बरतने की सलाह दी है।

**गलन ने बरेली को अधिक ठिठुराया :** मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि जनवरी माह में सबसे अधिक ठंडे दिन बरेली जनपद में रहे। इस क्रम में दूसरा जनपद बिजनौर रहा। वहीं मुजफ्फरनगर जनपद का स्थान तीसरा रहा। लखीमपुर खीरी और सीतापुर जनपद भी अगली कड़ी में शामिल हुए।

## 400 कर्मचारियों का वेतन रुकने से रोष

अमृत विचार : स्मारक संरक्षण समिति के कर्मचारी विभिन्न मांगों को लेकर पिछले 45 दिनों से ईको गार्डेन में धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। धरना देने के कारण 400 कर्मचारियों का वेतन रोका गया है और 17 कर्मचारी सस्पेंड हुए है। जिसकी वजह से कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। कर्मचारियों का कहना है कि हम सभी स्मारकों, पार्कों व उपवन आदि का प्रबंधन सुरक्षा एवं अनुरक्षण समिति के कर्मचारी हैं। लेकिन पिछले 12 वर्षों से हमारी मांगों को सुना नहीं जा रहा है। कर्मचारियों ने कहा कि हमारी मुख्य मांगों में पुनरीक्षित वेतनमान, मृत आश्रितों को सेवा प्रदान करना, स्थाईकरण व पदोन्नति, सीपीएफ खाता खोलना, चिकित्सा अवकाश व दीपावली बोनस है।

**विरोध-प्रदर्शन** | तीन परीक्षाएं पास करने के बाद भी नहीं हुई नियुक्ति

# दिव्यांग अभ्यर्थियों ने भाजपा कार्यालय का किया घेराव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



हजरतगंज स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय के बाहर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते स्वच्छताग्राही कर्मचारी। अमृत विचार

अमृत विचार : दिव्यांग अभ्यर्थियों ने नियुक्ति की मांग को लेकर बुधवार को हजरतगंज स्थित भाजपा कार्यालय का घेराव किया। हालांकि पुलिस कर्मियों ने दिव्यांगों को प्रदर्शन करने से रोक दिया।

दिव्यांग अभ्यर्थियों का कहना है कि लेखपाल भर्ती में लगभग 309 सीटें थी। जिनमें से188 सीट खाली रह गई। अभ्यर्थियों ने यूपीपीईटी की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद लेखपाल भर्ती की मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण की और सभी ने अपने प्रपत्रों का सत्यापन भी कराया। लेकिन आयोग द्वारा शासनादेश का हवाला देकर छात्रों को इस भर्ती के अंतिम परिणाम से बाहर कर दिया गया। जिससे दिव्यांग छात्रों का भविष्य अंधकार में है। राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड भर्ती में ओएच कैटेगरी को लिया गया है तो उत्तर प्रदेश में ऐसा क्यों नहीं किया जा रहा है। दो वर्ष से ज्यादा समय हो गया है भर्ती निकले हुए लेकिन अभी तक नियुक्तियां नहीं हुई हैं।

**स्वच्छताग्राही कर्मियों ने किया प्रदर्शन**

अमृत विचार, लखनऊ : ग्रामीण स्वच्छताग्राही कर्मचारी संघ उप्र के तत्वाधान में कर्मचारियों ने बुधवार को न्यूनतम वेतन देने को लेकर भाजपा कार्यालय पर प्रदर्शन किया। जिसके बाद पुलिस ने कर्मचारियों को गिरफ्तार करके ईको गार्डेन भेज दिया। कर्मचारियों का कहना है कि शासन द्वारा नियुक्त ग्रामीण स्वच्छता ग्राहियों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं के प्रमाणीकरण की व्यवस्था करने के साथ ही पूरे माह के एक मुश्त पारिश्रमिक का भुगतान कर्मचारियों के बैंक खातों में होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने स्वच्छता ग्राहियों को न्यूनतम वेतन देने की गारन्टी दी थी। 3 माह हो गया लेकिन आजतक पंचायती राज्य विभाग के द्वारा प्रदेश के स्वच्छता ग्राहियों के प्रति किसी भी तरह के न्यूनतम वेतन सम्बन्धित कोई शासनादेश जारी नहीं किया गया।

## एलडीए के शिविर में 62 आवंटियों ने कराई रजिस्ट्री

अमृत विचार , लखनऊ : लखनऊ विकास प्राधिकरण की विभिन्न आवासीय एवं व्यावसायिक सम्पत्तियों की रजिस्ट्री के लिए लगाये गये विशेष निबंधन शिविर में मंगलवार को 62 आवंटियों के पक्ष में रजिस्ट्री करायी गयी। 80 सम्पत्तियों के निबंधन के लिए पत्रावली अनुमोदित की गयी। अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि आवंटियों की सुविधा के लिए 30 एवं 31 जनवरी को प्राधिकरण भवन के बारादरी लॉन में विशेष निबंधन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्राधिकरण के गणना, लेखा, नियोजन व सम्पत्ति अनुभाग के समस्त सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारी और निबंधन विभाग की टीम उपस्थित रही। शिविर में कुल 62 आवंटियों की रजिस्ट्री की गयी। इनमें विभिन्न अपार्टमेंट के फ्लैट, प्रधानमंत्री आवास, गोमती नगर, जानकीपुरम, प्रियदर्शिनी तथा कानपुर रोड समेत अन्य योजनाओं की सम्पत्तियां शामिल हैं।

# गोमती में प्रदूषण के मामलों की अब एनजीटी में होगी सुनवाई

- हाईकोर्ट ने सभी रिकॉर्ड स्थानांतरित करने का दिया आदेश

विधि संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने गोमती नदी में प्रदूषण रोकने को लेकर दाखिल जनहित याचिकाओं को सुनवाई के लिए नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल, नई दिल्ली के समक्ष पेश करने का आदेश दिया है।

यह आदेश कार्यवाहक मुख्य न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता व न्यायमूर्ति सौरभ लवानिया की खंडपीठ ने सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट व बनवारी लाल की ओर से दाखिल याचिकाओं पर पारित किया। न्यायालय ने कहा कि ऐसे मामलों के लिए एनजीटी विशेषज्ञों की एक ज्युडिशियल बॉडी है जो इस मुद्दे पर ज्यादा अच्छी तरह से सुनवाई कर सकती है। इन टिप्पणियों के साथ न्यायालय ने लखनऊ बेंच के वरिष्ठ निबंधक को आदेश दिया कि वह दो सप्ताह के भीतर वर्तमान मामले से सम्बंधित सभी रिकॉर्ड्स एनजीटी को ट्रांसफर कर दें। वर्ष 2003 और 2008 में दाखिल उक्त याचिकाओं में बगैर शोधित प्रदूषित पानी सीधा गोमती नदी में डाले जाने के विरुद्ध आदेश पारित किए जाने की मांग की गई है।

## एक नजर

### चेस प्रतियोगिता में एकेटीयू की टीम होगी शामिल

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय विश्वविद्यालय संघ की ओर से बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी में प्रतियोगिताओं के आयोजन किये जा रहे हैं। आयोजित प्रतियोगिताएं 6 से 8 फरवरी के बीच आयोजित होगी। अखिल भारतीय नॉर्थ जोन चेस पुरुष प्रतियोगिता में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय की चेस टीम भी हिस्सा लेगी। टीम का चयन कमेटी द्वारा कर लिया गया है। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर ओपी सिंह ने बताया है कि टीम में शामिल छात्रों के संस्थानों को पत्र जारी कर सूचना दे दी गई है।

### संविदा शिक्षकों की नियुक्ति के लिए आवेदन

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के अंबेडकर उत्कृष्टता केंद्र द्वारा अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए संघ लोक सेवा आयोग तथा राज्य सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा (प्रारम्भिक एवं मुख्य) परीक्षा के लिए नि:शुल्क कोचिंग का संचालन किया जा रहा है। समन्वयक प्रोफेसर शशि कुमार ने बताया कि कोचिंग में शिक्षण कार्य के लिए संविदा शिक्षकों की नियुक्ति की जानी है। इच्छुक अभ्यर्थी 8 फरवरी तक अपना आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थी आवेदन संबंधी समस्त जानकारी विश्वविद्यालय की आधिकारिक बेवसाइट पर उपलब्ध है।

### बीबीएयू के डीन हुए सेवानिवृत्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के डीन ऑफ अकेडमिक अफेयर्स प्रोफेसर राणा प्रताप सिंह बुधवार को सेवानिवृत्त हो गए। ऐसे में विवि में विदाई समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता विवि के कुलपति आचार्य संजय सिंह ने की। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. अश्विनी कुमार सिंह, प्रो. एनएम पी वर्मा, प्रो. नवीन कुमार अरोरा, प्रो. शिखा सहित काफी संख्या में छात्र अन्य उपस्थित रहे।

# किसानों को मिली अधिक उपज की जानकारी

## कई प्रदेशों से आए किसानों ने किया प्रतिभाग, मेले में दिखाया हुनर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सीएसआईआर-सीमैप में आयोजित किसान मेले में उपज और खपत के अलावा व्यवसाय संबंधी जानकारियां दी गईं। जिससे दूर दराज से आए किसान लाभांवित हुए।

सीएसआईआर-सीमैप में 4 हजार से अधिक सम्मिलित किसानों में कोई मध्य प्रदेश से आया हुआ था को कोई दिल्ली और उसके आसपास क्षेत्रों से जुड़े इलाकों के मिले। मेल में शिरडी, उज्जैन, गोरखपुर, बाराबंकी, वाराणसी, लखनऊ, सीतापुर, हरदोई सहित आसपास के स्थानों के किसानों की संख्या अधिक देखी गई। मेंथा ऑयल की अधिक उपज कैसे हो, इसको लेकर लखनऊ और आसपास जनपदों के किसानों ने तमाम सी जानकारी हासिल कीं।

औषधियों और फूलों की उपज के माध्यम से होने वाले व्यवसाय को लेकर डॉ. रमेश श्रीवास्तव द्वारा बिन्दुवार जानकारियां उपलब्ध कराईं गईं। दो दिवसीय किसान मेले में महिला लाभार्थियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।


अमरेन्द्र प्रताप सिंह


प्रेम प्रकाश सिंह


शिव कुमारी


रंजना यादव

▸▸ सीमैप में दो दिवसीय किसान मेले का आयोजन

### पारुल ने दिए अगरबत्ती बनाने के सुझाव

शिरडी से आने वाली पारुल के स्टॉल पर किसानों की संख्या खासी दिखी। इन्होंने फूल और कचरे के इस्तेमाल से अगरबत्ती बनाने की जानकारी दी। हर्बल उत्पाद तैयार करने को लेकर उद्यमियों के सवालों का महिला ने सरलता से जवाब दिया। ऐसे में उद्यमी भी लाभांवित हुए।

### गांव के लिए स्वयं सहायता समूह कारगर

लघु और कुटीर उद्योग में स्वयं सहायता समूह आगे आए हैं। इनसे लाभ लेते रहना चाहिए। किसान मेले में सम्मिलित लाभार्थियों में कई महिलाओं ने इन बातों को व्यक्त किया। रंजना यादव कहती हैं कि छोटे-छोटे समूह बनाकर हम अपनी आर्थिक आय को बढ़ा सकते हैं। क्योंकि इसमें कई लोगों का सहयोग एक साथ मिलता है। शिवकुमारी का मानना है कि मेले के आयोजन ज्ञान ही नहीं व्यवसाय को बढ़ाने में मदद देते हैं। प्रेम प्रकाश सिंह का मानना है कि परंपरागत खेती के साथ अब आधुनिकता की ओर बढ़ना कारगर रहेगा। अमरेन्द्र प्रताप सिंह का कहना है कि ऐसे मेले जिलों में तहसीलवार आयोजित होने चाहिए।


लखनऊ विश्वविद्यालय में रंगोली के सहारे राम मंदिर की आकृति उकेरतीं छात्राएं। अमृत विचार

# कहीं राम मंदिर के दर्शन तो कहीं मेधा की उड़ान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्राएं मंदिर उकेरते हुई मिलीं। अन्तः प्रवासियों ने भी दमखम दिखाया। अंतर छात्रावास प्रतियोगिता में बैडमिण्टन सहित अन्य प्रतियोगिता के आयोजन भी हुए।

लविवि में आयोजित अंतर छात्रावास प्रतियोगिता के दूसरे दिन लालबहादुर शास्त्री छात्रावास में बैडमिण्टन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें जिसमें आचार्य नरेंद्र देव अंतरराष्ट्रीय छात्रावास के छात्र सम्मिलित हुए। प्रतियोगिता में शौविक और ऐक्कियो विजेता रहे। सिंगल स्पर्धा में बलरामपुर छात्रावास के छात्र विजेता बने। उधर छात्राओं द्वारा रंगोली के माध्यम से मंदिर और अन्य मनमोहक चित्र बनाए गए। इस अवसर पर प्रो. संगीता साहू, प्रो.अनूप कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।


बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रदर्शन करते छात्र। अमृत विचार

▸▸ अंतर छात्रावास प्रतियोगिताओं में दिखीं प्रतिभाएं

▸▸ बैडमिंटन, नृत्य, लघु नाटक सहित अन्य प्रतियोगिताओं के आयोजन

हबीबुल्लाह हॉल में एकल नृत्य, समूह नृत्य और लघु नाटिका प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। एकल नृत्य प्रतियोगिता महमूदाबाद हॉल के मानस बाजपेयी ने जीती और समूह नृत्य विजेता आर एस बिष्ट रहे। स्किट प्रतियोगिता में हबीबुल्लाह हॉल की टीम विजयीं रही। निर्णायक मण्डल में डॉ. अनुराग श्रीवास्तव, डॉ. हंसिका सिंघल और डॉ. राजीव राठी शामिल थे।

### गायन के साथ मिमिक्री में दिखा कौशल

छात्राओं के बीच पहले चरण में क्विज और जस्ट ए मिनट प्रतियोगिता हुई। क्विज में प्रथम स्थान गोल्डन जुबली को और जैम प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गंगा हॉल की उर्वशी सिंह को मिला। मिमिक्री प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सीएसए तथा रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कैलाश हॉल को मिला।

# 205 अभ्यर्थियों को मिला रोजगार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित रोजगार मेले में बुधवार को महिला अभ्यर्थियों की संख्या अधिक रही। कई चरणों में हुए साक्षात्कार के दौरान 205 अभ्यर्थियों को रोजगार मिले। सभी के प्रमाण पत्रों की जांच का क्रम सायंकाल तक चला।

केन्द्र के अतिरिक्त राज्य सरकार भी समय-समय पर रोजगार के अवसर देती रही है। बुधवार को भी इसी क्रम में अलीगंज स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में रोजगार मेले का आयोजन हुआ। इसमें पुरुष अभ्यर्थियों के अलावा खासी संख्या में महिला अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। संस्थान के प्रधानाचार्य राजकुमार श्रीवास्तव ने बताया कि एक एककर सभी के मूल प्रमाणपत्रों की जांच की गई। साक्षात्कार का क्रम कई चरणों में पूरा हुआ। कुल 205 अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर मिले हैं। अलग-अलग ट्रेडों में सभी अभ्यर्थी अपनी भूमिका का निर्वाहन करेंगे। मासिक वेतन के अतिरिक्त इन्हें सहूलियतें भी दी जाएंगी। ट्रेनिंग काउंसलिंग एण्ड प्लेसमेण्ट ऑफीसर एमए खां का कहना है कि पूर्व में भी इस तरह के आयोजन होते रहे हैं। आगे भी रोजगार चयन की प्रक्रिया जारी रहेगी।

▸▸ राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का आयोजन

▸▸ शासन की योजनाओं के तहत हुए लाभांवित

### मिलेंगे अवसर तो होंगे बदलाव

रोजगार मेले में रोली और सुशीला मौजूद थे। साक्षात्कार देने आईं महिलाओं का कहना था कि इस तरह के अवसर रोजगार के साथ जीवन शैली में भी बदलाव लाते हैं। शासन की योजनाओं का लाभ देने के लिए क्षेत्रीय कैंप भी कराने चाहिए ताकि लोगों को अवसरों की जानकारी मिल सके।

## एकेटीयू की प्रयोगात्मक परीक्षाएं आज से शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के सत्र 2023-24 के विषम सेमेस्टर के स्नातक व परास्नातक के छात्र-छात्राओं की प्रयोगात्मक और प्रोजेक्ट परीक्षा पहली फरवरी से 15 फरवरी तक आयोजित की जा रही हैं। इसको लेकर कुलपति द्वारा परीक्षा नियंत्रक को जिम्मेदारी दी गई है।

बताया गया है कि छात्र-छात्राओं के नियमित सहित अन्य विषयों के आंतरिक अंकों को अपलोड करने के लिए पहली फरवरी से 15 फरवरी तक ईआरपी लॉगइन को भी खोला जा चुका है।


प्रेस क्लब में जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर प्रेस वार्ता करते डॉक्टर हीरा ठाकुर।

### कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने से विचार मंच में खुशी

**अमृत विचार, लखनऊ :** कर्पूरी ठाकुर विचार मंच द्वारा बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष हीरा ठाकुर ने कहा कि 25 वर्ष लंबे संघर्ष के बाद कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न भारतीय जनता पार्टी द्वारा दिया गया है जिससे पूरे देश में खुशी की लहर है। कांग्रेस व अन्य गठबंधन की सरकारों ने कभी ध्यान नहीं दिया। जबकि राज्य स्तर पर संसद में धरना व प्रदर्शन करने के बावजूद भी कांग्रेस सरकार ने कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न नहीं दिया और न ही कभी ध्यान दिया। जन नायक कर्पूरी ठाकुर को केंद्र सरकार द्वारा भारत रत्न दिये जाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, गृह मंत्री अमित शाह, उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बहुत-बहुत बधाई।

## गीत-संगीत के साथ कठपुतलियों ने बांधा समां

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट के तत्वावधान में आशियाना स्थित कांशीराम स्मृति उपवन में चल रहे भारत हस्तशिल्प महोत्सव में बुधवार को फिश टनल में मछलियों की अठखेलियां और सांस्कृतिक मंच पर कठपुतलियों का नृत्य आकर्षण का केन्द्र बना। नवोदय साहित्य एवं सांस्कृतिक संस्था की ओर से ओम नीरज की अध्यक्षता में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें विनोद भावुक मुख्य अतिथि और महेंद्र कुमार विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। कवि सम्मेलन की शुरुआत अस्थाना महेश ने सरस्वती वंदना से की। नृत्यांगन डांस इन्स्टीट्यूट ने अनुपमा श्रीवास्तव और भानवी श्रीवास्तव के निर्देशन में नृत्य के दर्शनीय कार्यक्रम प्रस्तुत किये। ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह और एनबी सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर महोत्सव में आज की सांस्कृतिक संध्या की शुरुआत की थी, उन्होंने कलाकारों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# व्याख्यान की मदद से छात्रों को किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्रों के बीच बेहतर सामंजस्य को बनाने के उद्देश्य से व्याख्यान का आयोजन हुआ। जिसमें एक दूसरे के प्रति सरल और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए जाने के लिए प्रेरित किया गया। जागरूकता संबंधी जानकारियां भी छात्रों के बीच साझा की गईं।

लविवि के दर्शनशास्त्र विभाग में विशेष व्याख्यान का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की प्रमुख प्रोफेसर मधुरिमा लाल थीं। विभागाध्यक्ष डॉ. रजनी श्रीवास्तव ने छात्रों के बीच जागरूकता संबंधी जानकारियां साझा कीं। प्रो. मधुरिमा लाल ने प्रो. राकेश चन्द्रा की उपस्थिति में लिंग विभेद और उससे जुड़े पहलुओं पर चर्चा की। ऐसे में छात्रों की ओर से भी सवाल किये गए। जिसकी जानकारियां विशेषज्ञों द्वारा साझा की गईं। सामाजिक व्यवस्था, प्राकृतिक और शारीरिक संरचना से जुड़े बिन्दुओं पर जानकारी दी गई। वैश्विक स्तर पर लिंग विभेद और उनके कारण भी उनके व्याख्यान के शामिल रहे।

कार्यक्रम में प्रोफेसर राजेंद्र वर्मा, डॉ. प्रशांत शुक्ला, डॉ. राजेश्वर प्रसाद, डॉ. ममता सिंह के अलावा शोध छात्रों के साथ-साथ स्नातक, परस्नातक के छात्र सम्मिलित रहे।


लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित व्याख्यान में उपस्थित विशेषज्ञ और छात्र।

▸▸ लखनऊ विश्वविद्यालय में विशेष व्याख्यान का आयोजन

▸▸ मिशन शक्ति योजना के तहत साझा की गईं जानकारियां

## चर्चा में आया लविवि का मरम्मत कार्य

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में मरम्मत का कार्य अचानक चर्चा में आया है। कार्यों के दौरान टूट-फूट को लेकर अलग-अलग राय सामने आई हैं। विवि प्रवक्ता का कहना है कि 103 वर्ष पुरानी इमारत में मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है, जो आवश्यक है। लखनऊ विवि परिसर में संस्कृत और प्राच्य भाषा विभाग की इमारतों में रंगरोगन का कार्य कुछ समय से चल रहा था। बुधवार को मरम्मत का कार्य श्रमिकों द्वारा किया गया। ऐसे में टूट-फूट की बात सामने आई और फिर चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया। कुल प्रकरण को लेकर विवि के प्रवक्ता प्रोफेसर दुर्गेश श्रीवास्तव का कहना है कि विवि की इमारत 103 वर्ष पुरानी है। ऐसे में मरम्मत और आवश्यक कार्य लगातार किये जाते रहे हैं। वर्तमान में भी पुताई व मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है।

# पांच दिवसीय सनतकदा महोत्सव कल से

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** पांच दिवसीय महिंद्रा सनतकदा महोत्सव का आयोजन आगामी दो फरवरी से छह फरवरी तक लखनऊ की सफ़ेद बारादरी और सलेमपुर हाउस में किया जाएगा। इस बार की थीम होगी आशिकाना लखनऊ। महोत्सव में विभिन्न प्रकार के हस्तशिल्प के साथ देश भर के सौ से ज्यादा कलाकार शामिल होंगे।

महोत्सव में पांच छोटी-छोटी डाक्यूमेंट्री फ़िल्में भी प्रदर्शित की जाएंगी। यह फ़िल्में छह से पन्द्रह मिनट अवधि की ही होंगी लेकिन इसे बनाने के लिए तमाम लोगों से सम्पर्क किया गया है। अलीशा आसिफ और आयशा खातून ने इश्क पर फिल्म बनाई है। इस फिल्म में 16 साल की उम्र से लेकर 85 साल की उम्र के 90 लोगों से इश्क पर बात की गई है। इश्क पर इसमें लोगों ने बड़ी बेबाकी से अपनी राय दी है लेकिन जो सबसे ख़ास बात निकलकर सामने आयी है वो यह है कि इश्क नफे-नुक्सान की चीज नहीं है।

चांदी की नक्काशी करने वाले मोहम्मद हुसैन इस फिल्म में दिखाई देंगे। उन्होंने बताया कि मैंने शादी के बाद अपनी पत्नी से इश्क किया। हम 18-19 साल साथ रहे लेकिन हमारे बीच कभी किसी भी बात को लेकर झगड़ा नहीं हुआ। 11 साल पहले पत्नी की मौत हो गई। पत्नी की मौत के बाद मोहम्मद हुसैन ने अपने बाल नहीं रंगे, किसी भी शादी में शरीक नहीं हुए।

इस महोत्सव में लगने वाले क्राफ्ट बाजार में उत्तर प्रदेश, बिहार, जम्मू-कश्मीर से लेकर छत्तीसगढ़ के आदिवासी इलाके के करीब 100 स्टाल लगेंगे। उज्बेकिस्तान और अफगानिस्तान के कलाकार अपनी कैलिग्राफी कला का प्रदर्शन करेंगे।

इस महोत्सव में कथक नृत्य भी होगा और मुशायरा भी। किस्सागोई सुनाने महमूद आब्दी आएंगे तो हिमांशु वाजपेयी और प्रज्ञा मिश्रा दास्तानगोई के जरिये कैफ़ी आजमी और शौकत कैफ़ी के इश्क पर बात करेंगे।

▸▸ आशिकाना लखनऊ की थीम पर होने वाले महोत्सव में हर तरफ दिखेगी इश्क की दास्तान

## इमाम हुसैन की बेटी के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर हुई महफिल

**अमृत विचार, लखनऊ :** हजरत इमाम हुसैन की बेटी जनाबे सकीना के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर मेंहदीगंज स्थित कर्बला अज्मतुद्दौला में महफिल का आयोजन किया गया। मौलाना रहमत हुसैन ने इस मौके पर शहजादी सकीना की अजमत बयान की। इस मौके पर शायरों ने अपने कलाम के जरिये हजरत इमाम हुसैन की बेटी को नजराना-ए-अकीदत पेश की।

महफिल में कलाम पेश करने वाले शायरों में रिजवान हसन, रिजवान अली दानिश, फराज जाफर, फुरकान हुसैन, फरमान लखनवी, इजहार हुसैन, अब्बास अली, कम्बर नकवी और सरवर दबीरी के कलाम खूब पसंद किये गए।

**योजना** | आर्थिक रूप से कमजोर पिता के लिए अपनी बेटी की शादी करना कठिन कार्य

# कन्या विवाह योजना की मदद से बाबुल कर रहे कन्यादान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** किसी पिता के लिए अपनी बेटी की शादी करना एक कठिन कार्य होता है और ये तब और भी मुश्किल हो जाता है जब पिता आर्थिक रूप से कमजोर हो। लोगों की परेशानी दूर करने के लिए श्रम विभाग कन्या विवाह योजना संचालित कर रहा है। इस योजना के माध्यम से श्रमिक अपनी बेटी की शादी कर सकता है।

इस योजना के अन्तर्गत श्रमिकों की बेटी के विवाह के लिए श्रम विभाग 55 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करता है। इस योजना से कई श्रमिक लाभान्वित हुए हैं। नई कांशीराम कॉलोनी के रहने वाले रामपाल बताते हैं कि वह दिहाड़ी मजदूरी करते हैं। ऐसे में बेटी की शादी करना मुश्किल था। श्रम विभाग द्वारा कन्या विवाह योजना के अन्तर्गत 55 हजार रुपये प्राप्त हुए जिससे शादी करने में बहुत मदद मिली।

वहीं छितवापुर लालकुंआ के रहने वाले पवन चंद्र ने बताया कि बेटी की शादी के लिए श्रम विभाग द्वारा जो धनराशि मिली, उससे बेटी का विवाह बिना किसी अड़चन के हो गया और किसी से कर्ज लेने की नौबत नहीं आई। सांई मंदिर इंदिरा नगर के रहने वाले दिनेश ने बताया कि समय पर आवेदन किया और सही समय पर धनराशि खाते में आ गई।

सरोजनी नगर के गुलाब खेड़ा की रहने वाली सुंदरी ने बताया कि पिता के न रहने पर सारी जिम्मेदारी उनके ऊपर आ गई थी। बेटी की शादी करने के लिए धनराशि की जरूरत थी जिसे श्रम विभाग की कन्या विवाह योजना के द्वारा पूरा किया गया। ऐसे ही सैकड़ों श्रमिकों की बेटियों का विवाह कन्या विवाह योजना के अन्तर्गत किया गया।



● 55 हजार रुपये मिलती है प्रोत्साहन राशि

> कन्या विवाह योजना के अन्तर्गत लखनऊ मंडल के सभी छह जिलों में 983 श्रमिकों की बेटियां लाभान्वित हुई हैं। इस योजना का उद्देश्य है कि श्रमिकों की बेटी के विवाह में मदद की जा सके। यही सरकार की महत्वपूर्ण योजना है।
>
> -शिप्रा चतुर्वेदी, श्रमायुक्त, श्रम विभाग


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

**सूचना**

पहले मेरा नाम RADHIKA TAYAL था अब मैने बदलकर अपना नाम RADHIKA AGARWAL रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **S/O: MUKESH AGARWAL R/O 99/61, MARVADI GALI AMINABAD LUCKNOW**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा DMLT का डिप्लोमा और प्रमाणपत्र बस में सफ़र के दौरान खो गया है। जिसकी प्रति प्राप्तस्वरूप ये विज्ञापन दिया जा रहा है। **अखिलेश कुमार त्रिपाठी, निवासी – चित्रकूट, फोन – 9936114428**

**सूचना**

पहले मेरा नाम JUNED था अब मैने बदलकर अपना नाम MOHAMMAD JUNED RAINI रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **S/O: ABDUL KAYUM, R/O GRAM AND POST ASHA KHERA, UNNAO**

**सूचना**

यह कि मेरे पुत्र ओमजी व विदुर व पुत्र वधु आरती व सोनम का चाल चलन सही न होने कारण पुत्र व पुत्रबहुओं को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया। उनके कार्यो की वह लोग स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **रामबाबू पुत्र सूरजप्रसाद निवासी दौलीखाती तिर्वा, कोतवाली तिर्वा, जनपद कन्नौज।**

**सूचना**

मैं सशपथ घोषणा करता हूँ कि मेरे पासपोर्ट संख्या B7138306 में भूलवश अमर दीप रावत के स्थान की जगह पर अमर दीप दर्ज हो गया है जबकि शपथी के आधार कार्ड संख्या 241864237788 पर अमर दीप रावत दर्ज है। शपथी– **अमर दीप रावत पुत्र राकेश कुमार, निवासी, पूरे कोट मजरे छंदवल थाना – जैदपुर, तहसील – राम सनेही घाट, जिला – बाराबंकी**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी एल.आई.सी. की पॉलिसी नंबर– 217599733 में मेरा नाम अन्नू प्रसाद (ANNU PRASAD) व जन्मतिथि 21/10 /1972 अंकित है जबकि मेरा आधार कार्ड मेरा नाम कल्लू विश्वकर्मा (KALLU VISHWKARMA) व जन्मतिथि 1984 अंकित हो गया है। अन्नू प्रसाद और कल्लू विश्वकर्मा दोनों एक ही व्यक्ति के नाम है। **कल्लू विश्वकर्मा पुत्र गोविंद, निवासी – 14/ 173 बर्फ खाना मुराद अली लेन,नई बस्ती कैंट रोड लखनऊ।**

**सूचना**

मेरे पुत्र रुद्र प्रताप सिंह की त्रुटिवश सरकारी दस्तावेजों में जन्म तिथि 19–11–2018 दर्ज हो गयी जबकि असली जन्म तिथि 16–11–2017 है। इसी तरह दूसरे बेटे दर्श प्रताप सिंह की जन्म तिथि त्रुटिवश 15–10–2021 दर्ज हो गयी जबकि असली जन्म तिथि 15–10–2020 है। सभी दस्तावेजो में मेरे दोनो पुत्रो की असली जन्म तिथि क्रमशः रुद्र प्रताप सिंह की 16–11–2017 व दर्श प्रताप सिंह की 15–10–2020 मानी व पढ़ी जाए। **गुंजन सिंह पत्नी प्रतीक चन्द्र भान सिंह निवासी लखनऊ बाईपास नियर बाई उदय प्रताप सिंह डिग्री कालेज फतेहपुर 212601 मो0 : 9260987784**

**पूर्वोत्तर रेलवे**

ई–निविदा सूचना सं.– यॉं/301/इज्जत/23–24/ओटी–37

मुख्य कारखाना प्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे इज्ज़तनगर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निविदापत्र में अंकित योग्यता मापदंडो के अनुसार ई निविदाएँ आमंत्रित की जाती है:– **क्रम सं.:– 1., कार्य का संक्षिप्त विवरण:–** मैकेनिकल वर्कशॉप, इज्जतनगर में 01 वर्ष की अवधि के लिए, डेमू पावरकार के 1400 एचपी 10 नग ट्रैक्शन अल्टरनेटर (मैसर्स बीएचईएल और मैसर्स सीजीएल निर्मित) की छोटी मरम्मत/सर्विसिंग/सफाई/ओवरहालिंग (कार्य के दायरे के अनुसार)., **अनुमानित मूल्य (रु० में):–** ₹ 9175390.00 (रुपये इक्यान्वे लाख पचहत्तर हजार तीन सो नब्बे मात्र), **बिड सिक्योरिटी (रु०में):–** ₹ 183500.00 (रु. एक लाख तिरासी हजार पांच सौ मात्र), **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु०):–** शून्य, **कार्य अवधि:–**एक वर्ष, **निविदा खुलने की तिथि व समय:–** 20.02.2024 15:30 बजे, **नोट:–1.** उपरोक्त ई–निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित दिनांक 30.01.2024 को समय 17:00 बजे से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर टेंडर खुलने की तिथि 20.02.2024 को 15:00 बजे तक उपलब्ध है।, **2.** उपरोक्त निविदा में ई–बिड के अतिरिक्त किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेंडरों को चाहिए कि वो अपने आपको IT Act 2000 के अंतर्गत CA द्वारा जारी क्लास–III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ ireps वेबसाइट पर पंजीकृत कराएं।, **3.** निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित ऑनलाइन दर्ज करने पर ही विचारणीय है। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी लैटर हेड पर यदि संलग्न हैं तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अस्वीकृत कर दिया जायेगा। **4.** ई–निविदा हेतु बिड सिक्योरिटी का भुगतान निविदा प्रपत्र के अनुसार स्वीकार की जायेगी।

उपमुयाँइ/प्लांट यांत्रिक कारखाना, इज्ज़तनगर

मुजाधि/यांत्रिक–120

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**कानपुर नगर निगम**
**कार्यालय मार्ग प्रकाश विभाग**

**अतिअल्पकालीन ई–निविदा सूचना**

कानपुर नगर निगम मार्ग प्रकाश विभाग के अन्तर्गत कान्ट्रेक्ट से सम्बन्धित विद्युत कार्य हेतु विद्युत ठेकेदारों से नगर आयुक्त महोदय की स्वीकृति 26.10.2023 एवं 12.01.2024 के अनुसार 02 कार्य हेतु ऑनलाईन ई–निविदा निम्न प्रकार से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई–प्रक्योरमेन्ट की वेबसाइट www://etender.up.nic.in/ से प्राप्त कर अपलोड किये जा सकते है।

| | |
|---|---|
| आन लाईन निविदा प्रारम्भ की तिथि व समय | 01.02.2024 अपरान्ह 2:00 बजे से |
| आन लाईन निविदा डालने की अन्तिम तिथि व समय | 08.02.2024 दोपहर 2:00 बजे तक |
| आन लाईन निविदा खोलने की तिथि व समय | 08.02.2024 दोपहर 4:00 बजे |
| कार्यो की संख्या | 02 कार्य |

**अति अल्पकालीन सामान्य निविदा सूचना**

कानपुर नगर निगम मार्ग प्रकाश विभाग के अन्तर्गत कान्ट्रेक्ट से सम्बन्धित विद्युत कार्य हेतु विद्युत ठेकेदारों से नगर आयुक्त महोदय की स्वीकृति दिनांक 14.09.2023 एवं 28.02.2023 के अनुसार 03 कार्य हेतु अति अल्पकालीन सामान्य निविदा निम्न प्रकार से आमंत्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धी अन्य जानकारी नगर निगम की वेबसाइट www://kmc.up.nic.in/ से प्राप्त कर सकते है।

| | |
|---|---|
| निविदा डाले जाने की तिथि व समय | 08.02.2024 अपरान्ह 2:00 बजे तक |
| निविदा प्रपत्र की बिक्री की अन्तिम तिथि व समय | 07.02.2024 दोपहर 1:30 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि व समय | 08.02.2024 सॉय 4:00 बजे |

निविदा विवरण निर्धारित प्रारूप में उल्लिखित कार्य का विवरण, आगणन लागत, निविदा की अर्नेस्टमनी, निविदा मूल्य तथा समयावधि आदि का विवरण तथा निविदा की शर्ते उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

प्र0 मुख्य अभियन्ता (मा0प्र0)
नगर निगम कानपुर
Ro no. 345

नगर आयुक्त
नगर निगम कानपुर
दिनांक : 31.01.2024

## एक नजर

### नगर निगम की जमीन पर कब्जे का आरोप, प्राथमिकी

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** नगर निगम में लेखपाल के पद पर तैनात संदीप कुमार यादव ने आशियाना थाना क्षेत्र के सेक्टर एल निवासी कमलेश कुमार यादव पर नगर निगम की जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। लेखपाल की तहरीर पर स्थानीय पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस को दिए शिकायती पत्र में लेखपाल संदीप कुमार यादव ने कमलेश कुमार यादव पर आरोप लगाया है कि बिजनौर स्थित खसरा संख्या 13स, क्षेत्रफल 0.145 हेक्टेअर, राजस्व अभिलेखों में नवीन परती खसरा संख्या 65 क्षेत्रफल 0.291 हेक्टेयर तथा खसरा संख्या 67 क्षेत्रफल 0.304 हेक्टेअर राजस्व अभिलेखों में अतिरिक्त घोषित शहरी सीलिंग दर्ज है। उक्त खसरा संख्या के कुछ भाग लगभग 43000 वर्ग फुट भूमि पर सेक्टर एल खजाना चौराहा लखनऊ में रहने वाले कमलेश कुमार यादव पुत्र स्व. गया प्रसाद द्वारा नगर निगम भूमि पर प्लाटिंग व बाउंड्रीवाल व मकान बनाकर अवैध कब्जा किया जा रहा है जिसे पूर्व में तहसील के क्षेत्रीय लेखपाल व मेरे द्वारा रुकवाने के साथ ही उक्त अवैध कब्जेदार के अवैध कब्जे को स्वत: हटाने के लिए नोटिस दिया जा चुका है। लेकिन इसके बाद भी उक्त अवैध कब्जेदार द्वारा निरंतर कब्जा कर नगर निगम की संपत्ति को अपूरणीय क्षति पहुंचाई गई है। लेखपाल की तहरीर पर स्थानीय पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

### फिर उभरा प्रतिमा तोड़े जाने का विवाद

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्र सभा द्वारा डॉ. राम मनोहर मनोहर लोहिया की प्रतिमा तोड़े जाने का मुद्दा उठाया है। छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष इंजी. विनीत कुशवाहा, उ छात्र नेत्री पूजा शुक्ला के साथ विवि पंहुचे। सभी ने मिलकर डॉ. राम मनोहर लोहिया की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। साथ ही पूर्व दिनों में उनकी प्रतिमा तोड़ने वालो पर कार्रवाई की मांग भी। इस दौरान काफी संख्या में छात्र मौजूद रहे।

# बीज से बाजार तक पहुंचाएगा डिजिटल एग्रीकल्चर

## ऑनलाइन प्लेटफार्म से कृषि प्रणाली में बदलाव की उम्मीद, आधारभूत ढांचे को बजट देगा रफ्तार

▸▸ फसल से लेकर योजनाएं होंगी एकीकृत, सरकार से सीधे जुड़ेंगे किसान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** कॉरपोरेट की तरह कृषि प्रणाली भी जल्द पूरी तरह से डिजिटल होगी। जो किसानों को बीज से लेकर बाजार तक की राह आसान करेगा और किसान सीधे सरकार से जुड़ेंगे। इसके लिए सरकार का डिजिटल एग्रीकल्चर पर जोर है और लागू करने के लिए आधारभूत ढांचा तैयार कर रही है। जो पैदावार के साथ किसानों की आय तो बढ़ाएगी ही बल्कि कृषि प्रणाली में भी बदलाव आएगा। जानकारों की मानें तो गुरुवार को जारी होने वाले केंद्रीय बजट 2024-25 में इसके लिए प्राविधान आ सकते हैं। सरकार का मकसद है कि आधार लिंक से किसान, जमीन, फसल, पैदावार, अनुदान, योजनाएं, खरीद-बिक्री, लाभ, नुकसान व अंतर से लेकर पूरा विवरण एकीकृत हो। इससे जो अंतर है वह दूर कर किसानों को बीज देने से लेकर उत्पाद की बिक्री के लिए बाजार तक पहुंचाना आसान होगा।

**और बढ़ सकता मोटे अनाज का दायरा :** इस साल के बजट में भी मोटे अनाज की पैदावार और उससे उत्पादों से खाद्य सामग्री बनाने की नई योजनाएं दायरा बढ़ा सकती हैं। क्योंकि ज्वार, बाजरा, रागी, सावां, कंगनी, चीना, कोदो, कुटकी और कुट्टू स्वास्थ्य के साथ पर्यावरण हितैषी हैं। पोषण के लिए यह लाभदायक हैं। इससे कुपोषण से लड़ने में मदद मिलेगी। यह कम लागत और मुनाफा वाली फसलें हैं।

**दलहन-तिलहन की कम करेंगे आयात की निर्भरता :** इस बार सरकार का दलहन-तिलहन की खेती पर जोर है। यह प्रदेश में अन्य राज्यों की अपेक्षा कम होती है और बाहर से आयात कर पूर्ति की जाती है। इसमें लागत कम और मुनाफा अधिक है। सरकार मोटे अनाज की तरह बजट में दलहन-तिलहन पर जोर देगी। इससे आयात की निर्भरता कम होगी। पुरानी योजनाओं को रफ्तार देने के साथ नई की तरफ भी कदम बढ़ने की उम्मीद है।

**पीएम प्रणाम बचाएगा अनुदान:** माना जा रहा है कि जैविक व प्राकृतिक खेती के लिए योजनाओं के साथ बजट जारी होगा। क्योंकि सरकार जोर रासायनिक उर्वरकों का इस्तेमाल कम कर अनुदान भी बचाना है। यह स्वास्थ्य के साथ पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इसके लिए सरकार ने पीएम प्रणाम योजना चलाई है। इससे प्रदेश के कई जिलों में यूरिया और डीएपी की खपत कम हुई है।

**इन्हें भी बजट से मिल सकती रफ्तार :** फसली ऋण, फसल बीमा, खाद-बीज, अनुदान, सम्मान निधि, ड्रोन का इस्तेमाल, एफपीओ का गठन, परम्परागत खेती, मत्स्य, पशु पालन, निर्यात, बागवानी, सिंचाई, सरकारी खरीद।




### किसान बोले- सम्मान निधि व अनुदान बढ़ाए सरकार



सरकार की प्राथमिकता किसानों को सशक्त कर आत्मनिर्भर बनाना है। लागत कम आए और अधिक पैदावार हो ऐसा प्रयास हमेशा रहता है। डिजिटल से पैदावार से लेकर बाजार तक किसानों को मदद मिलेगी। इस बार का भी बजट भी कई सौगात देगा।

–**तेग बहादुर सिंह,** जिला कृषि अधिकारी



छोटे किसानों के लिए खेती करना महंगा हो गया है। बजट में मदद के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में सरकार को बढ़ोतरी करनी चाहिए। महंगाई के लिहाज से वर्ष के छह हजार रुपये कम है। कृषि उपकरणों पर भी अनुदान की व्यवस्था करनी चाहिए।

–**जगदीश मौर्या,** मामपुर बाना बीकेटी



इस बार का बजट भी किसानों की आमदनी बढ़ाने वाला बजट पेश होगा। मौजूदा समय में महंगाई बढ़ रही है। इससे बीज, खाद और कीटनाशक के दाम भी बढ़े हैं। इसमें दाम कम होंगे और अनुदान भी बढ़ सकता है।

–**इंद्रजीत सिंह**



सरकार को फसलों को न्यूनतम खरीद मूल्य बढ़ाना चाहिए। इससे किसानों की आमदनी बढ़ेगी। पट्टे पर खेती करने वालों के लिए अलग से अनुदान राशि का प्रावधान करना चाहिए। इस बजट में यह उम्मीद है।

–**नागेंद्र सिंह,** कठवारा बीकेटी



सीजन में यूरिया व डीएपी की कालाबाजारी भी शुरू हो जाती है। मौसम की मार से फसलें चौपट हो जाती हैं। लागत के हिसाब से क्षतिपूर्ति नहीं मिलती है। महंगे डीजल, बिजली से सिंचाई आसान नहीं है। इसमें कमी होनी चाहिए।

–**बब्लू यादव,** ताराहिया, बीकेटी

### बजट पर बोले चिकित्सक



बजट जो भी आए चिकित्सा स्वास्थ्य और शिक्षा को ध्यान में रखकर ही होना चाहिए। क्योंकि किसी भी देश के ढांचें को मजबूत रखने के लिए चिकित्सा स्वास्थ्य एवं शिक्षा मूलभूत जरूरत है। बजट से काफी उम्मीदें रहती हैं। क्योंकि यह सीधे आम जनता से संबंधित होता है।

–**डॉ. सचिन वैश्य,** अध्यक्ष पीएमएस



वर्तमान सरकार देश में स्टार्टअप कल्चर को काफी सपोर्ट कर रही है और प्रोत्साहन दे रही है जो कि एक काबिले-तारीफ कदम है। हेल्थ सेक्टर में भी सरकार ने अब तक सराहनीय कदम उठाए हैं। आने वाला बजट भी उम्मीदों वाला होगा।

–**डॉ देवाशीष शुक्ला,** अधीक्षक, कैंसर संस्थान



हेल्थ सेक्टर में सरकार के प्रयास काफी सराहनीय हैं। पैथोलॉजी की जांचों में भी नई तकनीक ने ऊर्जा भरा है। हालांकि संस्थानो और अस्पतालों में सभी जांचे मुफ्त होने की व्यवस्था होनी चाहिए। वैसे हर बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र को विशेष महत्त्व दिया जाता है। इस बार भी उम्मीद से बेहतर ही मिलेगा।

–**डॉ. यूएस सिंह,** विभागाध्यक्ष, पैथोलॉजी विभाग, केजीएमयू

### जीडीपी में 20 फीसदी योगदान

2024 को पेश किए जा रहे अंतरिम बजट में अगले वित्त वर्ष के लिए अनुमानित एग्रीकल्चर बजट 1.50 लाख करोड़ रुपये का होने की संभावना है, क्योंकि सरकार के लिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना चाहती है। जून 2023 के आंकड़े बताते हैं कि भारत की जीडीपी में एग्रीकल्चर सेक्टर का योगदान 20 फीसदी के करीब है, और देश की 40 फीसदी से अधिक आबादी किसी न किसी तरह से कृषि क्षेत्र से जुड़ी हुई है।

# पेंशनरों व गृहणियों को बजट से उम्मीद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


शिवांगी जायसवाल


प्रीति श्रीवास्तव


राजीव भटनागर


शिवांगी श्रीवास्तव

**अमृत विचार :** वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण गुरुवार यानी आज अंतरिम बजट पेश करेंगी। बजट को लेकर व्यापारियों, नौकरीपेशा व गृहणियों सहित हर वर्ग ने आस लगा रखी है। ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति के राष्ट्रीय सचिव राजीव भटनागर ने कहा कि सभी पेंशनरों को आशा है कि 2014 में कोश्यारी कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर न्यूनतम पेंशन 7500 प्रतिमाह व मंहगाई भत्ते की वर्षों से लंबित मांग इस बजट में घोषित की जाएगी।

वैसे भी उत्तर प्रदेश पेंशनरों का गुरुवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर अनशन है। अब देखना यह है कि सरकार बजट में पेंशनरों के लिए क्या करती है। वहीं लखनऊ पब्लिक कॉलेज की शिक्षिका शिवांगी जायसवाल ने कहा कि उम्मीद है कि रोजमर्रा की वस्तुएं सस्ती हों। जीएसटी पर भी सरकार कुछ राहत दे राजेन्द्र नगर निवासी प्रीति श्रीवास्तव ने कहा कि आजकल खाने-पीने की वस्तुएं महंगी होती जा रही हैं। जिस पर सरकार को कुछ करना चाहिए। फैजुल्लागंज निवासी शिवांगी श्रीवास्तव ने कहा कि बजट से आम लोगों को बहुत उम्मीदें हैं। मध्यम वर्गीय परिवार को जीविका चलाने के लिए कठिन परिश्रम करना पड़ रहा है। सरकार को बजट मध्यम वर्गीय परिवार को देखते हुए पेश करना चाहिए और महंगाई पर अंकुश लगाना चाहिए।

# विश्वविद्यालयों को मिले ग्रांट तो बने बात

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,


डॉ. रुचिता सुजय


डॉ. काजिम रिजवी

**अमृत विचार :** केन्द्रीय बजट को लेकर विश्वविद्यालय से जुड़े शिक्षक भी आशान्वित हैं। शिक्षकों का मानना है कि आधुनिकता के समयाकाल में विशेष व्यवस्थाओं के सहारे ही पठन-पाठन सुनिश्चित किया जा सकता है। क्योंकि हमें नई तकनीकी व्यवस्थाओं को आधार बनाते हुए आगे बढ़ाना है।

डॉ. रुचिता सुजय चौधरी कहती हैं कि रिसर्च और इनोवेशन के लिए विश्वविद्यालयों को बजट की आवश्यकता रहती है। इसके लिए सरकार को और अधिक ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है। क्योंकि नवीनतम तकनीकी व्यवस्था को छात्रों तक ले जाने के लिए मद बढ़ाना आवश्यक है।

डॉ. काजिम रिजवी का मानना है कि आने वाले बजट में विश्वविद्यालयों का खास ध्यान रखा जाए। विभिन्न ग्राण्ट के सहारे हर प्रदेशों में नए पाठ्यक्रम स्थापित हो ताकि नवीनतम तकनीकी का हमारी युवा पीढ़ी हिस्सा बन सके।

# इंसान की जिंदगी में पैथोलॉजी का विशेष योगदान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


केजीएमयू के पैथोलॉजी विभाग के 111वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौजूद चिकित्सक। अमृत विचार

▸▸ केजीएमयू के पैथोलॉजी विभाग का मनाया गया 111वां स्थापना दिवस

▸▸ विशेषज्ञों ने पैथोलॉजी के महत्व पर की चर्चा

**अमृत विचार :** किसी भी इंसान के स्वस्थ जीवन में पैथोलॉजी का विशेष महत्व होता है। इसकी शुरुआत गर्भावस्था से ही शुरू होती है। इलाज की दिशा पैथोलॉजी से ही तय होती है। यह जानकारी किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के पैथोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. यूएस सिंह ने दी।

वह पैथोलॉजी के 111वें स्थापना दिवस पर बुधवार को संस्थान में आयोजित हुए समारोह में जानकारी साझा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि इन 111 साल में बहुत कुछ बदलाव हुआ है। अब आधुनिक मशीनों से जांचे आसान हुई हैं। इससे आसानी से और बहुत ही कम समय में बीमारी का पता लग जाता है। चिकित्सक उसी हिसाब से मरीज को एंटीबायोटिक देते हैं। आधुनिक जांचों की बदौलत ही विकृत बच्चे जन्म नहीं लेते हैं। इस मौके पर मौजूद मेदांता अस्पताल की लैब निदेशक डॉ. मधुमती गोयल ने ''समय के चक्र में बदलाव की जरूरत है'' विषय पर व्याख्यान दिया। कहा कि आधुनिक जांच के उपयोग को रोग निदान का एक एकीकृत पहलू बनाना चाहिए। आरएमएल पैथोलॉजी की सीईओ और निदेशक डॉ. बंदना मेहरोत्रा ने डिजिटल पैथोलॉजी के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि आज डिजिटलीकरण ने पैथोलॉजी में एक क्रांति ला दी है। इस मौके पर उत्कृष्ट योगदान देने वाले पैरामेडिकल स्टॉफ को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में केजीएमयू की प्रतिकुलपति डॉ. अपजीत कौर, डीन फैकल्टी मेडिसिन डॉ. अमिता जैन, आरएमएलआईएमएस के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मनीष कुमार सिंह प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### डेंगू, मलेरिया जागरूकता रथ रैली को किया रवाना

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोगों को डेंगू, मलेरिया बीमारियों से बचाव के लिए पांच दिवसीय जागरूकता रथ रैली सीएमओ ऑफिस से रवाना की गई है। रैली का आयोजन स्वास्थ्य विभाग और संस्था फैमिली हेल्थ इंडिया सामजिक प्रयास से किया गया है। बुधवार को सीएमओ ऑफिस से सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल ने रैली को हरी झंडी दिखाई। पांच दिन के अभियान में यह रैली शहर के 200 मिलन बस्तियों में जाकर लोगों को बीमारियों से बचाव को लेकर जागरूक करेगी। जिला मलेरिया ऑफीसर रितु श्रीवास्तव ने बताया कि पहले दिन बुधवार को अभियान का रथ सीएमओ कार्यालय से मायावती कालोनी से होते हुए इंदिरा नगर के मलिन बस्तियों में जाकर जागरुक करने का काम किया है। कुल 20 बस्तियों में आज का अभियान चलाया गया।

# फार्मेसी प्रैक्टिस रेगुलेशन एक्ट को लागू करने की मांग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में फार्मेसी प्रैक्टिस रेगुलेशन एक्ट-2015 को जल्द लागू कराए जाने समेत विभिन्न मांगों को लेकर बुधवार को यूनाइटेड वेलफेयर फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने ब्रजेश पाठक को ज्ञापन सौंपा।

एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन कुमार वर्मा ने बताया कि उत्तर प्रदेश फार्मेसी काउंसिल में वर्तमान समय में फार्मासिस्टो के नए रजिस्ट्रेशन, नवीनीकरण व स्थानान्तरण के कार्य नहीं हो रहे हैं। जिसके कारण समस्या आ रही है। इससे फार्मासिस्टो में रोष उत्पन्न हो रहा है। इस पर उपमुख्यमंत्री ने एसोसिएशन के पदाधिकारियों को जल्द से जल्द उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।


उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से मुलाकात करते एसोसिएशन के पदाधिकारी

### कुर्मांचल नगर में बनी सड़क के टेंडर मामले में लीपापोती

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम में वार्ड विकास निधि के नाम पर बनी हुई सड़कें दोबारा बनाने का मामला तूल पकड़ता दिख रहा है। नगर निगम के अभियंताओं ने स्थल का निरीक्षण किये बिना कुर्मांचल नगर में सड़क और नेहरू एन्क्लेव में पार्क व इंटरलाकिंग सड़क का टेंडर करा दिया था। मामला संज्ञान में आने के बाद जिम्मेदारों पर कार्रवाई तो दूर लीपा-पोती शुरु हो गई है। नगर निगम के जिम्मेदार अभियंता बचाव में एलडीए पर ठीकरा फोड़ रहे हैं। मंगलवार को महापौर सुषमा खर्कवाल ने अधिकारियों के साथ कुर्मांचल नगर स्थित स्थल का निरीक्षण किया। उनके साथ नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह, मुख्य अभियंता महेश वर्मा, अवर अभियंता शिल्पी सिंह और क्षेत्रीय निवासी उपस्थित रहे। महापौर ने अधिकारियों को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कुर्मांचल नगर और नेहरू एन्क्लेव में पार्क व इंटरलाकिंग सड़क का नगर निगम टेंडर निरस्त कराएगा।

### मातृ एवं शिशु रेफरल अस्पताल में रक्तदान भी कर सकेंगे

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोहिया संस्थान के गोमतीनगर विस्तार स्थित मातृ एवं शिशु रेफरल अस्पताल में अब मरीज के तीमारदार रक्तदान भी कर सकेंगे। अभी तक अस्पताल के रक्त कोष से खून तो मिल जाता था। लेकिन रक्तदान के लिए तीमारदारों को करीब 10 किलोमीटर दूर लोहिया संस्थान जाना पड़ता था। रक्तदान की सुविधा गुरुवार से शुरू करा दी जाएगी। ब्लड एंड ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुब्रत चन्द्रा ने बताया कि अभी मातृ शिशु रेफरल अस्पताल में रक्त कोष का संचालन हो रहा है। मरीजों को खून तो वहीं मिल रहा है, लेकिन तीमारदारों को रक्तदान के लिए मुख्य परिसर आना पड़ता है। अब ब्लड बैंक एवं कम्पोनेंट का लाइसेंस मिल चुका है। गुरुवार से रक्तदान की सुविधा भी शुरू की जा रही है। तीमारदार खून के बदले रक्तदान कर सकेंगे।

# झलकारीबाई महिला अस्पताल में लगाई गई सीपीएपी मशीन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ नवजातों के इलाज में मिलेगी सहूलियत

**अमृत विचार :** हजरतगंज स्थित झलकारीबाई महिला अस्पताल में अब फेफड़े की बीमारी से ग्रसित गंभीर नवजातों को दूसरे अस्पताल में इलाज के लिए रेफर नहीं किया जा सकेगा। अस्पताल में कॉन्सियस पॉजिटिव एयर-वे प्रेसर (सीपीएपी) मशीन लग चुकी है। इसके साथ ही अस्पताल में पांच नए वॉर्मर भी लगाए गए हैं।

अस्पताल में रोजाना 400 के करीब ओपीडी होती है, रोजाना 7-8 प्रसव कराए जाते हैं। वहीं अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में 14 वॉर्मर थे जिसमें 5 और नए वॉर्मर लगाए हैं। इसके बाद कुल 19 वॉर्मर अस्पताल में हो चुके हैं। अस्पताल की सीएमएस डॉ. निवेदिता कर ने बताया कि सीपीएपी मशीन का उपयोग नवजात के इलाज में किया जाता है, जिनके फेफड़े पूरी तरह से विकसित नहीं हुए होते हैं। यह मशीन बच्चे के फेफड़ों को फुलाने में मदद करने के लिए नाक से हवा भरती है। उन्होंने कहा कि इससे पहले गंभीर नवजात को हमें क्वीनमेरी या अवंतीबाई के लिए रेफर करना पड़ता था, लेकिन अब यहीं सुविधा उपलब्ध है।

### नमो एप के माध्यम से प्रधानमंत्री से जुड़ने की अपील

**अमृत विचार, लखनऊ :** नमो ऐप अभियान के तहत मंगलवार को वन स्टॉप सेंटर में कैंप का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने नमो ऐप के माध्यम से प्रधानमंत्री से सीधे जुड़ने की लोगों से अपील की। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में एम्बेसडर बनकर अभियान में अपना सहयोग देने के लिए भी ऐप के माध्यम से सक्रिय योगदान दे सकते हैं। उपस्थित लोगों को ऐप डाउनलोड कराया और अधिक से अधिक लोगों को भी ऐप डाउनलोड कराने की अपील की। नमो ऐप के माध्यम से लोग प्रधानमंत्री को सुझाव भी भेज सकते हैं। अभियान में भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ महानगर सह संयोजक डॉक्टर रूबी राज सिन्हा एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# चीफ फार्मेसिस्ट हुए सेवानिवृत्त, विदाई समारोह आयोजित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल प्रशासन और कर्मचारियों की ओर से आयोजित कार्यक्रम में सेवानिवृत्त फार्मासिस्ट व अन्य।

**अमृत विचार :** हजरतगंज स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल के दो चीफ फार्मेसिस्ट आरएन यादव और एमपी चौधरी सेवानिवृत्त हो गए हैं। इस मौके पर अस्पताल प्रशासन और कर्मचारियों की ओर से बुधवार को उनके सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर अस्पताल निदेशक डॉ. सुनील भारतीय ने कहा कि अस्पताल को आगे बढ़ाने में दोनों चीफ फार्मेसिस्टों का विशेष योगदान रहा है। सीएमएस डॉ. राजेश श्रीवास्तव तथा एमएस डॉ. एसआर सिंह ने दोनों का सम्मान किया और उनके सुखद भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन करते हुए चीफ फार्मेसिस्ट सुनील यादव ने दोनों फार्मेसिस्टों के कार्यों की सराहना की। इस मौके एसएम सिंह, ओपी पटेल, श्रवण चौधरी, अरविंद वर्मा, पंकज रस्तोगी, पीसी कुमार, अजीत कुमार, रजनीश पांडे, शोएब, कासिम अली, सुमन सिंह, प्रतिमा जायसवाल, अनीता अवस्थी, अलका श्रीवास्तव, विवेक तिवारी, रविन्द्र यादव आदि मौजूद रहे।

## सक्रियता

### नादरगंज में कुछ वकीलों के सहयोग से योजनाबद्ध तरीके से कब्जा की गई करोड़ों की भूमि

# यूपीएसआईसी की जमीन होगी कब्जा मुक्त, डीएम को लिखा पत्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


बद्री नगर इंडस्ट्रियल एरिया नादरगंज में यूपीएसआईसी की जमीन पर दीवार व गेट लगाकर किया गया कब्जा। अमृत विचार

▸▸ राजस्व विभाग की जांच में पुष्टि होने पर एमडी ने कब्जेदार पर कार्रवाई के लिए लिखा

**अमृत विचार :** सरोजनी नगर के नादरगंज में कुछ वकीलों के सहयोग से योजनाबद्ध तरीके से कब्जा की गई उप्र लघु उद्योग निगम (यूपीएसआईसी) की करोड़ों रुपये की जमीन जिला प्रशासन मुक्त कराएगा। राजस्व विभाग की जांच में कब्जा की पुष्टि होने पर प्रबंध निदेशक राजेश कुमार ने जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार को कार्रवाई के लिए पत्र लिखा है।

बद्री नगर इंडस्ट्रियल एरिया नादरगंज में यूपीएसआईसी की जमीन खसरा संख्या 3418 पर ग्राम अमौसी निवासी रवि गुप्ता कब्जा किए हुए है। स्थानीय लोगों के अनुसार रवि ने पिछले माह दिनदहाड़े योजनाबद्ध तरीके से सीमेंट के पिलर से बाउंड्रीवाल और गेट लगाकर जमीन पर कब्जा कर लिया। इसमें कुछ वकीलों ने सहयोग किया। आसपास के लोगों ने विरोध किया तो उन्हें धमकी दी। जबकि सूचना देने पर पुलिस भी मिलीभगत के कारण नहीं पहुंची। इधर, निगम की जमीन पर कब्जे की जानकारी पर यूपीएसआईसी के प्रबंध निदेशक राजेश कुमार ने राजस्व विभाग से जांच कराई थी। जांच में रवि गुप्ता द्वारा कब्जा करने की पुष्टि हुई। यह रिपोर्ट एडीएम प्रशासन डॉ. शुभि सिंह ने दिसंबर में यूपीएसआईसी कानपुर मुख्यालय भेजी थी। प्रबंध निदेशक ने जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार को पत्र भेजा है। अब जिला प्रशासन एंटी भू-माफिया अभियान के तहत टीम बनाकर निर्माण पर बुलडोजर चलाएगा। बताया गया कि यह लोग गिरोह बनाकर जमीनों पर कब्जा करते हैं। इसी तरह तीन चार जमीन और कब्जा किए हुए हैं।

### स्थलीय निरीक्षण के बाद ही बनाया जाएगा एस्टीमेट

**अमृत विचार, लखनऊ :** बनी हुई सड़क का नगर निगम के अभियंताओं द्वारा एस्टीमेट तैयार करने का मामला सामने आने के बाद महापौर सुषमा खर्कवाल ने कैंप कार्यालय में मंगलवार को समस्त अधिकारियों व अभियंताओं के साथ बैठक की। उन्होंने विकास कार्यों के टेंडर कराने के लिए नई गाइडलाइन जारी की। बैठक में निर्णय लिया कि किसी भी मद का एस्टीमेट स्थलीय निरीक्षण के बाद ही बनाया जाएगा। महापौर ने कहा कि एस्टीमेट में जोनल अधिकारी भी हस्ताक्षर करेंगे। जोनल अधिकारी गृहकर, अतिक्रमण के साथ वार्डों में विकास की जाने वाली सड़क मरम्मत के लिए जिम्मेदार होंगे। इंटरलॉकिंग कार्यों के स्थान सीसी रोड को प्राथमिकता दी जाएगी। बैठक में नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह, अपर नगर आयुक्त, मुख्य अभियंता, समस्त अधिशासी अभियंता, जोनल अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# विधानसभा सत्र : सख्त होगी सुरक्षा व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ विधानभवन व आस-पास का क्षेत्र 2 जोन और 7 सेक्टर में बांटा गया

**अमृत विचार :** विधानसभा सत्र दो फरवरी से शुरू हो रहा है। इलाके में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखने के लिये क्षेत्र को दो जोन और सात सेक्टर में बांटा गया है। सत्र के शुरू होकर समाप्त होने तक के लिये संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था उपेंद्र कुमार अग्रवाल ने महकमे के अफसर कर्मियों की जिम्मेदारी तय कर दी है।

जेसीपी ने बताया विधानसभा सत्र के दौरान आसपास के एरिया में सुरक्षा व्यवस्था का खाका खींचा गया है। इसके लिये महकमें के अफसर कर्मियों की ड्यूटी लगायी गयी है। जोन प्रभारी के रूप में अपर पुलिस उपायुक्त रैंक के अधिकारियों को नामित किया है। जबकि सेक्टर प्रभारी सहायक पुलिस आयुक्तों को बनाया गया है। बताया कि दो अपर पुलिस उपायुक्त, सात सहायक पुलिस आयुक्त, 82 उपनिरीक्षक, 8 महिला उपनिरीक्षक, 293 आरक्षी, 56 महिला आरक्षी, छह पीएसी, छह कंपनी आरआरएफ, 30 कमांडो, 153 एलआईयू की तैनाती की गयी है। इसके अलावा प्रवेश द्वारों पर चेकिंग के लिये 18 डीएफएमडी, 40 एचएचएमडी और 4 एएस चेक टीम, 2 बीडीएस टीम और एक एन्टी माइन्स टीम की ड्यूटी लगायी गयी है। चार कंपनी पीएसी लगायी गयी है।

### परिसर के बाहर इनकी रहेगी निगरानी

विधान मंडल परिसर के बाहर सड़कों पर 5 सहायक पुलिस आयुक्त, 24 निरीक्षक, 91 उपनिरीक्षक, 21 महिला उपनिरीक्षक, 121 मुख्य आरक्षी, 72 महिला आरक्षी, 5 कंपनी पीएसी, 2 प्लाटून पीएसी की ड्यूटी लगायी गयी है।

### इन पर होगी यातायात व्यवस्था की जिम्मेदारी

अपर पुलिस उपायुक्त यातायात के नेतृत्व में 2 सहायक पुलिस आयुक्त, 4 यातायात निरीक्षक, 37 उपनिरीक्षक/एचसीपी यातायात और 143 आरक्षियों की ड्यूटी लगायी गयी है। 3 सशस्त्र एटीएस टीमें विधानमंडल परिसर में तैनात रहेंगी। 6 वॉच टावरों पर 12 सुरक्षाकर्मी मुस्तैद रहेंगी और 2 सीसीटीवी कंट्रोल रूम बनाये गए हैं।

## एक नजर

### सीबीआई के हत्थे चढ़े ईपीएफओ के दो अफसर समेत तीन भेजे गए जेल

**राज्य ब्यूरो, अमृत विचार :** घूसख़ोरी में सीबीआई के हत्थे चढ़े भविष्य निधि प्रशासन (ईपीएफओ) के सहायक भविष्य निधि आयुक्त, प्रवर्तन अधिकारी तथा दलाल (मध्यस्थ) जेल भेजे गए। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने एक शिकायत के आधार पर मंगलवार को सीबीआई ने जाल बिछाया तथा आरोपी प्रवर्तन अधिकारी पुनीत सिंह और मध्यस्थ मनीष सिंह को 8 लाख रुपये घूस लेते गिरफ्तार कर लिया। सीबीआई के अनुसार रिश्वत धनराशि कथित तौर पर सहायक भविष्य निधि आयुक्त, ईपीएफओ, लखनऊ के लिए ली गई थी, इसलिए सहायक भविष्य निधि आयुक्त ज्ञानेंद्र कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया गया था। बुधवार को सीबीआई कोर्ट के विशेष न्यायाधीश, लखनऊ के समक्ष पेश किया।

### महिला सुपरवाइजर ने मैनेजर पर लगाया प्रताड़ित करने का आरोप

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** सरोजनीनगर स्थित चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर बीवीजी कम्पनी में सुपरवाइजर के पद पर तैनात एक महिला ने कम्पनी के ही फैकल्टी मैनेजर पर जबरन त्याग पत्र देने, जान से मारने व अश्लील हरकतें करने के साथ ही शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर स्थानीय पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है। रायबरेली जनपद के ऊंचाहर थाना क्षेत्र के मसौदाबाद-रसूलपुर निवासी किरन गुप्ता चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर बीवीजी कम्पनी में सुपरवाइजर के पद पर तैनात है। किरन का आरोप है कि कम्पनी में ही फैकल्टी मैनेजर के पद पर तैनात राजधानी के अशोकनगर-आलमनगर निवासी संजीव मलिक उसे आए दिन शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हैं। पीड़िता की तहरीर पर स्थानीय पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

# पेड़ पर फंदे से लटका मिला हाईस्कूल की छात्रा का शव

## परिजन ने हत्या की जताई आशंका, कई बिंदुओं पर तफ्तीश जारी, छात्र के चेहरे समेत कई अंगों पर मिले जख्म के निशान

संवाददाता, लखनऊ/काकोरी

**अमृत विचार :** काकोरी थानाक्षेत्र अंतर्गत बहरु गांव में बड़ी नहर के समीप तालाब के पास लगे नीम के पेड़ से ग्रामीणों ने बुधवार सुबह हाईस्कूल की छात्रा सरिता उर्फ सविता (20) को फंदे से लटका पाया। इसके बाद ग्रामीणों ने फौरन परिजनों को जानकारी देते हुए पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से पूछताछ के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। छात्र के चेहरे समेत शरीर के कई अंगों पर जख्म के निशान देख परिजनों ने बेटी की हत्या किए जाने की आशंका जताते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की है।



छात्रा की मौत के बाद रोते बिलखते परिजन, इनसेट में छात्रा। अमृत विचार

हालांकि, देर शाम आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में छात्रा की मौत दबा दबाने से हुई थी। इसके बाद पुलिस ने प्रेमी पर हत्या की एफआईआर दर्ज कर उसे हिरासत में लिया है। जहां उससे पूछताछ की जा रही है।

### पीछे के रास्ते घर से बाहर निकली थी छात्रा

एसीपी काकोरी शकील अहमद के मुताबिक, बहरु गांव निवासी होरीलाल खेतीबाड़ी करते हैं। पिता होरीलाल ने बताया कि बेटी सरिता नई बस्ती गांव के एक विद्यालय में दसवीं कक्षा में पढ़ती थी। मंगलवार रात करीब 10 बजे बेटी खाना खाने के बाद बरामदे में सोने चली गई। परिवारिक सदस्यों के सो जाने के बाद बेटी दबे पांव छत पर गई और पीछे के रास्ते से उतर बाहर चली गई। बुधवार की सुबह परिजनों की नींद खुली तो सरिता घर पर नहीं मिली। जिसके बाद परिजन बेटी को आसपास खोजने लगी। बताया कि सुबह करीब 7 बजे ग्रामीणों ने गांव के बाहर बड़ी नहर के समीप तालाब किनारे नीम के पेड़ से बेटी सरिता को फंदे से लटकता पाया। आग की तरह यह सूचना पूरे गांव में फैल गई। घटनास्थल पर पहुंचे परिजनों ने बेटी की दशा देख हत्या किए जाने की आशंका जातते हुए फौरन पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी।

### मानसिक रूप से प्रताड़ित करता था प्रेमी

काकोरी प्रभारी निरीक्षक नवाब अहमद ने बताया कि घटनास्थल से पुलिस ने छात्रा की शॉल, जैकेट और चप्पलें भी बरामद की है। शॉल पानी में भीग चुका था। वहीं छात्रा के मुंह और शरीर के कई अंगों से खून निकलता देख परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। सूत्रों की मानें तो, देर शाम तक पुलिस ने करीब 7 लोगों को हिरासत में लेकर उसने पूछताछ भी की। बयान के दौरान पिता होरीलाल ने बताया कि करीब चार वर्ष पूर्व गांव के बृजेश मौर्य से बेटी का प्रेम-प्रसंग था। आरोप है कि प्रेमी जबरन उनकी बेटी से शादी करने का दबाव देते हुए मानसिक रूप से प्रताड़ित करता था। इनकी भनक लगते हुए उन्होंने सरिता की शादी मलिहाबाद के एक गांव से तय की थी, लेकिन प्रेमी ने रिश्ता तुड़वा दिया था। जिस वजह से बेटी तनाव में रहती थी।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर प्रेमी हत्या की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर उसे हिरासत लिया गया है। घटनास्थल पर मिले साक्ष्य के आधार पर घटनामें शामिल अन्य लोगों की भी तलाश की जा रही है।

–राहुल राज, डीसीपी पश्चिम

### वारदात में इस्तेमाल की गई कार

सूत्रों की मानें तो प्रेमी ने फोन पर छात्रा को पीछे घर के पीछे बुलाया था। इस बात की पुष्टि गली में कार के टायरों की छाप बयां कर रही है। ग्रामीणों ने कयास लगाया कि कार में छात्रा के साथ गलत हरकत कर उसकी हत्या कर दी गई।

### सचिवालय में नौकरी दिलाने के नाम पर बीमा एजेंट ने की ठगी

**अमृत विचार, लखनऊ/ठाकुरगंज :** बुजुर्ग दंपति के बेटे को सचिवालय में नौकरी दिलाने के नाम पर बीमा एजेंट ने उनसे ढाई लाख रुपये ऐंठ लिए। नियुक्त न होने पर दंपति ने बीमा एजेंट से रुपये वापस मांगे तो वह धमकी देने लगा। प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत राय के मुताबिक, न्यू हैदरगंज रिफा कॉलोनी निवासी हरिनाम सिंह ने अयोध्यापुरी भूहर निवासी बीमा एजेंट विजय वर्मा के खिलाफ धोखाधड़ी की प्राथमिकी दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि गत 25 वर्षों से वह बीमा एजेंट को जानते हैं। आरोप है कि बीमा एजेंट ने उनके छोटे बेटे को सचिवालय के कम्प्यूटर सहायक विभागीय में संविदा पर नौकरी दिलाने के नाम पर ढाई लाख रुपयों की मांग की। हामी भरते हुए कई मद में बीमा एजेंट को रुपये ट्रांसफर किए। इसके बावजूद पीड़ित के बेटे को नियुक्ति नहीं मिली। इस पर पीड़ित ने रुपये वापस मांगे तो वह बदसुलूकी कर धमकी देने लगा। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बीमा एजेंट के खिलाफ सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है।

# पत्नी के गले पर चाकू रख गर्भवती से की मारपीट

संवाददाता, लखनऊ/ठाकुरगंज

- महिला ने ससुराल पक्ष वालों के खिलाफ ठाकुरगंज थाने में दी तहरीर
- मामला ठाकुरगंज के माली खां सराय क्षेत्र का है

**अमृत विचार :** ठाकुरगंज थानाक्षेत्र अंतर्गत माली खां सराय में परिवारिक सदस्यों के संग ससुराल आए युवक ने पत्नी के गले पर चाकू पर एक गर्भवती की लात-घूंसों से पिटाई कर दी। हंगामा बढ़ने पर आरोपी ससुराल पक्ष वालों को जान से मारने की धमकी देते हुए घटनास्थल से भाग निकाला। हालांकि, तहरीर के आधार पर ठाकुरगंज पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत राय के मुताबिक, हाता सितारा बेगम, माली खाँ सराय निवासी मीना बानो ने पति आसाफ चिश्ती समेत छह परिवारिक सदस्यों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़िता ने बताया कि दंपती के कारण वह मायके में रहती है। बुधवार दोपहर करीब 12 बजे बड़ी बहन सबीना बानो भाभी सूफिया को ससुराल लेकर घर लौटी थी। बताया कि भाभी सूफिया आठ माह की गर्भवती है। आरोप है कि इसी बीच पति आसाफ, सास निगत परवीन, फुफिया सास रजिया, रुही, जेठानी सना और देवर अलताफ को लेकर मायके आ पहुंचा।

पीड़िता ने उन्हें घर से जाने को कहा, तब आरोपी ने बहन सबीना और भाभी सूफिया को फर्श पर गिराकर पिटाने लगे। बीच-बचाव के दौरान पति ने उसके गले पर चाकू रख गर्भवती भाभी को लात-घूंसों से पीट लहूलुहान कर दिया। हंगामा बढ़ने पर आरोपी धमकी देते हुए घटनास्थल से भाग निकले। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपियों पर मुकदमा दर्जकर उनकी तलाश की जा रही है।

### संपति विवाद में महिला पर किया पथराव

**अमृत विचार, लखनऊ :** आशियाना थानाक्षेत्र अंतर्गत औरंगाबाद जागीर क्षेत्र की रहने वाली महिला ने बताया कि विवादित भूमि को लेकर पड़ोसियों से उसकी अनबन चल रही है। गत 28 जनवरी पर पड़ोसी ने जमीन पर कब्जा करने का प्रयास करने लगे। तो वह छत पर खड़ी होकर विरोध करने लगी। आरोप है कि पड़ोसियों ने अश्लील टिप्पणियां कसते हुए पथराव कर दिया। सिर पर पत्थर पड़ने से वह लहूलुहान हो गई। हंगामा बढ़ने पर आरोपी महिला को धमकी देते हुए घटनास्थल से भाग निकले। एसीपी कैंट पंकज सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है, जिसकी गहनता से जांच की जा रही है।

# वाहन की टक्कर से छत गिरी, अंदर मौजूद दो संतरी गंभीर रूप से घायल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मामले में सेना ने कोर्ट ऑफ इनक्वायरी का दिया आदेश

**अमृत विचार :** कैंट इलाके में भारी वाहन की चपेट में आकर प्रवेश द्वारा के समीप छज्जा गिरने से संतरी पोस्ट की छत गिर गयी। पोस्ट में मौजूद दो संतरी गंभीर घायल हो गये। उन्हें आनन-फानन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना को लेकर सेना ने कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी का आदेश दिया है।

थाना अंतर्गत सेना के मध्य कमान मुख्यालय निवासी लेफ्टीनेंट कर्नल अजीत सिंह ने बताया 29 जनवरी की रात करीब 8.25 बजे सिपाही नील यादव भारी वाहन लेकर आर्मी की ड्यूटी के बाद मैकेनिकल ट्रांसपोर्ट एरिया में लौट रहा था। प्रवेश द्वार पर वाहन छज्जे से टकरा गया। इससे संतरी पोस्ट की छत गिरने से अंदर मौजूद दो संतरी राजेश कुमार पाल निवासी मार्डन सिटी मोहान रोड और अभिजीत कुमार गुप्ता निवासी बलिया गंभीर रूप से घायल हो गये। आसपास के जवानों ने आनन-फानन मलबा हटा दोनों संतरी को निकाल कर कमांड अस्पताल पहुंचाया। मामले में कर्नल ने थाने में तहरीर दी है। बताया घटना की जांच के लिये सेना की तरफ से कोर्ट ऑफ इंनक्वायरी के आदेश दिये गये हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी। बताया कि वाहन सेना की अभिरक्षा लिया गया है। इंस्पेक्टर गुरुप्रीत कौर ने बताया आरोपी चालक नील यादव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मामले की जल्द जांच कर आगे की कार्रवाई की जायेगी।



सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सेवानिवृत्त हुए फ़िल्म वितरण अधिकारी महेंद्र कुमार पांडेय, संवीक्षक लल्लू राम तथा मददगार अनिल शर्मा को बुधवार को सूचना निदेशालय के सभागार में विदाई समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। इस अवसर पर उप निदेशक प्रभात शुक्ल व ललित मोहन, सहायक निदेशक जितेंद्र प्रताप सिंह एवं सतीश चन्द्र भारती, मिनिस्ट्रियल कर्मचारी संघ के अध्यक्ष कपिल सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। अमृत विचार

# युवक को घर से उठा कर जंगल में मरणासन्न कर भागे हमलावर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बीबीडी इलाके का मामला आरोपियों की तलाश कर रही पुलिस

**अमृत विचार:** बीबीडी इलाके में रहने वाले युवक को घर से उठाकर जंगल में पीटकर मरणासन्न हालत में फेंकने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

उत्तरधौना निवासी ओम प्रताप सिंह ने बताया 30 जनवरी की शाम घर पर थे। इसी दौरान करीब छह से आठ लोग कमरे में घुसे और एक युवक का नाम लेते हुए गाली गलौज करने लगे और उसे पीटते हुए घर से बाहर खींच ले गए। इसके बाद बुलेट पर बिठाकर करीब दो किमी दूर जंगल में ले गए। जहां पर उसकी राड से पिटाई की। आरोपी उसे मरणासन्न हालत में छोड़ कर फरार हो गए। होश में आने पर वह किसी तरह घर पहुंचा।

पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर में आरोपियों से जान को खतरा बताते हुये सुरक्षा की गुहार लगाई है। इंस्पेक्टर बीबीडी अजय नारायण सिंह ने बताया अंकुश गोस्वामी, बृहस्पति पांडेय, दीपक, शिवेंद्र, विमल व दो अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### हमलावरों ने युवक का गला दबाकर मारने की कोशिश की

**अमृत विचार, लखनऊ :** आशियाना इलाके में घर में घुसकर युवक को जान से मारने की नीयत से गला दबाने का मामला सामने आया है। थाना अंतर्गत बंगला बाजार निवासी सोनी रावत पत्नी सोनू रावत ने बताया 29 जनवरी की शाम 6 बजे घर पर थी। इसी दौरान कुछ लोग दरवाजे पर आकर गाली गलौज करने लगे। विरोध करते हुये गेट बंद किया तो आरोपी तोड़ कर अंदर आ गये। पीड़िता के बेटे सिद्धार्थ का जान से मारने की नीयत से गला दबा दिया। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुये फरार हो गये। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। इंस्पेक्टर आशियाना छत्रपाल सिंह ने बताया आशीष रावत, राजरानी और नीरज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## सार-संक्षेप



कार्यक्रम के दौरान मौजूद अध्यापकों के साथ अभिभावक व विद्यार्थी। अमृत विचार

### अभिभावक शिक्षक गोष्ठी व वार्षिक उत्सव का हुआ आयोजन

**अमृत विचार, काकोरी :** बुधवार को कंपोजिट स्कूल भरोसा में प्रधानाध्यापक वीरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी व वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माननीय कल्याण सिंह वार्ड की पार्षद आशा रावत व खंड शिक्षा अधिकारी काकोरी राममूर्ति यादव द्वारा किया गया। विगत 8 माह में फुल अटेंडेंस वाले बच्चों व निपुण असेसमेंट वाले बच्चों व अभिभावकों को मुख्य अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

### नेत्रहीन पर किया जानलेवा हमला, जांच में जुटी पुलिस

**अमृत विचार, लखनऊ :** आशियाना थानाक्षेत्र अंतर्गत क्षेत्र के देवी खेड़ा निवासी कलावती ने बताया कि बेटा सुनील नेत्रहीन है। गत 28 जनवरी को बेटा घर के बाहर खड़ा था। इसी बीच मोहल्ले के रहने वाले रोहित और अनिकेत बेटे के पास पहुंचकर अभद्रता करने लगे। ऐतराज किए जाने पर आरोपी मारपीट करने लगे। सुनील की चीख सुनकर बड़ा बेटा विशाल भाई को बचाने पहुंचा। तब आरोपियों ने दोनों भाईयों पर जानलेवा हमला कर भाग निकले। महिला का कहना है कि इस सम्बन्ध में उसने सम्बन्धित थाने में तहरीर दी। बावजूद इसके पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। घटना के अगले दिन दबंगों ने उनके नेत्रहीन बेटे को बाइक पर बैठाकर पीटते हुए पूरे मोहल्ले में घुमाया। बुधवार को घटना से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तब पुलिस ने आनन-फानन में मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

### कबाड़ मंडी में लगी आग, मशक्कत से पाया काबू

**अमृत विचार, लखनऊ :** बीकेटी इलाके में कबाड़ मंडी में खड़ी गाड़ियों में आग लग गयी। आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। इलाके के केशव नगर पुलिस चौकी के सामने कबाड़ मंडी है। बताया जा रहा है मंगलवार रात करीब सवा 2 बजे कबाड़ में मंडी में खड़ी कंडम गाड़ियों में आग लग गयी। लपटें उठती देख आसपास के लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। आनन-फानन बीकेटी, चौक और इंदिरा नगर से पहुंचे दमकल कर्मियों ने चार टैंकर पानी से मशक्कत के बाद करीब एक घंटे में आग पर काबू पाया। जब तक आग पर काबू पाया गया। कई गाड़ियां जल चुकीं थी। घटना में किसी जनहानि की सूचना नहीं है।

### सैन्यकर्मी की पत्नी की फोटो की वायरल

**अमृत विचार, लखनऊ :** गुडम्बा थाने में एक सैन्यकर्मी ने साइबर जालसाजों के खिलाफ आईटी एक्ट की प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गत 29 जनवरी को क्षेत्र के रहने वाले सैन्यकर्मी के पास अनजान नंबर से कॉल आई। फोनकर्ता ने खुद को लोन ऐप कर्मी रवि के रुप में परिचय देते हुए कहा कि उनके भाई ने ऐप से लोन लिया है। जिसकी अदायगी नहीं की है। विरोध किए जाने पर एजेंट सैन्यकर्मी को अपशब्द कहने लगा। इसके बाद अरोपी ने सैन्यकर्मी और उनकी पत्नी की फोटो परिचितों के पास भेजी गई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

### दवा लेकर घर लौट रहे किसान को ट्रक ने रौंदा

**अमृत विचार, लखनऊ :** मोहलालगंज कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत बाबूखेड़ा में बुधवार शाम दवा लेकर घर लौट रहे किसान बुद्धीलाल (62) को ट्रक ने रौंद दिया। घटनास्थल पर उसकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक आलोक राव ने बताया कि भागूखेड़ा निवासी बुद्धीलाल बुधवार दोपहर में दवा खरीदने के लिए घर से निकले थे। वापस लौटते वक्त बाबूखेड़ा के पास मौरंग उतार कर लौट रहे ट्रक ने किसान को टक्कर मार दी। भागने के प्रयास में ट्रक का पहिया किसान के ऊपर चढ़ गया था। जिससे मौके पर ही बुद्धीलाल की मौत हो गई। हालांकि, आक्रोशित भीड़ ने ट्रक चालक राजू को दबोच उसे पुलिस के हवाले कर दिया है।

### किशोरी को अगवा करने का आरोप

**अमृत विचार, काकोरी :** पारा थाने में एक फर्नीचर कारोबारी ने बाल अपराची पर नाबालिग बेटी से छेड़छाड़ किए जाने और अगवा किए जाने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। आरोप है कि गत 16 जनवरी को बेटी उनकी दुकान पर पहुंची। उसकी बीच आरोपी ने बेटी को अगवा करने की कोशिश की। विरोध करने पर आरोपी ने साथियों के संग उससे मारपीट भी की।

### साइबर ठगों ने खाते से निकाले 32 हजार

**अमृत विचार, लखनऊ :** कृष्णानगर कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत विजयनगर निवासी सोनम सिंह गत 28 जनवरी को अपने यूपीआई से सहेली को दो हजार रुपये भेज रही थी। तभी रुपया पेंडिंग में ही फंस गया। इस पर सोनम ने कस्टम केयर नंबर पर संपर्क किया। फोन रिसीव होने पर उनकी बात अनिल से हुई। जालसाज ने मदद के बहाने सोनम के यूपीआई से 32 हजार रुपये निकाल लिए है।

# महिला का संदिग्ध हालात में फंदे से लटका मिला शव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पति समेत पांच पर गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** इंदिरानगर इलाके में संदिग्ध हालात में महिला का शव फंदा से लटका मिला। मायके वालों ने हत्या कर शव फंदा से लटकाने का आरोप लगाया है। मामले में पति समेत पांच के खिलाफ पुलिस ने गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस मामले में जांच कर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

गुड़म्बा थाना अंतर्गत पलका गांव निवासी मेहंदी हसन ने बताया बेटी अलकमा की शादी तीन वर्ष पहले सूगामऊ निवासी तसव्वर के संग की थी। शादी के बाद से ही ससुरालवाले बेटी को छोटी-छोटी बातों को लेकर प्रताड़ित करने लगे। विरोध करने पर उसे पीटते थे। मामला बढ़ने पर कई बार ससुरालवालों को समझाया। लेकिन उनके रवैय्या में बदलाव नहीं हुआ। पिता का कहना है कि बुधवार करीब 12 बजे दामाद ने बेटी की मौत होने की जानकारी दी। वह मौके पर सूगामऊ दामाद के घर पर पहुंचा तो वहां कोई मौजूद नहीं मिला। काफी तलाश के बाद ससुरालवाले मिले तो घर ले गये। जहां कमरे का दरवाजा आधा खुला मिला और अलकमा का शव बेड के ऊपर दुपट्टे से फंदा से लटका मिला।

# उधारी मांगने पर युवक को पीटा पत्नी को अगवा करने की दी धमकी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गोमतीनगर विस्तार थाना क्षेत्र का मामला, पुलिस जांच में जुटी

**अमृत विचार :** गोमतीनगर विस्तार इलाके में उधारी मांगने पर युवक को पीटकर उसकी पत्नी को अगवा करने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।

थाना अंतर्गत छोटा भरवारा निवासी वरुन सिंह ने बताया एक परिचित ने उससे डेढ़ लाख रुपये उधारी ली थी। निर्धारित समय सीमा के बाद भी रुपये वापस नहीं किये। मांगने पर लगातार टाल मटोल कर रहे थे। इसके चलते उनकी गाड़ी खड़ी करा ली थी। 29 जनवरी को रात करीब 10 बजे अपार्टमेंट के समीप खड़ा था। इसी समय आरोपी आरोपी शमशेर अली समेत कुछ अन्य पहुंचे और गाड़ी ले जाने का प्रयास किया। विरोध करने पर गाली गलौज कर उसे पीटने लगे। बीच बचाव करने पत्नी पहुंची तो अभद्रता कर उसे अगवा करने की धमकी दी। पड़ोसियों के पहुंचने पर आरोपी जानमाल की धमकी देते हुये भाग निकले।

पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। इंस्पेक्टर सुधीर कुमार अवस्थी ने बताया समशेर समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे कर कार्रवाई की जा रही है।

# ग्राम प्रधान व साथियों पर प्राथमिकी

संवाददाता, लखनऊ/काकोरी

- किसान के दरवाजे पर अज्ञात लोगों ने की थी फायरिंग
- ग्राम प्रधान से पूछताछ करने में जुटी पुलिस

**अमृत विचार :** दुबग्गा थानाक्षेत्र अंतर्गत बनियाखेड़ा गांव में किसान के दरवाजे पर फायरिंग किए जाने के मामले में पुलिस ने देर रात ग्राम प्रधान नवीन यादव समेत पांच साथियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

गौरतलब है कि 29 जनवरी की रात करीब 1 बजे बनिया खेड़ा गांव निवासी अरुण शर्मा के घर पर अज्ञात बदमाश फायरिंग घटनास्थल भाग निकले थे। गनीमत थी कि गोली दरवाजे को भेदते हुए पार निकल गई जबकि भीतर सो रहे अरुण शर्मा इस हमले से बाल-बाल बच गए थे। इस घटना को लेकर अरुण ने ग्राम प्रधान नवीन यादव साथी अजीत रावत, राहुल रावत, बेचालाल रावत और राजू रावत से अपनी जान का खतरा बताते दुबग्गा थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

पीड़ित का कहना है कि प्रधान उसकी पुश्तैनी जमीन को दबंगई के बल पर हथियाना चाहता है। इसका विरोध करने पर ग्राम प्रधान साथियों के संग मिलकर उसे जान से मारने और फर्जी मुकदमें में जेल भिजवाने की भी धमकी देता है। प्रभारी निरीक्षक अभिनव वर्मा ने बताया कि मामले की गहनता से जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

**जहरीला धंधा** | पीड़ितों ने स्थानीय पुलिस पर कार्रवाई न करने का लगाया आरोप

# छात्रों व युवाओं को सिगरेट में गांजा व कोल्ड ड्रिंक में पिला रहे मादक पदार्थ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पुलिस उपायुक्त उत्तरी से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग
- खुद को रिटायर्ड वायुसेना कर्मी बताता है आरोपी
- उच्च न्यायालय लखनऊ की खंड पीठ में कार्यरत बताकर करता है दबंगई

**अमृत विचार :** गाजीपुर इलाके में फास्ट फूड कार्नर की आड़ में सिगरेट में गांजा और कोल्ड ड्रिंक में मादक पदार्थ मिलाकर छात्रों व युवाओं को नशे का लती बनाने का मामला सामने आया है। कुकरैल बंधा की जमीन पर कब्जा कर कार्नर खोल रखा है। कॉलोनी वासियों की शिकायत को स्थानीय पुलिस नजर अंदाज करती रही। पीड़ितों ने एडीसीपी उत्तरी से सुरक्षा की गुहार लगायी। तब पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।

गाजीपुर थाना अंतर्गत मानस विहार शक्तिनगर निवासी अमित कुमार व अन्य ने बताया उसके घर से करीब 100 मीटर दूरी पर कुकरैल बांध की जमीन पर कब्जा कर फास्ट फूड कार्नर खुला है। संबंधित व्यक्ति खुद को वायुसेना से रिटायर कर्मी बता रहा है। वर्तमान में उच्च न्यायालय लखनऊ की खंड पीठ में कार्यरत बता दंबगई करता है। आरोपी है कि फास्ट फूड कार्नर उसके परिवार के सदस्य चलाते हैं। जहां बड़ी संख्या में कॉलेजों के छात्र-छात्राएं पहुंचते हैं, जिन्हें सिगरेट में गांजा और कोल्ड ड्रिंक में मादक पदार्थों का सेवन करा नशे का लती बनाया जा रहा है। शिकायत कर्ता का कहना है कि रोजाना शाम को लग्जरी गाड़ियों से वहां पर जमघट लगता है। युवक-युवतियों नशे का सामान लेकर कार्नर से लेकर सड़क व कॉलोनी तक नशे में धुत होकर घूमते हैं। ऐसे में यहां से आवाजाही करने वाली युवतियों व महिलाओं को अक्सर नशेड़ियों की छींटाकशी का सामना करना पड़ता है। पीड़ित ने एडीसीपी उत्तरी को दिये शिकायती पत्र में बताया कि कई बार स्थानीय पुलिस को लिखित में मामले से अवगत कराया, लेकिन सुनवाई नहीं हुई।

### नशे के कारोबार का विरोध करने पर दी धमकी

अमित कुमार का कहना है कि तीन माह पूर्व कार्नर संचालक से मिलकर नशे के कारोबार को बंद करने की बात कही। इस पर आरोपियों ने मामले से दूर नहीं रहने पर जान माल का नुकसान उठाने की धमकी दी। इस पर कई कालोनी वासियों के संग लेखराज चौकी इंचार्ज से शिकायत की, सुनवाई नहीं होने पर सीएम पोर्टल पर भी ऑनलाइन मामला दर्ज कराया। इसके बाद भी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गयी।

### घर में घुस कुत्तों से हमला कराने का प्रयास

शिकायतकर्ता ने बताया कि एक दिन कुछ रिश्तेदार उसके घर आये थे। इसी दौरान कार्नर संचालक कई साथियों के संग विदेश नस्ल के खूंखार कुत्तों के संग पहुंचा। घर में महिलाएं थी, आरोपी उनसे अभद्रता कर फब्तियां कसने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने कुत्तों से हमला कराने का प्रयास किया। पत्नी ने पुलिस के हेल्प लाइन नंबर पर कॉल की, लेकिन काफी इंतजार के बाद भी कोई नहीं पहुंचा।

### क्या बोले जिम्मेदार

इंस्पेक्टर गाजीपुर विकास राय ने बताया पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर शक्तिनगर निवासी संजय कुमार, संतोष कुमार, श्रेय सिंह, रोहित सिंह व सात अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## एक नजर

### महाभारत कालीन नगरीय योजना पर व्याख्यान

**अमृत विचार, लखनऊ :** पुरातात्विक धरोहरों के प्रचार-प्रसार और उनके संरक्षण के लिए जागरूकता फ़ैलाने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व विभाग ने बुधवार को पुरातत्व अभिरुचि पाठ्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण भोपाल के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. भुवन विक्रम ने पुरातात्विक स्थल अहिच्छत्रा के उत्खनन विषय पर अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि महाभारत काल में किस प्रकार के नगर की योजना थी और लोग किस प्रकार के बर्तनों का उपयोग खाना पकाने और खाने में करते थे। उस दौर में लोग किस प्रकार के आभूषणों का प्रयोग करते थे। राज्य पुरातत्व विभाग की निदेशक डॉ. रेनू द्विवेदी ने डॉ. भुवन विक्रम को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में बाराबंकी, लखीमपुर-खीरी, जौनपुर, सीतापुर, रायबरेली, गोंडा आदि जिलों के 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सहायक पुरातत्व आधिकारी डॉ. राजीव कुमार त्रिवेदी के संचालन में हुए इस कार्यक्रम में उत्खनन एवं अन्वेषण अधिकारी राम विनय, सहायक पुरातत्व अधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार रस्तोगी और प्रकाशन सहायक बलिहारी सेठ मौजूद रहे।

# फिरोजाबाद का नाम जल्द होगा चन्द्रनगर : जयवीर

## शौरीपुर व बटेश्वर के विकास के लिए तय किया गया 138 करोड़ रुपये का बजट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में आयोजित उत्तर प्रदेश जैन विद्या शोध संस्थान के 37वें स्थापना दिवस पर प्रदेश के संस्कृति और पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि जैन धर्म के 22वें तीर्थंकर नेमिनाथ की जन्मस्थली शौरीपुर, अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म स्थली बटेश्वर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा।

सरकार ने इन स्थलों के विकास के लिए 138 करोड़ रुपये का बजट तय किया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले को 11वीं सदी में जैन राजा चंद्रसेन ने बसाया था। उन्हीं के नाम पर यह चन्द्रनगर था। अकबर राजा बना तो चन्द्रनगर का नाम फिरोजाबाद कर दिया गया। बहुत जल्द फिरोजाबाद को फिर से चन्द्रनगर किया जाएगा।

जयवीर सिंह ने बताया कि उनकी बहू फिरोजाबाद की जिला पंचायत अध्यक्ष हैं। उन्होंने फिरोजाबाद का नाम बदलकर चन्द्रनगर करने का प्रस्ताव पारित कर सरकार के पास भेज दिया है। इस संबंध में मुख्यमंत्री से भी बात हो चुकी है। बहुत जल्द फिरोजाबाद का नाम बदल दिया जायेगा।



जैन विद्या शोध संस्थान के 37वें स्थापना दिवस पर कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, साथ में अन्य।

- उत्तर प्रदेश जैन विद्या शोध संस्थान के 37वें स्थापना दिवस पर हुईं महत्वपूर्ण घोषणाएं

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने 2047 तक भारत को विकासशील राष्ट्र से विकसित राष्ट्र में बदल देने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस काम को करने में सबसे बड़ा योगदान विद्यार्थियों का होगा।

इस मौके पर पीठाधीश रवीन्द्रकीर्ति ने कहा कि अयोध्या में जैन धर्म के पांच तीर्थंकरों का जन्म हुआ है। इस नाते अयोध्या से जैन समाज का गहरा लगाव है। राम जन्मभूमि होने की वजह से अयोध्या का महत्व और भी बढ़ जाता है। उत्तर प्रदेश जैन विद्या शोध संस्थान के उपाध्यक्ष प्रो. अभय कुमार जैन ने ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। विशेष सचिव संस्कृति राकेश शर्मा ने स्थापना दिवस की शुभकामनायें दीं।

इस मौके पर उत्तर प्रदेश जैन विद्या शोध संस्थान के निदेशक अमित अग्निहोत्री, बौद्ध शोध संस्थान के निदेशक डॉ. राकेश सिंह, प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक एके जैन, भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष जम्बू प्रसाद जैन आदि मौजूद रहे।

संस्कृति व पर्यटन मंत्री ने इस मौके पर प्रदेश स्तरीय चित्रकला प्रदर्शनी के कलाकारों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले कलाकारों में अजय कुमार (अलीगढ़), प्रभाकर राय (अमेठी), संजय राय (हमीरपुर), सुमित कुमार (लखनऊ), प्रयांशु श्रीवास्तव और विनोद कुमार (सीतापुर), बिले नूर फातिमा (गोरखपुर) और अर्जुन सिंह राणा (बुलंदशहर) का नाम शामिल है।

इसके अलावा निबंध प्रतियोगिता में अंशिका सिंह (प्रथम), विवेक मोदी (द्वितीय), गार्गी रावत (तृतीय) रहीं. चित्रकला प्रतियोगिता में सगुन वर्मा (प्रथम), शहर बानो (द्वितीय) और शुभी मिश्रा (तृतीय) स्थान पर रहीं।

# 22 जिलों में बनाए जाएंगे 242 जनसेवा केंद्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- ग्राम पंचायतों के अतिरिक्त कक्ष निर्माण के प्रस्ताव स्वीकृत
- निर्माण के लिए मिले पांच-पांच लाख रुपये

**अमृत विचार :** 22 जिलों में लटके 242 जनसेवा केंद्र बनाने का रास्ता साफ हो गया है। प्रस्ताव स्वीकृत होने के साथ निर्माण के लिए पांच-पांच लाख रुपये बजट मिला है। इस बार एक लाख रुपये लागत बढ़ाई गई है। इससे किसी तरह की समस्या नहीं आएगी।

सभी ग्राम पंचायत के पंचायत भवनों में ग्रामीणों की सुविधा के लिए जनसेवा केंद्र संचालित होने हैं। जो सरकार की प्राथमिकता में हैं। अधिकांश पंचायत भवन छोटे होने के कारण जनसेवा केंद्र संचालित नहीं हो पा रहे हैं। ऐसे केंद्रों को पंचायती राज विभाग ने पहले चरण में चिह्नित कर अलग से कक्ष निर्माण कराने के लिए चार-चार लाख रुपये दिए थे और जनसेवा केंद्र संचालित किए गए। इसके बाद दूसरे चरण में 22 जिलों में 242 जनसेवा केंद्रों का जिलों से प्रस्ताव नहीं भेजा गया है। इस पर सख्ती बरती गई तो निदेशालय को प्रस्ताव भेजे गए जो स्वीकृत होने के साथ अतिरिक्त कक्ष बनाने के लिए पांच-पांच लाख रुपये निर्माण के लिए बजट दिया गया है। निर्माण सामग्री महंगी होने के कारण एक लाख रुपये बढ़े हैं।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबन्धक (इंजी.)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु **आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से ''खुली''** निविदा आमंत्रित करते हैः- **कार्य का नामः** औड़िहार-वाराणसी खण्ड में मेजर पुल सं. 178 का पुल के सुरक्षा का कार्य और मुफतीगंज-जौनपुर खण्ड के बीच किमी. 56/8-9 पर अतिरिक्त जलमार्ग का प्रावधान, **ई-निविदा सूचना सं.:** एनईआर-बीएसबी-2023-219, **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 2,92,35,906/-, **बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि) (₹):** ₹ 2,96,200/-, **निविदा बन्द होने की तिथिः** 19.02.2024, **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 12 माह। **नोटः** • निविदा सूचना संख्या एनईआर-बीएसबी-2023-219 दिनांक 19.02.2024 को 14:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

**मण्डल रेल प्रबन्धक/(इन्जी.)**
**मुजाधि/डब्ल्यू-521** **वाराणसी**

''ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें''

# सील बिल्डिंग में कमिश्नर ने पकड़ा निर्माण

## जताई नाराजगी, दोबारा बिल्डिंग सील करने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** शहर में अवैध निर्माण रोकने में एलडीए के अधिकारी और अभियंता फेल साबित हो रहे हैं। हालत यह है कि कमिश्नर डॉ. रोशन जैकब को अवैध निर्माण रोकने खुद फील्ड पर निकलना पड़ा।

जनेश्वर मिश्र पार्क के गेट नंबर एक के पास सील बिल्डिंग में अवैध निर्माण की शिकायत मिलने पर मंगलवार को मंडलायुक्त खुद मौके पर पहुंच गयीं। उन्होंने सील बिल्डिंग में अवैध निर्माण होते पकड़ा। इस पर मंडलायुक्त ने कड़ी नाराजगी जताते हुए तत्काल बिल्डिंग दोबारा सील करने के निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने कहा कि जिस जोन में अवैध निर्माण होते पाये जाने पर सम्बंधित अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अधिकारी फील्ड में रहें और अवैध निर्माण पर अंकुश लगाएं। मंडलायुक्त के साथ मौके पर एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी भी उपस्थित रहे।



जनेश्वर मिश्र पार्क के गेट नंबर एक पर सील बिल्डिंग के बाहर मौजूद मंडलायुक्त रोशन जैकब, साथ में एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी। अमृत विचार

- जिस जोन में मिला अतिक्रमण उस अधिकारी पर होगी कार्रवाई

### कैसरबाग चौराहे से हटाएं अवैध होर्डिंग : जैकब

मंडलायुक्त ने कैसरबाग चौराहे पर सौंदर्यीकरण व फसाड लाइट के कार्यों का निरीक्षण किया। देरी पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को मैनपावर बढ़ाने के साथ कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। चौराहे पर अवैध होर्डिंग लगी पाये जाने पर उन्होंने नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह को फोन करके तत्काल अवैध होर्डिंग हटवाने के निर्देश दिए।

## सीएमएस संस्थापिका ने मुख्यमंत्री से की शिष्टाचार भेंट

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल की संस्थापिका-निदेशिका डॉ. भारती गांधी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें डॉ. जगदीश गांधी की स्मृति प्रार्थना सभा में पधारने का आमंत्रण दिया। इस अवसर पर डॉ. भारती गांधी ने प्रशासनिक कौशल व दूरदर्शिता से प्रदेश के समावेशी विकास की परिकल्पना को धरातल पर उतारने के मुख्यमंत्री के अथक प्रयासों पर उन्हें हार्दिक बधाई भी दी। इस मुलाकात में सीएमएस प्रेसीडेन्ट प्रो. गीता गांधी किंगडन एवं डॉ. रोजर डेविड किंगडन भी उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सीएमएस संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् स्व. डॉ. जगदीश गांधी को याद करते हुए उनके अतुलनीय प्रयासों की सराहना की।

## नेशनल लॉ फेस्ट लेक्स कार्निवल का उद्घाटन

**अमृत विचार, लखनऊ :** एमिटी विवि परिसर ने दो दिवसीय तीसरे राष्ट्रीय लॉ फेस्ट लेक्स कार्निवल 2024 का उद्घाटन हुआ। मुख्य अतिथि शडीएम सूर्य पाल गंगवार रहे। अतिथियों का स्वागत करते हुए डिप्टी प्रो वीसी विग कमांडर. डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि इस विधि कार्निवल में कानून और शिक्षा जगत के कई विशेषज्ञ शामिल हो रहे हैं, इससे पता चलता है कि कानून का अन्य विषयों के साथ अन्य क्षेत्रों में एक सामूहिक साझेदारी करते हुए एकीकृत है। डॉ. अनिल कुमार ने इस कार्निवल के आयोजन के लिए विधि विभाग की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक होते हैं। मुख्य अतिथि सूर्य पाल गंगवार ने एमिटी यूनिवर्सिटी को ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रम के आयोजन के लिए बधाई दी। दो दिवसीय कार्निवल में स्किट प्रतियोगिता, लीगल मैक्सिम बी, हिट द बज और लेक्स एचएएम सहित कई शिक्षाप्रद और मनोरंजक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

**KANPUR SMART CITY LIMITED**
**(Under Kanpur Nagar Nigam)**
Nagar Nigam Mukhyalaya, 3rd Floor, MotiJheel, Kanpur - 208002
Phone – +91 512 2541258, 2546194
e-mail : ksclkanpur@gmail.com

**NOTICE INVITING TENDER**

The Municipal Commissioner, Kanpur Municipal Corporation Invites Tender for the below mentioned work under Smart City Mission:-

| S. No. | Name of Project | Tender Fees Non-Refundable | Earnest Money Deposit | End Date for Bid Submission | Technical Bid Opening Date |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Development of Kanpur Darshan website with Admin panel & Dynamic Pages. | ₹ 2000.00 + 18% GST extra | ₹ 20,000.00 | 07.02.2024 at 15:00 Hrs. (IST) | 07.02.2024 at 15:30 Hrs. (IST) |

a) Bidders are requested to submit the Tender Fee in the form of DD/Bankers Cheque & EMD in form of FDR/TDR issued in favor of **"Chief Executive Officer, Kanpur Smart City Limited" Payable at Kanpur** and receipts are to be attached and deposited with Technical Bid Documents.
b) The last date of for pre-bid queries is 05.02.2024 through e-mail on ksclkanpur@gmail.com and Pre-bid meeting (06.02.2024) will be held at **CEO Office, Kanpur Smart City Limited, 3rd Floor, Kanpur Municipal Corporation, Motijheel, Harsh Nagar, Kanpur-208002 Telephone No.-0512-2541258.**
c) The deadline for Hard/Physical Copy Submission of Technical Bid documents **is 07.02.2024 till 15:00Hrs. (IST).**
d) For more details contact Chief Executive Officer, KSCL address- CEO, Kanpur Smart City Limited (KSCL), Conference Room, Third Floor Kanpur Municipal Corporation, Motijheel, Harsh Nagar, Kanpur-208002 Telephone No. 0512-2541258, Manager (Technical) Mob. No. 08601800828 and through e-mail. ksclkanpur@gmail.com.

**Municipal Commissioner/Chief Executive Officer Kanpur Municipal Corporation/Kanpur Smart City Limited**

## इंग्लैंड व अमेरिका के चार विश्वविद्यालयों में सीएमएस छात्रा चयनित

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, महानगर कैम्पस की छात्रा संरचना पाल को इंग्लैण्ड एवं अमेरिका के चार प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों ने उच्चशिक्षा के लिए आमंत्रित किया है, जिनमें इंग्लैंड की यूनिवर्सिटी ऑफ मैनचेस्टर एवं किंग्स कॉलेज लंदन जबकि अमेरिका की मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी एवं इण्डियाना यूनिवर्सिटी शामिल हैं। इस प्रकार एक और प्रतिभाशाली छात्रा ने अपनी शैक्षणिक प्रतिभा से लखनऊ का गौरव बढ़ाया है।

# अब बिजली बिल जमा करने के लिए नहीं लगानी पड़ेगी लाइन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** अब प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को बिजली बिल जमा करने के लिए बिजली कार्यालयों पर लाइनें नहीं लगानी पड़ेंगी। निजी कंपनियां अपने केंद्रों पर उपभोक्ताओं के बिल जमा करेंगीं।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने बिजली बिल वसूलने के लिए पांच निजी कंपनियों को जिम्मेदारी दी है।

- निजी कंपनियां अपने केंद्रों पर जमा करेंगीं बिजली बिल
- पावर कॉरपोरेशन व पांच निजी कंपनियों के बीच हुआ करार

पावर कारपोरेशन के सूत्रों के अनुसार जिन कंपनियों से बिल जमा करने के लिए करार हुआ है उनमें सहज रिटेल लिमिटेड,, राणा पे इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, व्याम टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, बीएलएस इंटरनेशनल सर्विस प्राइवेट लिमिटेड व सरल ई-कॉमर्स लिमिटेड शामिल हैं।

| निजी कंपनी | बिल संग्रह केंद्र |
|---|---|
| सहज | 67,432 |
| राणा पे | 9,931 |
| व्याम | 4,190 |
| सरल ई-कॉमर्स | 13,245 |
| बीएल एस इंटरनेशनल | 15,700 |

समझौते के तहत कंपनियों को 2000 रुपए तक बिल जमा करने पर 20 रुपए प्रति बिल मिलेगा। 2000 से अधिक धनराशि जमा करने पर 0.5 प्रतिशत भुगतान कंपनियों को प्राप्त होगा।



टीडी गर्ल्स इंटर कॉलेज में कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वालीं छात्राएं, साथ में अन्य। अमृत विचार

# टीडी गर्ल्स इंटर कॉलेज ने मनाया प्रबंधक का जन्मदिन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** टीडी गर्ल्स इंटर कॉलेज गोमती नगर के प्रबंधक महादेव प्रसाद यादव का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महादेव प्रसाद यादव ने सर्वप्रथम मां सरस्वती का दीप प्रज्जवलित कर पूजन-वंदन किया।

विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने फूल, पुष्पगुच्छे व ग्रीटिंग काड्र्स देकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी और सभी शिक्षकों ने उन्हें माला पहनाकर स्वस्थ एवं शतायु रहने की कामना की। प्रोफेसर डॉ. डीबी सिंह, डॉ. शकुन्तला मिश्रा पुनर्वास विद्यालय एवं नफीस अहमद सिविल डिफेन्स ने बुके देकर जन्मदिन की बधाई दी।

दुर्गा रूप में अवतरित छोटी छोटी बालिकाओं ने व महादेव का रूप धारण करने वाले बालकों ने महादेव प्रसाद यादव को स्वस्थ और चिरायु होने का आशीर्वाद दिया।

**सत्संग** अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में डीएवी कॉलेज मैदान में चल रही रामकथा

# राम मंदिर के निर्माण से पूरे विश्व में भारत का सम्मान बढ़ा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में डीएवी कॉलेज मैदान में चल रही रामकथा के 8वें दिन रामकथा वाचक देवकीनंदन ठाकुर ने विश्वशांति की प्रार्थना के साथ कथा शुरू की। मेरे प्रियाकांत दरबार में सब लोगों का खाता भजन से उन्होंने अपनी बात शुरू की। उन्होंने कहा कि संसार में सेटिंग से काम चल जाता है लेकिन ईश्वर के दरबार में न कोई सिफारिश काम करती है और न ही रिश्वत का वहां बोलबाला है।

उन्होंने कहा कि सभी चाहते हैं कि ईश्वर हम पर दया करें लेकिन हम किसी पर दया नहीं करना चाहते। दया एक बीज है, जब हम किसी पर दया करते हैं तो हम पर भी दया होती है। देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि जिसने राम को जाना है, राम को जिया है उन्हीं को राम मंदिर की प्रसन्नता है। राम मंदिर के निर्माण से पूरे विश्व में भारत का सम्मान बढ़ा है।

कथावाचक ने महिलाओं को राय दी कि विपत्ति पड़ने पर पति का साथ कभी नहीं छोड़ना चाहिए। सच्ची पत्नी और मित्र की पहचान विपत्ति आने पर ही होती है।



रामकथा सुनाते देवकीनंदन ठाकुर

उन्होंने कहा कि पति बूढ़ा, बुद्धिहीन, निर्धन, अंधा, बहरा, क्रोधी या रोगी भले ही हो लेकिन पत्नी को कभी उसका अपमान नहीं करना चाहिए। पति का अपमान करने वाली महिला नर्क की भोगी होती है। इसी तरह से जिस पुरुष का चरित्र खराब होता है तो आने वाली पीढ़ी का चरित्र भी खराब हो जाता है। मनुष्य को अपना चरित्र वैसा बनाना चाहिए जैसा वह अपनी आने वाली पीढ़ी का चरित्र देखना चाहता है।



डीएवी कॉलेज मैदान में रामकथा सुनते लोग। अमृत विचार

### अयोध्या हुई हमारी, अब काशी-मथुरा की बारी : ब्रज बहादुर

**अमृत विचार, लखनऊ :** रामकथा में बुधवार को प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, कारागार मंत्री धर्मवीर प्रजापति, अवध क्षेत्र के अध्यक्ष कमलेश मिश्र और बीजेपी के प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रज बहादुर विशिष्ट अतिथि के तौर पर पहुंचे और देवकीनंदन ठाकुर से आशीर्वाद लिया। इस मौके पर ब्रज बाहादुर ने कहा कि अयोध्या हुई हमारी है, अब काशी-मथुरा की बारी है। अब हम सनातनियों को मथुरा प्रस्थान करना है। कथा के मुख्य यजमान और उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, डीएवी कालेज के प्रबंधक मनमोहन तिवारी, प्रमुख यजमान सर्वेश पाण्डेय, मुरलीधर आहूजा, अंशु गुप्ता, अरविन्द सिंह, सुरेश मिश्र और नितिन गुप्ता ने आरती व पूजन किया।

**केशलता अस्पताल**

फ्री "मेगा आर्थो स्पाइन एवं स्त्री रोग" कैंप

प्रिय नगरवासियों आपके शहर में "विशाल स्वास्थ्य जाँच शिविर" का आयोजन किया जा रहा है

दिनाँक : 6 / 7 / 8 फ़रवरी 2024 समय प्रात: 10 बजे से 2 बजे तक

स्थान : केशलता अस्पताल, डेलापीर - बरेली

**हड्डी एवं स्पाइन रोग विशेषज्ञ**
डॉ. (प्रो.) वरुण अग्रवाल
मिनिमल इनवेसिव और एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जन, प्रो. ऑर्थोपेडिक्स, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज, बरेली

**स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ**
डॉ. प्रज्ञा मिश्रा
गायनी एंडोस्कोपी, लेप्रोस्कोपी और हिस्टेरोस्कोपी सर्जन, प्रो. गायनी, स्त्री रोग विशेषज्ञ रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज, बरेली

FREE! "विशाल स्वास्थ्य जाँच शिविर" FREE!

डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
सलाहकार चिकित्सक और कार्डियो - मधुमेह विशेषज्ञ

डॉ. अनुपम सेठ
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट एवं न्यूरोलॉजिस्ट

**विशेष सुविधाएं**
- नि:शुल्क परामर्श
- बी.एम.डी जॉच नि:शुल्क
- खून की जांचों पर भारी छूट
- एक्स-रे पर भारी छूट
- सभी दवाइयों पर भारी छूट
- आयुष्मान कार्ड धारकों का नि:शुल्क ऑपरेशन
- कैंप मैं रजिस्टर्ड मरीजों के ऑपरेशन पर भारी छूट

नि:शुल्क रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें : 9081800900, 8006460900

## एक नजर

### सचिवालय सेवा से 23 कर्मी सेवानिवृत्त, मुख्य सचिव ने दीं शुभकामनाएं

**राज्य ब्यूरो, अमृत विचार** : मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने उप्र. सचिवालय सेवा से सेवानिवृत्त होने वाले 23 कार्मिकों को उनके सेवानैवृत्तिक लाभों से सम्बन्धित आदेशों का वितरण और स्मृति चिन्ह सौंपा। इस दौरान अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने सेवानिवृत्त होने वाले सचिवालय कर्मियों को स्वस्थ व सुखद भविष्य की शुभकामनाएं दीं। सेवानिवृत्त सचिवालय कार्मिकों में तीन संयुक्त सचिव, एक उप सचिव, दो निजी सचिव, तीन अनुसचिव, चार अनुभाग अधिकारी, तीन समीक्षा अधिकारी, एक सहायक समीक्षा अधिकारी, एक ड्राइवर, एक दफ्तरी और चार अनुसेवक शामिल हैं। इस मौके पर सचिवालय प्रशासन के अन्य अधिकारीगण, सेवानिवृत्त कार्मिकों के परिजन आदि मौजूद रहे।

### शक्ति भवन में तैनात 11 सहायक अभियंता फील्ड में भेजे गए

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ** : उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन मुख्यालय (शक्ति भवन) में तैनात 11 सहायक अभियंताओं को फील्ड में स्थानांतरित कर दिया गया है। इन अभियंताओं को पारेषण उपकेंद्रों पर तैनाती दी गई है। पारेषण निगम के उप सचिव पारेषण द्वितीय अवनीश कुमार त्रिवेदी की ओर से बुधवार को स्थानांतरण का आदेश जारी किया गया।

# शकुन्तला मिश्रा विवि के विधि अधिकारी व शिक्षकों की बर्खास्तगी गलत: हाईकोर्ट

लखनऊ, विधि संवाददाता



▸▸ दो जजों की खंडपीठ ने एकल पीठ के आदेश को सही करार दिया

**अमृत विचार** : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने डॉ. शकुन्तला मिश्रा विश्वविद्यालय के विधि अधिकारी और पांच शिक्षकों की बर्खास्तगी के आदेश को गलत माना है। इसके साथ ही न्यायालय ने विश्वविद्यालय द्वारा पारित बर्खास्तगी आदेशों को खारिज किए जाने के एकल पीठ के आदेश पर अपनी मुहर लगा दी है। न्यायालय ने यह भी आदेश पारित किया है कहा कि विधि अधिकारी आलोक मिश्रा और अन्य पांच शिक्षकों को पिछला वेतन व अन्य लाभ भी पाने का भी हक है क्योंकि विश्वविद्यालय ने उन्हें हटाए जाने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का भी पालन नहीं किया गया।

यह निर्णय न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने विश्वविद्यालय की ओर से दाखिल विशेष अपीलों को खारिज करते हुए पारित किया। विशेष अपीलों का विरोध करते हुए, प्रतिवादियों के अधिवक्ताओं एलपी मिश्रा व गौरव मेहरोत्रा की दलील थी कि विधि अधिकारी आलेक मिश्रा तथा शिक्षकों डॉ. राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव, डॉ. आद्या शक्ति राय, अवनीश चंद्र मिश्रा, विपिन कुमार पांडेय व मृत्युंजय मिश्रा की नियुक्ति विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. निशीथ राय के कार्यकाल के दौरान हुई थी और कुलपति बदलते ही उन्हें सेवा से हटा दिया गया। कहा गया कि बर्खास्तगी के आदेशों के विरुद्ध अलग-अलग रिट याचिकाएं दाखिल की गई थीं, जिन्हें एकल पीठ ने मई 2023 में मंजूर करते हुए, विश्वविद्यालय को आदेश दिया था कि सभी को सेवा में सवेतन बहाल किया जाए। एकल पीठ ने यह भी टिप्पणी की थी कि उक्त बर्खास्तगी आदेश न सिर्फ अवैध हैं बल्कि मनमाने भी हैं। इसी आदेश को विश्वविद्यालय ने कई विशेष अपीलें दाखिल कर चुनौती दी थी। दो जजों की पीठ ने अपने निर्णय में कहा कि विधि अधिकारी या शिक्षकों ने विश्वविद्यालय के साथ कोई धोखाधड़ी नहीं की और न ही अपनी शैक्षिक योग्यता छिपाई थी।

### क्या धार्मिक शिक्षा प्रदान करने के लिए कोई बोर्ड बनाया जा सकता है : हाईकोर्ट

▸▸ केंद्र सरकार से अदालत ने मांगा जवाब

▸▸ मदरसा बोर्ड के गठन सम्बंधी कानून को दी गई है चुनौती

**विधि संवाददाता, लखनऊ** : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने केंद्र सरकार से पूछा है कि क्या कोई राज्य धार्मिक शिक्षा प्रदान करने के लिए अलग से शिक्षा बोर्ड का गठन कर सकता है। न्यायालय ने यूपी मदरसा एजुकेशन बोर्ड के गठन सम्बंधी प्रावधान को चुनौती देने वाली एक याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि पूर्व में मांगे गए इसी प्रश्न का केंद्र सरकार की ओर से स्पष्ट जवाब नहीं आया है। न्यायालय ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय और केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय 2 फरवरी तक इस प्रश्न पर स्पष्ट निर्देश केंद्र सरकार के अधिवक्ता को दे देगा ताकि वह अपना तर्क कोर्ट के सामने रख सके। यह आदेश न्यायमूर्ति विवेक चौधरी व न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने अंशुमान सिंह राठौर की ओर से दाखिल रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। कोर्ट 23 जनवरी से दिन-प्रतिदिन इस मामले की सुनवाई कर रही है। गुरुवार को भी सुनवाई जारी रहेगी। याचिका में राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2004 में पारित किए गए यूपी मदरसा शिक्षा अधिनियम के साथ साथ नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार संशोधन अधिनियम 2012 के कुछ प्रावधानों की संवैधानिकता को चुनौती दी गई है। याचिका में कहा गया है कि राज्य स्वयं धार्मिक शिक्षा देने के लिए कोई कानून नहीं बना सकता है। कहा गया है कि राज्य द्वारा ऐसा करना संविधान की पंथनिरपेक्ष मंशा के विपरीत है अत: मदरसा के गठन सम्बंधी प्रावधान को खारिज किया जाए।

# अब्बास अंसारी को नहीं मिली राहत

लखनऊ, विधि संवाददाता

## अदालत से

▸▸ निष्क्रांत संपत्ति को धोखाधड़ी से अपने नाम कराने का मामला



**अमृत विचार** : लखनऊ के जियामऊ स्थित निष्क्रांत संपत्ति को धोखाधड़ी से अपने नाम कराने के आरोपी मुख्तार अंसारी के विधायक पुत्र अब्बास अंसारी की उस निगरानी याचिका को एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश हरबंस नारायण ने खारिज कर दिया है जिसमें उन्होंने विशेष एसीजेएम एमपी-एमएलए कोर्ट के 20 नवंबर 2023 के आदेश को चुनौती दी थी। उक्त आदेश के द्वारा विशेष एसीजेएम ने अब्बास अंसारी की उन्मोचन अर्जी को खारिज कर दिया था।

निगरानी याचिका के विरोध में विशेष अधिवक्ता रमेश कुमार शुक्ला एवं सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ज्वाला प्रसाद शर्मा ने अदालत को बताया कि अब्बास अंसारी ने विशेष एसीजेएम एमपी-एमएलए अम्बरीश कुमार श्रीवास्तव के समक्ष अपने को आरोपों से उन्मोचित किए जाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था जिसे विशेष अदालत ने 20 नवंबर 2023 को खारिज करते हुए आरोप तय करने हेतु तिथि नियत की थी। विशेष अदालत ने अब्बास अंसारी की निगरानी याचिका खारिज करते हुए कहा है कि जियामऊ की यह जमीन मोहम्मद वसीम के नाम थी लेकिन वर्ष 1947 में भारत विभाजन के समय वह पाकिस्तान चले गए और उनकी संपत्ति बतौर निष्क्रांत संपत्ति दर्ज हो गई। अदालत ने कहा कि अभियुक्त पर आरोप है कि उसने व उसके पिता मुख्तार अंसारी ने यह जानते हुए कि वह एक निष्क्रांत संपत्ति है उस पर अवैध तरीके से मानचित्र पास कराकर भवन का निर्माण कराया तथा सरकार की मूल्यवान संपत्ति का प्रयोग किया।

### दुष्कर्म के अभियुक्त को बीस साल की कैद

**विधि संवाददाता, लखनऊ** : शौच के लिए खेत गई नाबालिग के साथ दुराचार करने के आरोपी राजकिशोर पांडेय को पॉक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश नीरज कुमार उपाध्याय ने बीस वर्ष के कठोर कारावास व बीस हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। अदालत के समक्ष विशेष अधिवक्ता सुखेंद्र प्रताप सिंह एवं प्रवीण अवस्थी ने दलील दी कि इस मामले की रिपोर्ट पीड़ित लड़की के पिता द्वारा 20 जुलाई 2020 को काकोरी थाने पर दर्ज कराई गई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि वादी की बड़ी लड़की अपनी छोटी बहन के साथ शौच के लिए बाग में गई थी, जहां पर ग्राम घटकना थाना सांडी जनपद हरदोई के रहने वाले उक्त आरोपी ने उसे मक्के के खेत में ले जाकर दुष्कर्म किया। अदालत को बताया गया कि मौके पर ही लोगों ने आरोपी राज किशोर पांडेय को पकड़ लिया तथा पुलिस के हवाले कर दिया। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि जुर्माने की आधी धनराशि पीड़िता को बतौर मुआवजा दी जाएगी।

### जानलेवा हमले के आरोपियों को कारावास

**विधि संवाददाता, लखनऊ** : लाठी डंडों से चोट पहुंचा कर जानलेवा हमला करने के आरोपी अकबर, साहबान एवं जफर को अपर सत्र न्यायाधीश नरेंद्र कुमार ने चार-चार वर्ष के कठोर कारावास व प्रत्येक को 10-10 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। एडीजीसी अरुण पांडेय ने अदालत को बताया कि इस मामले की रिपोर्ट मिल रोड के रहने वाले वादी मुनव्वर अली ने थाना बाजार खाला में दर्ज कराई थी।

# 65 आईटीआई कालेजों में हाईटेक इंतजाम को मिले 40 करोड़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ टाटा टेक्नोलॉजी लि. के सहयोग से 150 आईटीआई कॉलेजों के उन्नयन के लिए सरकार ने पास किया था बजट

▸▸ राज्य सरकार शेष कॉलेजों को भी भेज रही धनराशि, इसी वित्तीय सत्र में कार्य पूरा करने का है सख्त निर्देश

**अमृत विचार** : प्रदेश सरकार ने 65 आईटीआई कॉलेजों में हाईटेक इंतजाम के लिए बुधवार को करीब 40 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। निदेशक प्रशिक्षण एवं सेवायोजन को भेजे गए शासनादेश में निर्देश दिये गये हैं कि टाटा टेक्नोलाजी लि. के सहयोग से कार्यदायी संस्थाएं धनराशि का नियमानुसार उपयोग कर इसी सत्र में आधुनिक कार्यशाला और प्रशिक्षण कक्षों का कार्य पूरा करें।

सरकार ने प्रदेश के 150 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के उन्नयन हेतु आधुनिक कार्यशाला व प्रशिक्षण कक्ष आदि के लिए 75 करोड़ का बजट प्रावधान किया था। जिसमें से सिर्फ 50 लाख रुपये की पहली किश्त देकर कार्यों का मास्टरप्लान तैयार कराया गया था। अब सरकार कॉलेजों के लिए आवंटित धनराशि भेजने में जुट गई है। शासन के विशेष सचिव अभिषेक सिंह ने बुधवार को जारी तीन शासनादेश में 65 आईटीआई कॉलेज को 40 करोड़ भेजा गया है।

पहले आदेश में 31 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के लिए 19 करोड़ 38 लाख 98 हजार 40 रुपये बुधवार को स्वीकृत कर भेजने का आदेश हुआ है। इससे 31 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में टाटा टेक्नोलाजी के सहयोग से कार्यदायी संस्था उप्र राजकीय निर्माण निगम को कार्य पूरा करना है। इस धन से प्रयागराज के दो कॉलेज, कौशांबी के दो कॉलेज, फतेहपुर के दो, प्रतापगढ़ के दो, लखनऊ के तीन, हरदोई के दो, लखीमपुर खीरी के दो, रायबरेली के दो, सीतापुर के दो, उन्नाव के दो, अयोध्या के दो, बाराबंकी के दो, अंबेडकरनगर के दो, अमेठी के दो और सुल्तानपुर के दो आईटीआई कालेजों में आधुनिक लैब और कक्षों का कार्य कराया जाना है। इसके अलावा हरदोई में आईटीआई कॉलेज के लिए 54 लाख 55 हजार रुपये दिए गए हैं।

दूसरे आदेश में 20 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, जिसमें मीरजापुर में तीन, सोनभद्र में दो, भदोही में दो, आजमगढ़ में दो, बलिया में तीन, मऊ में दो, वाराणसी में दो, जौनपुर में दो, गाजीपुर व चंदौली एक-एक कॉलेज के लिए 11 करोड़ 75 लाख 16 हजार 8 सौ रुपये स्वीकृत कर भेजे गये हैं। इसे टाटा टेक्नोलाजी लि. के सहयोग से कार्यदायी संस्था कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज (उप्र जल निगम) को कराना है।

तीसरे आदेश में 14 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, जिसमें आगरा के दो, मथुरा के दो, फिरोजाबाद के दो, मैनपुरी के दो, झांसी के दो, ललितपुर के दो और जालौन के दो कॉलेजों को 8 करोड़ 34 लाख 29 हजार 760 रुपये दिए गए हैं, यह कार्य भी टाटा टेक्नोलाजी के सहयोग से कार्यदायी संस्था उप्र राज्य निर्माण सहकारी संघ लि. को इसी सत्र में पूरा करना है।

# फार्मासिस्टों को मिली प्रोन्नति सात बने प्रभारी अधिकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ स्वास्थ्य विभाग में 7500 फार्मासिस्ट के कैडर में हुई डीपीसी

**अमृत विचार** : स्वास्थ्य विभाग में प्रोन्नति का इंतजार कर रहे मात्र 69 फार्मासिस्टों को प्रोन्नति मिली है। बुधवार को गठित विभागीय प्रोन्नति समिति (डीपीसी) ने सात चीफ फार्मासिस्टों को प्रभारी अधिकारी (फार्मेसी) और अन्य 62 को फार्मासिस्ट से चीफ फार्मासिस्ट के पद पर पदोन्नति दी है।

स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.ब्रजेश राठौर की अध्यक्षता में बुधवार को हुई डीपीसी बैठक में फार्मासिस्ट संवर्ग में रिक्त 55 प्रभारी अधिकारी (फार्मेसी) पदों के सापेक्ष मात्र सात को पदोन्नति दी गई है। यही हाल चीफ फार्मासिस्ट पदों में है, रिक्त चल रहे 500 पदों के सापेक्ष मात्र 62 फार्मासिस्टों को पदोन्नति दी गई है। अन्य फार्मासिस्टों की वार्षिक गोपनीय प्रविष्टियां (एसीआर) न प्राप्त होने की बात बोलकर बैठक संपन्न कर दी गई है। जिसके बाद प्रोन्नति अधिकृत फार्मासिस्टों में असंतोष व्याप्त हो गया है।

मालूम हो कि 7500 फार्मासिस्टों के कैडर में प्रभारी अधिकारी के 85 पदों में 55 रिक्त हैं और चीफ फार्मासिस्ट के 1500 पदों में 500 रिक्त हैं। इन पदों पर प्रोन्नति के सापेक्ष लगभग 300 फार्मासिस्टों की गोपनीय प्रवृष्टियां (एसीआर) महानिदेशालय को प्राप्त हुई थीं। जिनमें अधिकांश की अपूर्ण प्रविष्टियां बताकर लिफाफा बंद कर दिया गया है।

> वार्षिक गोपनीय प्रवृष्टियां (एसीआर) संबन्धित अधिकारी के द्वारा भेजी जाती है। अगर, महानिदेशालय को संपूर्ण प्रविष्टियां नहीं मिल रही हैं तो इसमें फार्मासिस्टों का कोई दोष नहीं है। महानिदेशालय द्वारा निर्धारित प्रारूप में फार्मासिस्टों की प्रविष्टियां भेजने के लिए सक्षम अधिकारियों को निर्देशित किया जाना चाहिये। ताकि फार्मासिस्टों को समय से पदोन्नति मिल सके और चिकित्सकीय कार्य सुचारू रूप से संचालित होता रहे।
>
> -सुनील यादव, अध्यक्ष फार्मासिस्ट फेडरेशन, उप्र.



नारायण सर्वोदय विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नव युगल। अमृत विचार

# एक-दूजे के हुए 186 जोड़े, धूमधाम से हुआ सामूहिक विवाह

संवाददाता, काकोरी

**अमृत विचार** : जिले में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह धूमधाम से कराया गया। एक पंडाल के नीचे समाज कल्याण विभाग ने 186 जोड़ों के हाथ पीले कराए। जनप्रतिनिधियों ने वर-वधू को आशीर्वाद दिया।

बुधवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह की शहनाई बजी। जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय (बालक) मोहान रोड लखनऊ में इस वर्ष के दूसरे चरण का आयोजन किया गया। समाज कल्याण विभाग ने नगर व ब्लॉक के अधिकारियों के सहयोग से 186 जोड़ों का विवाह कराया। इसमें नगर निगम की तरफ से 10 जोड़े शामिल हुए। इस दौरान वर-वधू को मलिहाबाद विधायक जयदेवी ने आशीर्वाद दिया और अधिकारियों ने भी शुभकामनाएं दीं। इस दौरान बरातियों को योजना के तहत खाना-पीना कराया गया। और विदाई के दौरान लड़की को बिछिया, पायल, रजाई गद्दा समेत अन्य सामान दिया गया। समाज कल्याण अधिकारी सुनीता सिंह ने बताया कि योजना के तहत 51 हजार रुपये प्रति जोड़ा खर्च किया जाता है। इसमें 6 हजार रुपये का खाना पीना व 10 हजार रुपये का सामान दिया गया है। जबकि 35 हजार रुपये लड़की के खाते में भेजे जाएंगे। पहले चरण में 193 जोड़ों का विवाह कराया था। मार्च तक इसी तरह और विवाह कराकर जरूरतमंदों को लाभान्वित करेंगे। कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख नीतू यादव, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शिशिर यादव सहित सभी खंड विकास अधिकारी रहे।

### इतने जोड़े लाभान्वित

ग्रामीण क्षेत्र के बीकेटी से 17, गोसाईंगंज 16, सरोजनी नगर 6, मलिहाबाद 28, माल 44, काकोरी 12, मोहनलालगंज से 42 जोड़े रहे। जबकि नगर निगम से 10, नगर पंचायत अमेठी 1, काकोरी 1, बीकेटी 4, नगर पंचायत मोहनलालगंज 4 व नगर पंचायत नगराम से 1 जोड़े का विवाह कराया गया।

# 17 जिलों में खिलाई जाएगी फाइलेरिया से बचाव की दवा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ 5 से 15 साल में दिखाई देते हैं फाइलेरिया के लक्षण

**अमृत विचार** : कम्युनिटी हेल्थ आफिसर (सीएचओ) को फाइलेरिया मरीजों को चिन्हित करने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। इसके अलावा राज्य के 17 जिलों में 10 से 28 फरवरी तक सर्वजन दवा सेवन अभियान (एमडीए राउंड) चलाया जाएगा, जिसके तहत स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों को फाइलेरिया से बचाव की दवा का सेवन कराएंगे।

स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.ब्रजेश राठौर ने बताया कि प्रदेश को 2027 तक फाइलेरिया मुक्त बनाने को लेकर आयुष्मान भारत आरोग्य मंदिर (हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर) पर तैनात सीएचओ द्वारा हर माह की 15 तारीख को एकीकृत निक्षय दिवस के दिन टीबी, कालाजार के साथ फाइलेरिया मरीजों को चिन्हित किया जा रहा है। साथ ही 10 फरवरी से शुरू होने वाले एमडीए राउंड में गर्भवती और गंभीर रूप से बीमार बच्चों को छोड़कर सभी बच्चों को दवा का सेवन कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस रोग के लक्षण पांच से 15 साल में दिखाई देते हैं। इसलिए सभी लोगों को खुद को रोगी मानकर दवा का सेवन करना चाहिये।

# पिछड़े वर्ग व दिव्यांगजनों की समस्याओं का निस्तारण शीघ्रता से किया जाए: नरेंद्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार** : दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने कहा कि पिछड़े वर्ग व दिव्यांगजन की समस्याओं का निस्तारण शीघ्रता से किया जाय। उन्होंने कहा कि शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। राज्यमंत्री बुधवार को विधानभवन में विभागीय समीक्षा बैठक कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि योजनाओं में आवेदन से लेकर लाभ प्राप्त करने तक की प्रक्रिया में पात्र लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पात्र लाभार्थियों को समय से योजनाओं का लाभ पहुंचे। उन्होंने पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग में संचालित शादी अनुदान योजना की समीक्षा की और निर्देश दिए कि योजना से अधिक से अधिक पात्र लोगों को लाभ दिया जाय। पिछड़ा वर्ग विभाग में संचालित छात्रावासों के मरम्मत कार्य तीव्र गति से पूर्ण किये जायं। उन्होंने निर्देश दिए कि डॉ. शकुंतला मिश्रा पुर्नवास विश्वविद्यालय लखनऊ व जगद्गुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय चित्रकूट में दिव्यांगजनों की समस्याओं का पूरा ध्यान रखा जाय। रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में दिव्यांगजन छात्र-छात्राओं के लिए छात्रावास के निर्माण का प्रस्ताव भेजा जाय। दिव्यांगजनों के लिए संचालित पेंशन योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र दिव्यांगजनों को दिलाया जाय। दिव्यांगजनों को हुनरमंद बनाकर उन्हें स्वरोजगार व रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायं। बैठक में राज्य आयुक्त दिव्यांगजन सशक्तीकरण अजीत कुमार, निदेशक दिव्यांगजन सशक्तीकरण भूपेंद्र एस. चौधरी, निदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण डॉ. वंदना वर्मा समेत विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# गुफरानमआब ने शिया समुदाय के लिए जो किया उसका कोई विकल्प नहीं : हमीदुल हसन

**अमृत विचार, लखनऊ** : दिलदार अली गुफरानमआब फाउंडेशन ने अकबरी गेट स्थित हुसैनिया जन्नत मआब इमामबाड़े में गुफरानमआब के जीवन और उपलब्धियों पर सेमिनार का आयोजन किया। सेमिनार की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ शिया धर्मगुरु मौलाना हमीदुल हसन ने कहा कि गुफरानमआब की सेवाओं और उनके माध्यम से शिया मुसलमानों ने जो विकास किया है उसका कोई भी विकल्प नहीं है।

इज्तेहाद परिवार के मुखिया मौलाना सैफ आब्बास ने कहा कि गुफरान मआब ने यह दुआ मांगी थी कि हमारी नस्लें धर्म का प्रचार करती रहें। ढाई सौ साल से हमारी पीढ़ी इस सिलसिले को कायम किये हुए है। उन्होंने कहा कि फिरदौस माकन ने एतिहासिक विरोध प्रदर्शन कर आसिफी मस्जिद और हुसैनिया समेत कई धार्मिक इमारतों को अंग्रेजों से मुक्त कराया जिसमें मातम व मजलिस का सिलसिला शुरू किया गया। तत्कालीन सुप्रीम कोर्ट से मुकदमा जीतने के बाद उन्होंने यह अभियान पूरे भारत में चलाया। आयतुल्लाह सीस्तानी के वकील सैय्यद अशरफ गरवी ने कहा कि गुफरान मआब ने अखबार वाद और सूफी वाद के खिलाफ जेहाद छेड़ा और शियावाद को इन दोनों से दूर किया ताकि कोई सच्चाई छुप न सके और किसी भी तरह के झूठ का प्रवेश न हो सके। मौलाना मुस्तफा अली खान ने कहा कि सैय्यद दिलदार अली नकवी (गुफरानमआब) ने हिंदुस्तान में शरिया अदालत, जुमा और जमात की स्थापना की और कर्बला के गम में होने वाले आयोजनों को मजबूती दी। उन्होंने न्याय शास्त्र और धर्मशास्त्र से शिया मुसलमानों को फायदा पहुंचाया। उन्होंने लखनऊ और नजफ़ में शिक्षा संकाय की स्थापना की। इस कार्यक्रम की शुरुआत मौलाना जफर अब्बास कश्मीरी ने कुरान की तिलावत से की। मौलाना सायम मेहदी ने इज्तेहाद परिवार की सेवाओं का उल्लेख किया। इस सेमिनार में बड़ी संख्या में उलेमा शामिल हुए।

# देवर पर जमीन हड़पने का आरोप

**अमृत विचार, मलिहाबाद** : रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम शेरनगर की निवासी रामादेवी ने थाने में तहरीर दी है। इसमें उसने कहा है कि उसके पति महेन्द्र कुमार की भूमि गाटा संख्या 1532 व 1534 लखनऊ- हरदोई राजमार्ग किनारे है। उसके पति के सगे भाई योगेन्द्र व धर्मेन्द्र जमीन हड़पने का प्रयास कर रहे हैं। पति का दिमागी संतुलन ठीक नहीं है, वह दोनों इसका फायदा उठाना चाहते हैं। महिला ने थाने पर तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज किए जाने की मांग की है। इस संबंध में थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में नहीं है।




ईको गार्डेन में आशा वर्कर्स यूनियन संबद्ध आल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियन्स (ऐक्टू) का तीन दिवसीय धरना देती। अमृत विचार

# आशा कर्मियों ने शुरू किया तीन दिवसीय धरना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ 30 जनवरी की रात से ही प्रदेश से आशा वर्कर्स व संगिनी भारी संख्या में आनी शुरू हो गईं थीं

**अमृत विचार** : उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन के आह्वान पर राजधानी में बुधवार को तीन दिवसीय महापड़ाव में विभिन्न जिलों से हजारों आशा कर्मियों ने भाग लिया। 30 जनवरी की रात से ही प्रदेश से आशा वर्कर्स व संगिनी भारी संख्या में आनी शुरू हो गईं थीं।

इको गार्डेन में सभा को सम्बोधित करते हुए कानपुर जिलाध्यक्ष आशा कुशवाहा ने कहा कि सरकार कहती कि दुनिया भर से पूंजी उत्तर प्रदेश में आ रही है, जिससे फंड की कमी नहीं है। लेकिन हकीकत में सरकार स्कीम वर्कर्स तक का बकाया भुगतान नहीं कर रही है। वहीं इलाहाबाद मंडल अध्यक्ष रेखा मौर्य ने कहा कि 2013 में सम्पन्न हुए 45 वें, 2015 में हुए 46वें भारतीय श्रम सम्मेलन की सिफारिश के अनुसार आशा कर्मियों को स्वास्थ्य कर्मी का दर्जा देते हुए न्यूनतम वेतन के दायरे में लाकर न्यूनतम 21000 रुपये का मासिक भुगतान, मातृत्व अवकाश, सामाजिक सुरक्षा, ग्रेड्यूटी, पेंशन, पीएफ सहित ईएसआई की गारंटी करनी चाहिए। रमाबाई नगर की वरिष्ठ नेता अंजू कटियार ने कहा कि स्वास्थ्य सचिव, मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री सबके दरवाजे खटखटाने के बावजूद भ्रष्टाचार पर संज्ञान लेने वाला कोई नहीं है।

# नगर निगम में 30 बाबुओं को मिला पदोन्नति का तोहफा

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार** : नगर निगम के 30 बाबुओं को पदोन्नति का तोहफा मिला है। द्वितीय श्रेणी लिपिक से प्रथम श्रेणी लिपिक के खाली पदों पर तैनाती दी गयी है। नगर निगम के प्रभारी अधिकारी अधिष्ठान ने इस सम्बन्ध में आदेश जारी कर दिया है। इसके अलावा स्लॉटर हाउस मोहर्रिर एवं पौंड मोहर्रिर पद पर तैनात चार कर्मचारियों सिब्ते रजा रिजवी, रमेश गिरी, रतिका कपूर और सीमा सिंह को कर निरीक्षक श्रेणी 2 के रिक्त पदों पर पदोन्नत किया गया है। इन्हें 5200-20200 ग्रेड-पे 2400 (लेवल 4) वेतनमान प्रदान किया जाएगा।

### ये बने प्रथम श्रेणी लिपिक

बैजनाथ, आरिफ हमीद नकवी, सुनीता, विजय कुमार शर्मा, जगदीश कुमार, रमेश सिंह, उजाल अहमद, राकेश सिंह, रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव, शबनम श्रीवास्तव, शैलेन्द्र कुमार सक्सेना, मोइजुल होदा, हेमन्त कुमार, एहरार अहमद, सना जैदी, दिनेश ओम पाठक, रमेश चौरसिया, सोनी सिंह, उमा, राकेश कुमार पिप्पल, चन्द्रमोहन आनन्द वर्मा, सत्यव्रत यादव, सिद्धार्थ नैथानी, दीपक शर्मा, मोहसिन रजा, वन्दना श्रीवास्तव, कौशल देवी, वीरेन्द्र कुमार, शमील एखलाक।

# भाजपा सांसद कीर्तिवर्धन समेत 12 लोगों पर मुकदमा दर्ज

## गोंडा में मकान और गुरुद्वारे पर कब्जे व लूटपाट का आरोप, एमपी-एमएलए कोर्ट के आदेश पर हुई कार्रवाई

गोंडा कार्यालय



**अमृत विचार :** मनकापुर स्थित गुरुद्वारा पर कब्जा करने व लूटपाट के आरोप में एमपी/एमएलए कोर्ट के आदेश पर बुधवार को गोंडा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया, तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक व अपराध निरीक्षक सहित 12 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। दोषसिद्ध होने पर सांसद को तीन वर्ष तक की सजा हो सकती है।

मनकापुर कोतवाली क्षेत्र की गुरबचन कौर ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि उनके ससुर मोहर सिंह ने मोहल्ला 'भगत सिंह नगर में मकान का निर्माण कराया था। मकान के भीतरी हिस्से में गुरुद्वारा भी स्थापित है। आरोप है कि 13 सितंबर, 2023 को मनकापुर निवासी भाजपा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया ने तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह और अपराध निरीक्षक अरुण कुमार राय तथा अन्य लोगों के साथ पहुंचे और धमकी दी कि मकान खाली कर दो। इस भूमि को सांसद राजा भैया ने खरीद लिया है। 14 सितंबर को इसकी सूचना अपर पुलिस अधीक्षक को दी गई तो उन्होंने क्षेत्राधिकारी मनकापुर को जांच का आदेश दिया।

15 सितंबर को निरीक्षक अरुण कुमार राय 15 पुलिसकर्मियों के संग मौके पर पहुंचे और गुरुद्वारा खाली करने के लिए धमकी देने लगे। 16 सितंबर को कानपुर के इंद्रप्रस्थ अपार्टमेंट लालनगर निवासी कुलवंत कौर, उनके बेटे जसविंदर सिंह, फैजाबाद के मनिंदर पाल, अंग्रेज सिंह, सहदेव यादव, अमन यादव, इरफान खान, रिजवान खान, सुधीर कुमार सिंह और अरुण कुमार राय ने मुख्य गेट का ताला तोड़कर मकान पर कब्जा कर लिया। पीड़िता गुरबचन कौर ने बताया कि इसकी जानकारी तत्कालीन पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल को दी तो उन्होंने मनकापुर कोतवाल सुधीर कुमार सिंह को सहायता का निर्देश दिया, लेकिन प्रभारी निरीक्षक ने उल्टा याची के पुत्रों को ही जेल भेजने को धमकी देकर चुप रहने को कहा। इसके बाद कोर्ट के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक ने प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह, अपराध शाखा के निरीक्षक अरुण कुमार राय की भूमिका की जांच के लिए क्षेत्राधिकारी को निर्देशित किया। उच्च न्यायालय लखनऊ खंडपीठ में पीड़िता ने 17 सितंबर को याचिका दायर की। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति संगीता चंद्रा व नरेंद्र कुमार जौहरी ने निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह, वरिष्ठ निरीक्षक अपराध अरुण कुमार राय को गोंडा जिले से हटाकर किसी अन्य जिले में तैनात करने का आदेश दिया तथा एमपी/एमएलए कोर्ट को निर्देश दिया कि मामले में आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया जाए। एमपी एमएलए कोर्ट ने बीते 18 जनवरी को सांसद कीर्तिवर्धन सिंह सहित सभी 12 लोगों पर एफआईआर दर्ज किया जाए। बुधवार को न्यायालय के आदेश पर धारा 447, 323, 395, 504, 506, 427 तथा 188 आईपीसी के तहत कुलवंत सिंह पत्नी स्वर्गीय गुरदीप सिंह, जसविंदर सिंह उर्फ गोल्डी, महिंदर पाल सिंह, कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भइया, अंग्रेज सिंह, सहदेव यादव, अमन यादव, इरफान खान, जीशान जिस्सू खान, रिजवान खान, सुधीर कुमार सिंह व अरुण कुमार राय के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

> कोर्ट के आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराया गया है। अदालत के आदेश पर विधिक राय लेकर कोतवाली मनकापुर में सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिये गए थे। **-विनीत जायसवाल**, एसपी

### अपहृत किशोरी का नहर में मिला शव, हत्या की आशंका

**दरियाबाद, बाराबंकी, अमृत विचार :** पांच दिन पहले अपहृत किशोरी का शव बुधवार की सुबह शारदा नहर में उतराता मिला। सूचना पर पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए दो लोगो को नामजद किया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। मामला दरियाबाद थाना क्षेत्र का है। यहां के खैरन तकिया निवासी बाबुई देवी ने गुरुवार को पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी 17 वर्षीय बेटी को मसौली थाना क्षेत्र के बनियतारा गांव निवासी रामेश्वर और सत्यम बहला-फुसलाकर भगा ले गए हैं। रामेश्वर के फोन आने के बाद से बेटी लापता है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करने के बाद किशोरी की तलाश शुरू की थी। बुधवार को किशोरी का शव थाना क्षेत्र में ही शारदा नहर में उतरता ग्रामीणों ने देखा। उसके बाद हड़कंप मच गया। शव की शिनाख्त खैरन तकिया निवासी अमर सिंह की बेटी रोशनी के रूप में हुई। परिजनों ने किशोरी की हत्या का आरोप रामेश्वर व उसके भतीजे सत्यम पर लगाया है।

## एक नजर

### मच्छरदानी से लटककर युवक ने की आत्महत्या

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार :** पारिवारिक विवाद को लेकर एक युवक ने गांव के बाहर मच्छरदानी से लटक कर आत्महत्या कर ली। पुलिस मौके पर जांच कर रही है। सतरिख थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव प्रियांशु गौतम (23) पुत्र देशराज ने बुधवार शाम गांव के बाहर एक बाग में पेड़ से मच्छरदानी के सहारे फांसी लगा ली। प्रभारी निरीक्षक अमर कुमार चौरसिया कहना है कि परिवारिक विवाह था जिस कारण युवक ने आत्महत्या की है। मामले की जांच की जा रही है।

### महादेवा कॉरिडोर के प्रस्ताव को मिली हरी झंडी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** बहुचर्चित महादेवा कारीडोर को काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के तर्ज पर विकसित करने के प्रस्ताव को शासन ने हरी झंडी दे दी है। अभी इस पर कैबिनेट की मोहर लगना बाकी है। इसके बाद वित्त विभाग को स्वीकृत के लिए भेजा जाएगा। प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक, जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद महादेव कॉरिडोर के लिए जो प्रस्ताव तैयार किया था, उसे शासन ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। अब इसे कैबिनेट की बैठक में रखा जाएगा। बता दें कि महादेवा कॉरिडोर के लिए भूमि का चिन्हांकन पहले ही जिला प्रशासन कर चुका है। इसकी परिधि में आने वाले भवनों को भी चिन्हित किया जा चुका है।

### सड़क हादसे में महिला की मौत, बेटा घायल

**फतेहपुर,बाराबंकी, अमृत विचार :** बेटे के साथ साइकिल से दवा लेने जा रही महिला की हादसे में मौत हो गई। बेटे को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसा फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के मैदासपुर का है। यहां की निवासी शांति देवी (70) बेटे रामसरन के साथ बुधवार को साइकिल से दवा लेने फतेहपुर जा रही थी। युगांतर इंटर कॉलेज के पास तेज रफ्तार बाइक सवार ने साइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में शांति की मौत हो गई। बेटा भर्ती है।

# फतेहपुर में नहर में दो लोग डूबे, मौत

फतेहपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** वैवाहिक कार्यक्रम में गए मजदूर का चार किलोमीटर दूर नगर कोतवाली तो लकड़ी तोड़ने गए युवक का शव फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र में मिला। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटनाओं से कोहराम मच गया।

पहली घटना नगर कोतवाली क्षेत्र की है। मसौली थाने के शहाबपुर निवासी राम सिंह रावत (45) मजदूरी करता था। मंगलवार रात वह किसी वैवाहिक समारोह में शामिल होने बाराबंकी आया था। वहां से वह लापता हो गया। उसका शव बुधवार को वैवाहिक स्थल से 4 किमी दूर फतेहमिल के पीछे नहर में मिला। इसकी सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस व परिजन मौके पर पहुंचे। मजदूर के शव को बाहर निकालने के बाद पुलिस ने छानबीन की। भतीजे रमेश ने बताया कि उसके चाचा मोहल्ले के एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने बाराबंकी एक मैरिज लॉन में गए थे। प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि नहर में मजदूर का शव मिलने की सूचना पर उसका पोस्टमार्टम कराया जा रहा है, रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। उधर, फतेहपुर कोतवाली के काजीपुरा निवासी छेदीलाल का बेटा चंदर (37) मंगलवार देर शाम शारदा नहर के किनारे लकड़ी तोड़ने गया था। इसी दौरान वह नहर में गिरकर डूबने लगा। साथ में गए बेटे अंशू के शोर मचाने पर आसपास के लोग दौड़े और पुलिस को सूचना दी। इस पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से उसकी तलाश कराई लेकिन अंधेरे के कारण कोई सुराग नहीं लगा। बुधवार को युवक का शव देवखरिया के पास नहर में मिला।

### 23 साल पहले मुंबई कमाने गया युवक नहीं लौटा

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** करीब 23 वर्ष पूर्व काम करने मुंबई गया व्यक्ति आज तक वापस नहीं लौटा। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर रामनगर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। मामला थाना रामनगर की ग्राम पंचायत लैन का है। यहां की निर्मला पत्नी हरिप्रसाद ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनके पति को वर्ष 2023 में काम करने के लिए अशोक पुत्र शंभू मुंबई ले गए थे। तब से उनके पति वापस नहीं लौटे। पिछले दिसंबर में अशोक आए लेकिन उसके पति के बारे में कोई जानकारी नहीं दे रहे हैं। गांव के लोगों से पता चला है कि वह कह रहे हैं कि मैंने उसे भेज दिया है।

### पूर्व सांसद के आवास के पास मिला मजदूर का शव

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पूर्व सांसद के आवास के समीप एक निर्माणाधीन मकान में मजदूर का शव संदिग्ध हालत में मिला। उसके गले पर निशान मिलने से हत्या की आशंका जताई जा रही है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा और रिपोर्ट का इंतजार है। मामला नगर कोतवाली के ओबरी का है। यहां पूर्व सांसद पीएल पुनिया के आवास के समीप दीपक अवस्थी का निर्माणाधीन मकान है। इस मकान में तीन साल से जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के गनौरा निवासी रामू पांडेय (44) रहकर मजदूरी करता था। बुधवार सुबह रामू का शव मकान में मिला। सूचना पर पहुंचे भाई श्यामू पांडेय ने बताया कि उसके गले पर निशान से अनहोनी की आशंका लग रही है। प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि जांच की जा रही है।

# भाई के हत्यारे को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** 4 साल पहले भाई की हत्या करने वाले अभियुक्त को दोषी मानते हुए अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 20 हजार रुपये अर्थदंड लगाया।

मामला टिकैतनगर थाना क्षेद्ध के बनगांवा का है। यहां के निवासी मथुरा प्रसाद ने 10 अगस्त को पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके बड़े बेटे की हत्या छोटे बेटे श्याम विहारी ने की है। विवेचना कर रहे तत्कालीन विवेचक पीके झा ने अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। मामले की सुनवाई कर रही अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश की अदालत ने अभियुकत श्याम बिहारी को बड़े भाई की हत्या का दोषी मानते हुए सजा सुनाई

**खूनी संघर्ष के मामले में दंपति को तीन-तीन साल की कैद :** जैदपुर थाना क्षेत्र के नवाबपुर कोडरी निवासी पीड़ित पिता ने 24 मई 2017 को थाने में दी तहरीर में बताया कि कल्लू ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म कर धारदार हथियार से हमला कर मारपीट की। पुलिस ने अभियुक्त कल्लू व उसकी पत्नी जुगराता पर मारपीट, जानलेवा हमला , दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट की धाराओं में केस दर्ज किया। विवेचक ने अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। मामले की सुनवाई कर रही अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की अदालत ने दंपति को गंभीर मारपीट का दोषी मानते हुए तीन-तीन वर्ष के कठोर कारावास व 11-11 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। वहीं, जानलेवा हमला, दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के मामले में दंपति को दोषमुक्त किया।

### दुराचारी को 7 वर्ष की कैद



**बाराबंकी, अमृत विचार :** किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की अदालत ने 7 वर्ष के कठोर कारावास व 20 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। मामला टिकैतनगर थाना क्षेत्र के रानीमऊ तराई का है। यहां के निवासी पीड़ित पिता ने 2 अक्टूबर 2017 को पुलिस को दी तहरीर में बताया कि अजय गुप्ता ने उसकी नाबालिग बेटी से दुष्कर्म किया। उसके बाद जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। इस पर पुलिस ने दुष्कर्म, धमकी और पॉक्सो एक्ट का केस दर्ज कर अभियुक्त अजय गुप्ता को गिरफ्तार कर जेल भेजा। विवेचक ने किशोरी के चिकित्सीय परीक्षण व बयान के साथ वैज्ञानिक साक्ष्यों को जुटाकर अदालत में आरोप-पत्र दाखिल किया। इस मामले की सुनवाई कर रही अपर सत्र न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश ने गवाहों के बयान व साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त अजय को दोषी करार देते हुए बुधवार को 7 वर्ष के कठोर कारावास व 20 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई।

# कस्टम ड्यूटी की 3 श्रेणियों में बदलाव

**लखनऊ, अमृत विचार :** भारत सरकार के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि कस्टम ड्यूटी के रेशनलाइजेशन से उद्योग एवं सीमा शुल्क प्रक्रियाओं में आवश्यक निश्चितता एवं स्पष्टता लाता है। मोबाइल फोन की मैनुफैक्चरिंग के लिये इको सिस्टम को मजबूत करने की दिशा में उठाये गये इस कदम के लिये प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री को धन्यवाद देता हूं। मोबाइल फोन के निर्माण में उपयोग के लिये वस्तुओं पर लागू अवशिष्ट श्रेणी/अन्य पर लगने वाले सीमा शुल्क को 15 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया गया है। उक्त जानकारी पूर्वोत्तर रेलवे मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

मोबाइल फोन के निर्माण में उपयोग की जाने वाली कई वस्तुयें, जिन्हें पहले "अन्य" माना जाता था एवं उन पर 15 प्रतिशत शुल्क लिया जाता था, अब 10 प्रतिशत शुल्क लिया जायेगा। इन अधिसूचनाओं में विशेष रूप से सूचीबद्ध वस्तुओं के निर्माण में उपयोग के लिए इनपुट या भागों पर सीमा शुल्क घटाकर शून्य कर दिया गया है। केंद्र सरकार ने एक अधिसूचना के जरिये कस्टम ड्यूटी में तीन श्रेणियों में बदलाव किये हैं। आईसीईए के अध्यक्ष पंकज मोहिन्द्रू ने कहा कि "भारत में मोबाइल विनिर्माण को प्रतिस्पर्धी बनाने की दिशा में यह सरकार का एक महत्वपूर्ण तथा स्वागत योग्य नीतिगत निर्णय है। कहा कि मोबाइल फोन उद्योग, प्रधानमंत्री कार्यालय, वित्त मंत्रालय तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के प्रति अपनी हार्दिक सराहना व्यक्त करना चाहता है।

# कनपुरियों ने मगरमच्छ पकड़ा



मगरमच्छ को बांधकर पकड़े रहे लोग। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता

- बांधकर घाट किनारे रखा लोगों ने की पूजा-अर्चना
- गंगा और घाट किनारे कई दिन से दिख रहा था

**कानपुर :** ये कनपुरियों का मिजाज ही है कि उन्हें यूं ही भौकाली नहीं कहा जाता, ससुरे कुछ भी कर जाते हैं। भैरव घाट के आसपास कई दिन से गंगा में घूम रहे एक मगरमच्छ को घाट किनारे के लड़कों ने घेरकर पकड़ लिया और बांधकर धर लिया। खूब तमाशा हुआ, कनपुरियों ने जोश दिखाया और लोग गंगा मइया की सवारी मानकर पूजा अर्चना भी करने लगे। धूप-दीप लगाया गया। देर शाम तक घाट किनारे रस्सी, डोरी, पट्टी से बंधा मगरमच्छ लोगों के दर्शनार्थ रखा रहा और लोग आ-आकर आगे-पीछे से सेल्फी लेते रहे। डरने के बजाय हंसी-ठहाके और मौज लेने का दौर चलता रहा। वन विभाग की टीम नहीं पहुंची।

गंगा और घाट पर मगरमच्छ का वीडियो कई दिन से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। रोजाना सैकड़ों लोग गंगा स्नान करते हैं, इसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारी नहीं चेते और मगरमच्छ नहीं पकड़ा। घाट किनारे के लड़के रोज वीडियो बना रहे थे। मगरमच्छ कभी रेती पर धूप सेंकता तो कभी घाट किनारे सीढ़ियों तक आ जाता। वन विभाग वाले नहीं आए तो बुधवार को अस्पताल घाट के पास क्षेत्रीय लोगों ने ही मगरमच्छ को पकड़ लिया। मुंह पर चढ़कर बैठ गए और मोटा कपड़ा और रस्सी बांध दी। मगरमच्छ के पूरे शरीर को रस्सी, डोरी से बांध दिया और घाट किनारे धर दिया।

# शिविर से सेवा भाव की सीख लें डॉक्टर

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** रेठ नदी के तट हड़िया कोल में चल रहे ऑपरेशन शिविर का बुधवार को जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने निरीक्षण कर मरीजों को फल वितरित किए। साथ ही हनुमान जी के दर्शन भी किए।

जिलाधिकारी ने ऑपरेशन कक्ष में जाकर देश के कोने-कोने से आए सेवाभावी डॉक्टरों से भेंट की। उन्होंने वार्ड में जाकर मरीजों से भेंट कर उन्हें फल वितरित किए। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि जिले के डॉक्टरों को यहां विजिट कराएं और बताए कि मरीजों की सेवा प्रकार की जाती है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अवधेश कुमार यादव भी साथ रहे।



मरीज को फल वितरित करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

## वर्ग पहेली-329

**बाएं से दाएं**

1.1. किसी का विनाश करने वाली, विनाशिनी 2. मार डालने वाली,नष्ट करने वाली।
5. अंगारों पर दग्ध किया हुआ, भूना हुआ, जलाया हुआ।
7. हठधर्मी, दुराग्रही, अड़ियल।
8.1. धांधली करने वाला, घोटालेबाज़ 2. भ्रष्टाचारी, बेईमान 3. धूर्त।

**ऊपर से नीचे**

2. तीन रंगों वाला।
3.1. (संगीत) एक रागिनी जिसे प्रात:काल गाते हैं 2. (संगीत) चार मात्राओं का एक ताल।
4. भौतिकवादी, पदार्थवादी।
6.1. धोखा देने वाला, जालसाज़ी या कपटपूर्ण व्यवहार करने वाला, ठग, विश्वासघाती 2. छली, कपटी, बेईमान, दगाबाज़, धूर्त, कुटिल।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | ■ | ■ | 3 |
| ■ | | ■ | 4 | ■ | |
| 5 | | | | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | | ■ | 6 |
| 7 | | | | ■ | |
| ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | |
| ■ | 8 | | | | |

### वर्ग पहेली - 328 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ज | ■ | 2 के | ■ | 3 सिं | ■ |
| तु | ■ | जु | ■ | गा | ■ |
| क | ■ | अ | ■ | रि | ■ |
| ■ | 4 ढो | ल | 5 कि | या | ■ |
| 6 पू | ■ | ■ | लो | ■ | 7 झाँ |
| ज | ■ | 8 पी | ल | पाँ | व |
| न | ■ | ■ | ■ | ■ | ली |

## सुडोकू -46

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | 4 | | 8 | | | |
| 5 | | | 6 | | | | 7 | 1 |
| | | 9 | | 2 | | 6 | | |
| | | | 8 | | 6 | | | 5 |
| | 3 | 4 | | | | 2 | 9 | |
| 1 | | | 9 | | 2 | | | |
| 2 | | 3 | | 1 | | 8 | | |
| 6 | 7 | | | | 4 | | | 3 |
| | | | 3 | | 5 | | | 2 |

### सुडोकू - 45 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 4 | 6 | 2 | 7 |
| 6 | 3 | 7 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 | 4 |
| 3 | 6 | 5 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 |
| 1 | 8 | 4 | 7 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 |
| 2 | 7 | 9 | 8 | 4 | 6 | 1 | 3 | 5 |
| 7 | 1 | 3 | 6 | 9 | 5 | 4 | 8 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 1 | 5 | 6 | 9 |
| 9 | 5 | 6 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 फरवरी, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ,पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि-षष्ठी 14.03 तक तत्पश्चात सप्तमी।

**मेष:** आज व्यवसाय और करियर में आपको अच्छा धन लाभ होगा। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कई सारे रुके हुए काम दोबारा शुरू हो सकते हैं। बातचीत द्वारा परिस्थितियों को सम्भाल लेंगे।

**वृष:** आज व्यापार में नया अनुबंध कर सकते हैं। किसी सहकर्मी से आपका झगड़ा हो सकता है। घर की जरूरतों का ध्यान रखें। आपकी जीवनशैली में सुधार होगा। एकाग्रता के साथ कार्य करेंगे, तो परिणाम बेहतरीन तरीके से मिलेंगे।

**मिथुन:** आज जॉब में किसी तरह के बदलाव को लेकर विचार बनेगा। प्रेम संबंधों को लेकर परिजनों का रुख सहयोगात्मक रहेगा। घर की जिम्मेदारियां आपको संभालनी होंगी। गरिष्ठ भोजन के सेवन से आपको कब्ज की शिकायत हो सकती है।

**कर्क:** आज भविष्य को लेकर थोड़े आशंकित रहेंगे। चिकित्सा के पेशे से जुड़े लोगों के ऊपर काफी दबाव हो सकता है। अपने शौक को पूरा करने में समय लगा सकते हैं। दिखावे और आडंबर के चक्कर में गलती न हो इसका ध्यान रखें।

**सिंह:** आज व्यवसाय में उत्तरोत्तर उन्नति के योग बन रहे हैं। दांपत्य संबंधों में काफी प्रगाढ़ता रहेगी। जीवनसाथी की सलाह से आपको व्यवसाय में काफी लाभ मिल सकता है। आनंद और उल्लास के साथ समय व्यतीत होगा।

**कन्या:** आज आपको लक्ष्यों के प्रति सहज रहना चाहिए। समय पर काम नहीं होने से तनाव हो सकता है। आपको काफी भागदौड़ करनी पड़ेगी,लेकिन इसका आपको सकारात्मक परिणाम भी अवश्य मिलेगा। नकारात्मक लोगों से दूरी बनाकर रखें।

**तुला:** आज दांपत्य और प्रेम संबंधों के मामले में भाग्यशाली रहेंगे। कीमती वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। सामाजिक कार्यों में आप व्यस्त होंगे। नई जॉब ढूंढ रहे हैं तो आपको सफलता मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में आपके कार्यों की प्रशन्सा होगी।

**वृश्चिक:** आज बातचीत के माध्यम से कई सारी परेशानियां सुलझने की संभावना बन सकती है। आत्मविश्लेषण में समय जरूर व्यतीत करें। धन के मामले में आपको निराशा हाथ लग सकती है। व्यर्थ के कार्यों में अपना समय और धन बर्बाद न करें।

**धनु:** आज निजी संबंधों में प्रसन्नता और संतुष्टि का अनुभव करेंगे। व्यापार में आप नया प्रयोग कर सकते हैं जिसमें शीघ्र ही आपको सफलता भी मिल सकती है। पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा। दूसरों के मामलों में अधिक हस्तक्षेप न करें।

**मकर:** आज जॉब में बदलाव के के विषय में सोच सकते हैं। अधिकारी वर्ग आपसे काफी प्रसन्न रहेगा। सकारात्मक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। रूढ़िवादी विचारों से आपको बचना चाहिए। इससे लोग आपके बारे में गलत राय भी बना सकते हैं।

**कुंभ:** आज साझेदारी वाले कार्यों के लिए समय उत्तम है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों में काम कर रहे लोगों का जॉब में स्थानांतरण या विभागीय बदलाव हो सकता है। ऑनलाइन किसी बड़ी मीटिंग में शामिल हो सकते हैं।

**मीन:** आज उतना ही काम करें जितना आप संभाल सकते हैं। झूठे वायदे करने से आपको बचना चाहिए। पारिवारिक मामलों में बाहर के लोगों की राय न लें। धैर्य और विवेक से काम लेना आपके लिए बेहद जरूरी है।

## आज का पंचांग

| | | |
|---|---|---|
| श. 11 | | बु. शु. मं. 9 |
| रा. 12 | सू. 10 | 8 |
| गु. 1 | | 7 |
| 2 | 4 | के. 6 |
| 3 | | 5 चं. |

मुहूर्त-अभिजित-11.58-12.42 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-10.31-11.14, 14.53-15.37 तक।
दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-चित्रा 2 फरवरी 03.49 तक तत्पश्चात स्वाती।

## आज की फिल्में

B4U Movies: परदेसी बाबू सुबह : 10.00; दानवीर रात : 07.00
Sony Max: तुम्हारी सुलु सुबह : 10.50; सड़क रात : 09.17
Sony Pix: वर्टिकल लिमिट सुबह : 08.46; इट शाम : 06.30
Zee Cinema: हम साथ साथ हैं सुबह : 10.30; मुक्काबाज रात : 07.30
Colors Cineplex: नमक हलाल दोपहर : 12.14; कभी खुशी कभी गम रात : 07.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर सुबह-10.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पापा- बेटा, आज तेरी मम्मी चुप-चाप क्यों बैठी है?
बेटा- मेरी गलती है इसमें
पापा- ऐसा क्या किया तूने
बेटा- मम्मी को लिपस्टिक की जगह फेविस्टिक दे दी?
पापा- जुग-जुग जियो मेरे लाल, भगवान ऐसा बेटा सबको दे।

मौलवी- किसी को इस शादी से ऐतराज
तभी आवाज आई हां मुझे है।
मौलवी- अरे तुमसे किसने पूछा? तुम तो दूल्हे हो तुम्हें तो जिंदगी भर रहेगा।

एकः सम्पन्नमश्नाति वस्ते वासश्च शोभनम्।
योऽसंविभज्य भृत्येभ्यः को नृशंसतरस्ततः॥

जो व्यक्ति स्वार्थी है, कीमती वस्त्र, स्वादिष्ट व्यंजन, सुख-ऐश्वर्य की वस्तुओं का उपभोग स्वयं करता है, उन्हें जरूरतमंदों में नहीं बांटता-उससे बढ़कर क्रूर व्यक्ति कौन होगा?

## संपादकीय

# बजट से उम्मीदें

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को बजट सत्र के उद्घाटन अवसर पर संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में कहा कि एक देश तेज गति से तभी प्रगति कर सकता है जब वह अतीत की चुनौतियों को हरा दे और भविष्य के निर्माण में अधिकतम ऊर्जा लगाता है। उन्होंने कहा सरकार का मानना है कि विकसित भारत की भव्य इमारत युवा शक्ति, महिला शक्ति, किसानों और गरीबों के चार मजबूत स्तंभों पर खड़ी होगी। यानि स्पष्ट है कि भविष्य के लिए हम कौन सी राह पकड़ने वाले हैं। ध्यान रहे लोकसभा चुनाव से पहले संसद का यह आखिरी सत्र है। गुरुवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतिम अंतरिम बजट सदन में पेश करेंगी। इस बजट पर पूरे देश की नजर रहेगी। हालांकि बजट में कोई बड़ी घोषणा नहीं होगी क्योंकि यह आम चुनाव से पहले लेखानुदान होगा। सरकार जो अंतरिम बजट पेश करेगी वह सिर्फ तब तक के लिए सरकारी खर्चों को पूरा करने के वास्ते होगा जब तक कोई नई सरकार नहीं बन जाती। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा कि जब चुनाव का समय निकट होता है, तब आमतौर पर पूर्ण बजट नहीं रखा जाता है, हम भी उसी परंपरा का निर्वाह करते हुए पूर्ण बजट नई सरकार बनने के बाद लेकर आएंगे।

लोकसभा चुनाव से पहले पेश होने वाला अंतरिम बजट, सत्ताधारी पार्टी के लिए मुफ्त एवं लोकलुभावन योजनाओं के जरिए मतदाताओं को आकर्षित करने का एक मौका होता है। वर्ष 2019 में आम चुनाव से पहले पेश अंतरिम बजट में भी ऐसा होते देख चुके हैं। 'किसान सम्मान निधि' योजना की घोषणा फरवरी 2019 के अंतरिम बजट में ही की गई थी। उसके दो महीने बाद लोकसभा के चुनाव हुए थे। सर्वे एजेंसी सीएसडीएस के मुताबिक लोकसभा चुनाव में इस योजना ने खेल परिवर्तक की भूमिका निभाई। मौजूदा लेखानुदान में क्या होगा, किन योजनाओं की घोषणा की जा सकती है, उनकी अटकलें ही लगाई जा सकती हैं, लेकिन देश के सामने जो समस्याएं और चुनौतियां हैं, उनके आधार पर विश्लेषण किया जा सकता है। दुनियाभर में गंभीर संकट के बीच भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और पिछली लगातार दो तिमाहियों में आर्थिक वृद्धि दर साढ़े सात प्रतिशत रही है। बेशक भारत की अर्थव्यवस्था कोरोना के बावजूद बेहतर स्थिति में है, लेकिन रोजगार, नौकरी, असमानता और देश पर कर्ज का बोझ आदि ऐसे मुद्दे हैं, जिन्हें अब बजट के जरिए गंभीरता से संबोधित किया जाना चाहिए।

# शीत का प्रकोप, ऊष्मा और प्रकाश से हमारा नाता



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

भारत में उत्तर के मैदानी इलाकों में पिछले 20 दिन से अधिक हुआ, मौसम लोगों के शरीर और मन के अनुकूल नहीं है। गंगा-जमुना के मैदानी इलाकों में तापमान 0 .5 से लेकर 45-47 डिग्री सेल्सियस तक होता है।

सबसे ठंडा शहर साइबेरिया में साखा रिपब्लिक (रूस) का फेडरल डिस्ट्रिक्ट याकुत्स्क है। यहां 31 जनवरी को तापमान शून्य से नीचे 32 डिग्री सेल्सियस था। हर तरफ बर्फ था। लगता है याकुत्स्क फ्रीज हो गया है। फिर भी लोग जीते हैं और सक्रिय हैं। 'फिजियोलॉजी ऑफ कोल्ड' के लिहाज से देखा जाए तो यह बड़ी हिम्मत है। यहां रहने वाले लोगों के शरीर ने अनुकूलन कर लिया है। अमेरिका और याकुतिया के वैज्ञानिकों की रिसर्च यह बताती है कि दीर्घ निवास के कारण याकुट लोगों की शरीर क्रिया अनुकूलन की वजह से शीत को अद्भुत रूप से झेलने के काबिल हुई है। वैज्ञानिकों ने इन लोगों की शरीर क्रिया, मौसम के अनुसार शारीरिक गतिविधि, शरीर में वसा और कार्बोहाइड्रेट, हार्मोन और ठंड की वजह से शरीर के अंग-प्रत्यंगों में सूजन की संभावना होने के अलावा पोषण स्तर का आंकलन भी किया है। यह मालूम हुआ कि इनके शरीर में विशिष्ट प्रकार से मेटाबोलिक क्रियाओं की उत्पत्ति के बावजूद कुछ खास तरह से चयापचई विकारों का विकास होता है जिसे अमेरिका-रूस की संयुक्त मेडिकल रिसर्च टीम ने दर्ज किया। ऐसी ही कुछेक शारीरिक दिक्कतें भारत में मैदानी और पर्वतीय इलाकों में रहने वालों में देखा गई हैं जिनके कारण और नैदिनिकी कुछ अलग तरह की है।

भारत में उत्तर के मैदानी इलाकों में पिछले 20 दिन से अधिक हुआ, मौसम लोगों के शरीर और मन के अनुकूल नहीं है। गंगा-जमुना के मैदानी इलाकों में तापमान 0.5 से लेकर 45-47 डिग्री सेल्सियस तक होता है। राजस्थान में चुरू और हरियाणा के हिसार और नारनौल में तो यह शून्य दर्जे सेल्सियस से भी एक-दो दर्जा नीचे अनेक बार आंका गया है। गर्मी झेलने वाले लोग एक डिग्री सेल्सियस तक और 46 डिग्री तक तापमान पहुंचने पर अनुकूलन कैसे करते हैं। यह रहस्य शरीर की चयापचयी क्रियाओं और हार्मोन्स के स्राव की मात्रा के स्तर, रक्त में इसके विचरण और शरीर के रेस्पांस पर निर्भर करता है। हमारे लिए जून महीने में हीट-स्ट्रेस और शीत ऋतु में कोल्ड-स्ट्रेस को झेलना मुश्किल होता है। शरीर को अपने भीतर का 'कोर-टेम्परेचर' बनाए रखने से पहले कुछ परिवर्तन करने पड़ते हैं। यह तभी संभव है जब

ठंडे प्रदेशों में लोग इन दिनों घर से बाहर नहीं निकलते और घर में बैठकर आग तापते हैं। हमने देखा होगा कि कॉलोनियल टाइप के बंगलों में बड़े कमरे में एक अंगीठी बनाई जाती थी जिसमें सूखी लकड़ी के छोटे टुकड़े डालकर कई घंटा तक इसके सामने घर के लोग बैठा करते।

शरीर के भीतर मौजूद एंडोक्राइन ऑर्गन्स का आपस में सही जैव-रासायनिक संबंध कायम रहे और कोशिकाओं और सिस्टम में मौजूद संवेदी अर्थात् रिसेप्टर्स अपना काम सही से करें। चूंकि ऋतु परिवर्तन के दौरान दिन और रात की अवधि, प्रकाश और अंधेरे के कुल समय और तापमान एवं वायुमंडल में मौजूद नमी में बदलाव धीरे-धीरे होता है। इसलिए अनुकूलन भी साथ-साथ, धीमी गति से होता रहता है। मई-जून में लू चलने पर वातावरण अत्यधिक गर्म होने से और शीत ऋतु में कंपकपा देने वाली पश्चिमी हवाओं के चलने या कोल्ड-वेव के दौरान शरीर का एक हिस्सा अगर उघड़ा रह जाए और शरीर में पानी की कमी हो जाए तो क्रमशः हीट-स्ट्रेस और कोल्ड स्ट्रेस होता है।

कोल्ड-स्ट्रेस के बाद अगर 'हाइपोथर्मिया' हो जाए और समय से शरीर को उष्मा के संपर्क में न लाया जाए तो मृत्यु निश्चित है। वैज्ञानिक अध्ययनों से ज्ञात हुआ है कि शरीर का भीतरी तापमान 85.1 डिग्री फारेनहाइट तक अगर गिर जाता है तो यह जानलेवा संकट की स्थिति है और ऐसे में प्रति मिनट एक-दो बार ही दिल धड़कता है। नब्ज़ और सांस तो करीब-करीब बंद ही मालूम पड़ते हैं। अगर तापमान गिर कर 68 डिग्री फारनहाइट हो जाए तो मृत्यु निश्चित है। उत्तर भारत में ठंड का प्रकोप लंबी अवधि तक बना रहे तो प्रत्येक जीवधारी के शरीर में स्वैच्छिक रूप से चलने वाली मेटाबोलिक प्रक्रियाएं कुछ उत्पात कर सकती हैं। मधुमेह और हृदय रोग से पीड़ितों के लिए यह चुनौतीपूर्ण समय होता है। बच्चों और वृद्ध लोगों के लिए यह बड़ी मुश्किलें पैदा करता है। सोने-जागने के समय और अवधि में अनिश्चितता होने लगती है, भूख बिगड़ जाती है और तरल भोजन का सेवन न करने और आहार की किस्म का ध्यान न रखने, पर्याप्त मात्रा में गुनगुना पानी न पीने के कारण भी शरीर का रेस्पोंस और जैव-रासायनिक संतुलन अत्यधिक ठंडे मौसम मैं चौपट हो जाता है।

ठंडे प्रदेशों में लोग इन दिनों घर से बाहर नहीं निकलते और घर में बैठकर आग तापते हैं। हमने देखा होगा कि कॉलोनियल टाइप के बंगलों में बड़े कमरे में एक अंगीठी बनाई जाती थी जिसमें सूखी लकड़ी के छोटे टुकड़े डालकर कई घंटा तक इसके सामने घर के लोग बैठा करते। अधिक ठंड और गर्मी में चिक को नीचे सरका कर लू और शीत से बचाव कर लिया जाता और अंदर के कमरों का ताममान 4-5 डिग्री सेल्सियस तक कम रखा जा सकता था। यूरोप, रूस, कनाडा, उत्तरी अमेरिका और जापान में पारंपरिक घरों को गर्म रखने के लिए एक केंद्रीय व्यवस्था बनाई जाती थी। इसमें एक दहन कक्ष में आग जलाकर इसकी ऊष्मा को पक्के सुरंगों और पाइप्स के जरिए पूरी इमारत में पहुंचाया जा सकता था। इसे सेंट्रल हीटिंग सिस्टम कहते हैं।

उत्तरी अक्षांशों में बसे शहरों में रईस लोगों और सरकारी इमारतों में आज भी यह सिस्टम चालू है। भारत में उत्तर के सर्दी झेलने वाले इलाकों में आजकल बनाए जाने वाले घरों के डिजाईन 'बिगाड़' दिए गए हैं। आर्किटेक्ट लोग आर्टिफीसियल-हीटिंग और कूलिंग को तरजीह दी जाए, ऐसा डिजाईन निकालते हैं। इससे घरों में एयर-कंडिशनर लगाने पड़ते हैं और जीवनयापन मंहगा हो जाता है। अत्यधिक शीत को सहने की क्षमता को पहचानने के लिए पृथ्वी पर अनेक चुनिंदा जगहों पर रहने वाले जीव-जंतुओं और मनुष्यों के शरीर पर अध्ययन किए गए हैं ताकि अनुकूलन कैसे होता है इसका पूरा मैकेनिज्म मालूम किया जाए और किसी वजह से इसके दुष्प्रभाव की चपेट में मनुष्य या पालतू जीव आए तो उसका सही से इलाज किया जा सके। ऊंचे और हिमपात वाले पर्वतों पर ऑक्सीजन की कमी भी गैर-रहवासियों को बुरी तरह प्रभावित कर सकती है अगर अनुकूलन के नियमों का पालन न किया जाए। मैदानी स्थानों पर जहां हिमपात होता है या अत्यधिक शीत होती है, तब पालतू पशु और मनुष्य के विपत्ति में पड़ने पर इलाज करने के प्रोटोकॉल न केवल तय किए गए हैं, बल्कि अत्याधुनिक रिसर्च से इसमें बराबर सुधार भी आता रहा है। उत्तरी ध्रुव क्षेत्र और हिमपात होने वाले पर्वतों और मैदानी इलाकों में जो जीव-जंतु रहते हैं वे हिमपात से पहले या तो नीचे आ जाते हैं या वे दीर्घ निद्रा लेते हैं। दीर्घ निद्रा के दौरान इनके शरीर की चयापचयी प्रक्रियाएं सुस्त पड़ जाती हैं और अंदर के मल द्रव्य 'री-सायकल' होने शुरू हो जाते हैं। इसकी बायो-केमिस्ट्री बड़ी अद्भुत है और नाइट्रोजन वेस्ट पदार्थ सुसुप्तावस्था में भी बाहर न निकले तो भी किसी प्रकार की टॉक्सिसिटी पैदा नहीं करते। यह लाखों साल में क्रमिक विकास के दौरान अनुकूलन से ही संभव हुआ है।

एक और महत्वपूर्ण बात यह कि कोहरे और आकाश में जरूरत से अधिक नमी व्याप्त हो जाने से कई दिन तक मनुष्य को अगर सूरज दिखाई न दे शरीर के भीतर मौजूद 'जैव-घड़ी' अर्थात् बायो-लॉजिकल क्लॉक, की सुइयां स्लो हो जाती हैं या कूदने-फांदने लगती हैं, कंफ्यूज हो सकती हैं और व्यक्ति का ध्यान डिगा सकती हैं। इसे 'डिस-ओरिएंटेशन' कह सकते हैं। अगर किसी व्यक्ति को मेटाबोलिक डिसऑर्डर है और दवा पर निर्भर है तब उसकी दवा की रोजाना की डोज और दिनचर्या को हल्का सा बदलने की जरूरत भी हमारा डॉक्टर बताएगा।

स्वस्थ मनुष्य को शारीरिक गतिविधि और हल्का व्यायाम, तरल, गर्म और ताजा आहार लेने। मांस-मदिरा से बचने, धूम्रपान कम कर देने या बिल्कुल ही त्याग देने और आहार में नमक और मीठा कम करने की भी स्लाह तो देगा ही, डॉक्टर यह भी कहेगा कि दवा निश्चित समय नियमित तौर पर लें। इसलिए सूरज के उदय होने के बाद अस्त होने तक विभिन्न उष्मीय तीव्रता से दृष्टिगोचर होना और इसे महसूस करना, ऋतु में अत्यधिक शीत होने के दिनों में जरूरी माना गया है। सबसे जरूरी है कोल्ड-एक्सपोजर से बचना और शरीर की अंदरूनी ऊष्मा को बचा कर रखना। कुल मिलाकर यह मामला 'डाईयुर्नल रिदम्स' और सोलर-रेडिएशन से जुड़ा हुआ है जिसके केंद्र में है सूर्य और इससे मिलने वाली ऊष्मा की मात्रा और प्रकाश की तीव्रता और अवधि। इस दौरान ऋतु अनुसार वायु के प्रवाह की गति और वर्षा जरूरी हैं।

## प्रसंगवश

# महात्मा गांधी के आखिरी घंटे



रश्मि त्रिपाठी
गोरखपुर

वो 30 जनवरी का दिन था। महात्मा गांधी सुबह 3:30 बजे उठे और कुछ कांग्रेस के कागजी मसौदों को तैयार करके वापस सोने चले गए। इस दौरान उन्होंने नींबू और शहद का गरम पेय और मौसमी का जूस पिया। दोबारा वे 8:00 बजे उठे अखबारों पर नजर दौड़ाई फिर बृज कृष्ण ने उनकी तेल से मालिश की, नहाने के बाद उन्होंने बकरी का दूध, उबली हुई सब्जियां टमाटर मूली, गाजर का सलाद और संतरे का रस लिया। इस दौरान उनके पुराने साथी जो डरबन में उनके साथ थे रुस्तम सोराब जी अपने परिवार के साथ उनसे मिलने आए। इसके बाद बापू दिल्ली के कुछ मुस्लिम नेताओं से भी मिले। सुधीर घोष और उनके सचिव प्यारे लाल ने नेहरू और पटेल के बीच मतभेदों पर लंदन टाइम्स में छपी एक टिप्पणी पर उनकी राय मांगी तो बापू ने कहा यह मामला वह पटेल के सामने उठाएंगे, जो 4:00 बजे शाम को उनसे मिलने आ रहे हैं और नेहरू से भी बात करेंगे, जो 7:00 बजे शाम में आएंगे।

उधर बिरला हाउस के लिए निकलने से पहले नाथूराम गोडसे ने नारायण दत्तात्रेय आप्टे से कहा कि उसका मूंगफली खाने का मन कर रहा है। आप्टे उनके लिए मूंगफली लेने गए। थोड़ी देर बाद आकर बोले मूंगफली मिल नहीं रही है, लेकिन गोडसे ने फिर से उनसे मूंगफली लाने के लिए कहा, आप्टे फिर से निकले और इस बार वह मूंगफली लेकर आए। दोनों ने मूंगफलियां खाई आप्टे ने कहा कि काम पर निकलने का समय हो रहा है। 4:15 बजे उन्होंने कनॉट प्लेस से एक तांगा किया और बिरला हाउस से कुछ पहले ही वह उतर गए। (इस बात को लॉपियर एंड कॉलिन्स ने अपनी किताब फ्रीडम एट मिडनाइट में लिखा है।)

4:00 बजे शाम को सरदार पटेल अपनी पुत्री मनी बेन के साथ बापू से मिलने आए और शाम 5:00 बजे प्रार्थना के समय तक उनसे बातचीत करते रहे। सरदार पटेल के साथ बात करते हुए बापू लगातार चरखा चला रहे थे और उन्हें समय का आभास न हुआ, पर आभा को मालूम था कि गांधी जी को प्रार्थना में देरी से पहुंचना बिल्कुल भी पसंद नहीं है। वह परेशान हो रही थी, लेकिन सरदार पटेल के सामने उनकी हिम्मत नहीं हो रही थी कि वह गांधी को टोक सकें कि उन्हें देर हो रही है। इसलिए उन्होंने बापू की जेब घड़ी उठाई और उसे धीरे से हिलाकर बापू को दिखाया। मणिबेन ने देखा और उनकी बातचीत में हस्तक्षेप किया। 5:10 हो चुके थे। आभा और मनु ने बापू को चप्पल पहनाकर उनका हाथ अपने कंधे पर रखकर उठाया। रास्ते में उन्होंने आभा से मजाक किया तुमने आज मुझे मवेशियों का खाना दिया था। उनका इशारा गाजरों की तरफ था आभा ने कहा हां बा भी इसको घोड़े का खाना कहती थीं, इस पर बापू हंसते हुए बोले अब मेरी दरियादिली देखों मैं इसका आनंद उठा रहा हूं जिसकी कोई परवाह तक नहीं करता है।

आभा ने बात को आगे बढ़ते हुए कहा आज आपकी घड़ी सोच रही होगी कि उसे नजर अंदाज किया जा रहा है तो बापू हंसते हुए बोले मैं घड़ी की तरफ क्यों देखूं यह नर्स का काम होता है। तुम्हारी वजह से मुझे 10 मिनट की देरी हो गई नर्स को अपना काम बिल्कुल समय पर करना चाहिए। ईश्वर के सामने भी प्रार्थना सभा में एक भी मिनट की देर से मुझे चिढ़ होती है। यही बात करते-करते हुए प्रार्थना स्थल तक पहुंच चुके थे।

आभा और मनु ने उन्हें बैठाते हुए अपने कंधों से उनका हाथ हटाया और बापू ने अपने दोनों हाथ लोगों के अभिवादन के लिए जोड़ लिए। तुरंत ही बाएं तरफ से नाथूराम जाकर उनके पैरों में झुका तो मनु को लगा कि वह उनका पैर छूना चाहता है। आभा ने जोर से बोला बापू को पहले ही देर हो चुकी है, उनके रास्ते में व्यवधान न उत्पन्न करिए, लेकिन गोडसे ने मनु को धक्का दिया तो उनके हाथ से माला और पुस्तक नीचे गिर गई। मनु उसे उठाने के लिए झुकी तो गोडसे ने पिस्तौल निकालकर सीधे तीन गोलियां बापू के सीने और पेट में दाग दीं। बापू के मुंह से "हे राम मममम" निकला और वह नीचे की ओर गिरे, आभा ने गिरते हुए बापू को संभाल लिया।

नाथूराम फायर करने के बाद पिस्टल को अपने हाथ से ऊपर उठकर पुलिस-पुलिस चिल्लाने लग गया, लेकिन वहां तो जैसे सारी चीज रुक गई थी और कम से कम एक मिनट तक कोई इंसान उसके पास तक नहीं आया। बाद में माली रघु काका ने उसके सर पर खुरपी के बट से प्रहार किया और उसे पकड़ लिया।

# बदलते दौर में भारत और ताइवान के रिश्ते



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

फिलहाल ताइवान में स्वतंत्रता समर्थक दल की जीत ने चीन की दुविधा को बढ़ा दिया है। इंडो पेसिफिक क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखना भारत की प्रमुखता है।

ताइवान पूर्व एशिया में स्थित एक खूबसूरत द्वीप जो रिपब्लिक ऑफ चाइना भी कहलाता है। चीन ताइवान को 'वन चाइना पॉलिसी' का हिस्सा मानता है। जबकि यह अपने को एक स्वतंत्र देश के रूप में देखता है और दुनिया भी इसे इसी नजरिए से देखती है। क्षेत्रफल के आधार पर ताइवान एशिया में शायद सबसे छोटा देश और दुनियाभर में 129 वां है। तुलनात्मक रूप से क्षेत्रफल में यह केरल से भी छोटा और जनसंख्या में हरियाणा से भी कम है, लेकिन विशेष भौगोलिक स्थिति के कारण न तो चीन इसे अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर रखना चाहता है और न ही अमेरिका इसे प्रभाव मुक्त करना चाहता है।

दरअसल चीन के बढ़ते प्रभुत्व को देखते हुए अमेरिका भी उससे खौफ खाया हुआ है। दक्षिण पूर्वी चीन के तट से लगभग सौ मील की दूरी पर ताइवान स्थित है। अमेरिका की चिंता है कि अगर ताइवान पर चीन का कब्जा हो जाता है तो हवाई द्वीप पर स्थित अमेरिकी सेना के ठिकाने चीन के निशाने पर आ सकते हैं। साथ ही प्रशांत महासागर में चीन को खुला रास्ता मिल सकता है, जो अमेरिका के हितों को प्रभावित करेगा। इसलिए अमेरिका ताइवान का शुभचिंतक बना है। उसे निरंतर सैन्य सहायता और कूटनीतिक मदद भी करता आया है।

हाल ही में 13 जनवरी को ताइवान में राष्ट्रपति चुनाव हुआ जिसमें डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी यानी सत्तारूढ़ पार्टी के उम्मीदवार लाइ चिंग-ते जो वर्तमान में उपराष्ट्रपति पद पर हैं, ने जीत हासिल की। यह दल तीसरी बार सत्ता संभालने जा रहा है। लाइ चिंग-ते ने त्रिकोणीय संघर्ष में 40 प्रतिशत वोट हासिल किए। ताइवान चुनाव इस साल की सबसे चर्चित भू राजनीतिक घटनाओं में से पहली है। अमेरिका और चीन के आपसी रिश्तों के लिए भी यह अहम माना जा रहा है। अगर दोनों के रिश्तों में फर्क पड़ता है तो भारत पर भी असर पड़ना तय है। ज्ञात रहे कि इस साल भारत, अमेरिका समेत दुनिया के लगभग 50 देशों में राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव होने हैं। भारत ताइवान से व्यापारिक और सांस्कृतिक संबंध रखता है, लेकिन वन चाइना पॉलिसी को भी मानता है। यह पॉलिसी 1949 में आई और भारत ने इसे तुरंत मान्यता दे दी, परंतु अमेरिका ने इसे तीन दशक बाद यानी 1979 में मान्यता दी। यही कारण है कि चीन और अमेरिका कई बार आमने-सामने दिखते हैं।

ताइवान ने अमेरिका से पर्याप्त मात्रा में हथियार भी खरीदे। अमेरिकी सांसद नैंसी पेलोसी के 2022 में ताइवान दौरे के बाद चीन और अमेरिका के संबंधों में और ज्यादा कड़वाहट आई। उस दौरान चीन ने ताइवान सीमा पर युद्ध अभ्यास शुरू कर घेराबंदी भी कर दी थी। अमेरिका को ललकारते हुए चीन का यह बयान भी आया था कि जो लोग आग से खेल रहे हैं, वे जल जाएंगे। ताइवान दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में स्थित देशों से घनिष्ठता बढ़ा रहा है। हालांकि भारत में हमेशा से इस तरह के अंतर्राष्ट्रीय मामलों में सावधानी बरतते हुए ही कदम आगे बढ़ाए हैं। वन चाइना पॉलिसी मानने के बावजूद भारत ने वर्ष 2008 से इसका जिक्र करना बंद कर दिया है। यह कदम चीन की उस धृष्टता के बाद उठाया गया था जब उसने अरुणाचल प्रदेश के दो शहरों को मंदारिन नाम देते हुए जम्मू-कश्मीर और अरुणाचल प्रदेश के लोगों को स्टेपल वीजा जारी कर दिया था। इस दौरान ताइवान और भारत एक-दूसरे के करीब आते रहे। भारत और ताइवान शिक्षा, विज्ञान एवं तकनीक, व्यापार के क्षेत्र में एक-दूसरे के साथ खड़े हैं।

टेक्नोलॉजी की बात करें तो ताइवान कंप्यूटर उद्योग का घर है। आईटी उत्पादों का निर्माण, डिजाइन और निर्यात करने वाली एसर जैसी विश्वसनीय कंपनी यहीं की है। कंपनी के उत्पादों में पर्सनल कंप्यूटर, प्रोजेक्टर, टैबलेट, पीसी, स्मार्टफोन, स्मार्ट डिवाइस, एलसीडी मॉनिटर, सर्वर आदि शामिल हैं। आज भी करीब तीन हजार भारतीय छात्र ताइवान में पढ़ाई कर रहे हैं। व्यापारिक भागीदारी लगातार बाढ़ रही है। भारतीय फिल्म समारोहों में ताइवान की फिल्मों का प्रदर्शन हो रहा है। यह बात अलग है कि वन चाइना पॉलिसी को मानते हुए भारत ताइवान के खुलकर समर्थन में नहीं आ पाता है।

फिलहाल ताइवान में स्वतंत्रता समर्थक दल की जीत ने चीन की दुविधा को बढ़ा दिया है। इंडो पेसिफिक क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखना भारत की प्रमुखता है। ताइवान भी इस क्षेत्र की शांति, समृद्धि और स्थिरता के लिए हमेशा से वचनबद्ध रहा है। समान दृष्टिकोण होने के कारण भारत के साथ इसके वैचारिक रिश्ते प्रबल हैं। बहुदलीय लोकतांत्रिक व्यवस्था वाला यह देश लोकतंत्र का भी सच्चा समर्थक नजर आता है।

## सोशल फोरम

# जिज्ञासा महा ठगनी हम जानी



संजय वर्मा
इंदौर

जिज्ञासा की मोहिनी कभी इस तरह ठग लेती है कि आदमी खुद को भस्म करने की हद तक नाचता है। मेरे एक बॉस साबुन बनाने वाली कंपनी के लिए मार्केटिंग रिसर्च कर रहे थे। वे जानना चाहते थे कि कोई अपना साबुन किस तरह चुनता है? एक दिन जिज्ञासा की झोंक में उन्होंने अपनी काम वाली बाई को करीब बुलाया और उससे पूछ बैठे-तुम कौन सा साबुन इस्तेमाल करती हो? बॉस का प्रश्न नितांत अकादमिक था, पर बाई ने उसे निजी दिलचस्पी का मामला माना और रोते हुए मेम साब से शिकायत कर दी। भाभी जी ने बॉस की खूब लू उतारी।

यह किस्सा यूं याद आया कि पिछले दिनों मुझे भी जिज्ञासा की नागिन ने डस लिया। मैं 'द बर्थ ऑॅर्डर बुक' नाम की एक किताब पढ़ रहा था। इसके लेखक केविन लैमन का मानना है कि आप जैसे भी हैं, आपको वैसा बनाने के लिए आपका बर्थ ऑर्डर जिम्मेदार है। मतलब आप अपने माता-पिता की कौन से क्रम की संतान हैं, इससे तय होगा कि आपका व्यक्तित्व, दिलचस्पियां और जीवनशैली कैसी होगी। मुझ पर किताब का नशा ऐसा चढ़ा कि लगा मुझे जीवन के सारे प्रश्नों का हल मिल गया है। मैं मानने लगा कि पुतिन ने यूक्रेन पर हमला क्यों किया इसके पीछे भी उसका बर्थ आर्डर है। मुझे लगा कि मैं किसी को भी देखकर उसका बर्थ ऑर्डर बता सकता हूं। इसी बीच एक पार्टी में जाना हुआ। मैंने पार्टी में आए हर शख्स को इसी निगाह से देखना शुरू किया। एक भाभी जी बहुत इठला रही थीं। मैंने उनके पास जाकर पूछ क्या आप अपने भाई-बहनों में सबसे छोटी हैं? भाभी जी हड़बड़ा गईं। उन्हें पता नहीं था कि मैं ऐसी कोई किताब पढ़ रहा हूं। न ही यह पता था कि मैं अभी तक किताब आधी ही पढ़ी है और यह अधजल गगरी छलक रही है। उन्होंने यथासंभव रुखा होते हुए कहा-नहीं मैं अपने भाई बहनों में सबसे बड़ी हूं, पर इससे आपको क्या मतलब? मैंने अपना तीसरा पैग जल्दी-जल्दी खत्म किया और निकल लिया। यारों ऐसा भी होता है। आप सिर्फ काम, क्रोध लोभ, मोह और अहंकार की वजह से ही नहीं, जिज्ञासा की वजह से भी पिट सकते हैं। बहरहाल किताब बड़ी दिलचस्प है। मुझे खास तौर पर इसलिए पसंद आई, क्योंकि मैं मंझलों की विलुप्त प्राय प्रजाति का सदस्य हूं और इसमें मंझलों के दुख की बात है।

- फेसबुक वॉल से

# धड़कते दिल की तमन्ना हो, मेरा प्यार हो तुम





ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

पिछली सदी के चौथे एवं पांचवे दशक की स्टार अभिनेत्री और दिलकश गायिका सुरैया के बारे में यह बहस होती रही है कि उनके अभिनेत्री और गायिका रूपों में बेहतर रूप कौन सा था। अभिनेत्री के रूप में उन्हें हिंदी सिनेमा की पहली 'ग्लैमर गर्ल' माना जाता है जिन्होंने अपने चुंबकीय व्यक्तित्व, शालीन सौंदर्य और दिलफरेब अदाओं से करोड़ों के दिल जीते थे। अपनी सीमित अभिनय प्रतिभा के बावजूद उस दौर की कई बेहतरीन अभिनेत्रियों-नूरजहां, नरगिस, कामिनी कौशल, निम्मी और मधुबाला के बीच भी उनकी चमक कभी फीकी नहीं पड़ी। अपने दो दशक लंबे कैरियर में सुरैया की कुछ चर्चित फिल्में थीं - उमर खैयाम, विद्या, परवाना, अफसर, प्यार की जीत, शमा, बड़ी बहन, दिल्लगी, वारिस, माशूका, जीत, खूबसूरत, दीवाना, डाक बंगला, अनमोल घड़ी, मिर्ज़ा ग़ालिब और रुस्तम सोहराब। इन फिल्मों में अभिनेत्री के तौर पर सुरैया में नया और अलग कुछ भी नहीं था। सीधे-सादे अभिनय के बावजूद पर्दे पर उनकी शालीन उपस्थिति, ग्लैमर, मीडिया द्वारा बनाए गए उनके रहस्यमय आभा मंडल और अभिनेता देव आनंद के साथ चर्चित, लेकिन असफल प्रेम-संबंधों की वजह से ही लोग उनकी फिल्मों तक खींचे चले आते थे।

ज्यादातर लोगों का मानना यह है कि सुरैया अभिनेत्री से बेहतर एक गायिका थी जिनकी खनकती, महीन, सुरीली आवाज के लाखों मुरीद आज भी हैं। हालांकि उन्होंने संगीत की कभी विधिवत शिक्षा नहीं ली, लेकिन उनका रूझान बचपन से ही संगीत की ओर था। वे पार्श्वगायिका ही बनना चाहती थीं। उनके गायन की शुरुआत आकाशवाणी से हुई थी। संगीतकार नौशाद ने आकाशवाणी के एक कार्यक्रम में जब सुरैया को गाते सुना तो उनकी आवाज और अंदाज से प्रभावित हुए। उन्होंने पहली बार सुरैया को फिल्म 'शारदा' में गाने का मौका दिया। उसके बाद जो हुआ वह इतिहास है। उनके कुछ बेहद लोकप्रिय गीत हैं - तू मेरा चांद मैं तेरी चांदनी, जब तुम ही नहीं अपने दुनिया ही बेगानी है, तुम मुझको भूल जाओ, ओ दूर जाने वाले वादा न भूल जाना, धड़कते दिल की तमन्ना हो मेरा प्यार हो तुम, नैन दीवाने एक नहीं माने, सोचा था क्या क्या हो गया, वो पास रहे या दूर रहे नजरों में समाए रहते हैं, मुरली वाले मुरली बजा, तेरे नैनो ने चोरी किया मेरा छोटा सा जिया, नुक्ताचीं है गमे दिल उसको सुनाए न बने, दिले नादां तुझे हुआ क्या है, ये न थी हमारी किस्मत कि विसाले यार होता, ये कैसी अजब दास्तां हो गई है, ऐ दिलरुबा नज़रे मिला। 'मिर्ज़ा ग़ालिब' में गुलाम मोहम्मद के संगीत में गालिब की कुछ गजलों को जिस बारीकी और खूबसूरती से उन्होंने गाया है, उन्हें सुनना आज भी एक विलक्षण अनुभव है। उनकी आवाज की खनक, गहराई और भंगिमाएं सुनने वालों को एक दूसरी ही दुनिया में ले जाती थी। लता के उत्कर्ष के पूर्व सुरैया ने ही हिंदी सिनेमा में गीत को गरिमा और ऊंचाई दी थी। राष्ट्रपति का स्वर्ण कमल पुरस्कार प्राप्त फिल्म 'मिर्जा गालिब' में सुरैया की गायिकी से प्रभावित होकर तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने उनसे कहा था- 'तुमने मिर्जा गालिब की रूह को जिंदा कर दिया।' आज उनके अभिनय का अंदाज पुराना पड़ गया है, लेकिन उनकी दिलकश गायिकी का असर संगीत प्रेमियों पर कई सदियों तक हावी रहेगा।

# केलिगीतों की परंपरा



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

भागवत-कार ने रास-प्रसंग में केलिगीतों का उल्लेख किया है-निशम्य गीतं तदनंग वर्द्धनम्। केलिगीतों की परंपरा उससे भी प्राचीन रही होगी। गाहा सतसई में राधा का उल्लेख है। तमिल साहित्य के अध्येताओं ने मुल्लइ वन-प्रांतर में गाय चराने वाले ऐयर जन में प्रचलित लोकगीतों की बात कही है।

ब्रज साहित्य के समीक्षकों ने गोप-आभीर-गुर्जर के लोकगीतों का संदर्भ दिया है। कोई गीत-परंपरा गीत गोविंद के पीछे है और कोई गीत-परंपरा विद्यापति के गीतों से जुड़ी हुई अवश्य है। विद्यापति के जमाने में राधा-कृष्ण के प्रेमगीत भी लोक प्रचलित थे और हरगौरी के गीत भी लोक जीवन में गाए जाते थे। विद्यापति ने राधा-कृष्ण के प्रेमगीत भी लिखे और हरगौरी के गीत भी लिखे विद्यापति के गीत-महेशवानी, सोहर, बटगमनी, तिरहुत, समदाउन, नचारी आदि पुनः लोकमानस में रच बस गए। उनके गीत मंदिरों में कीर्तन के रूप में भी गाए जाने लगे। सूरदास के पदों के संबंध में यही बात आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने कही है। ऐसे अनेक लोकगीत आज भी ब्रज में प्रचलित हैं जिनमें सूर के पद तथा लोकगीत का भेद कहीं खो गया है।

केलिगीतों की वही प्राचीन परंपरा भागवतकार के मन में गूंज रही थी जिसका स्वर वेणुगीत, युगलगीत, गोपीगीत, भ्रमरगीत और महिषीगीत का राग बन गया है।

वह लोकमन ही था, जो भागवतकार के मन में संक्रांत हुआ, ठीक वैसे ही जैसे भागवतकार का मन जयदेव, विद्यापति, महाप्रभु चैतन्य और आचार्य वल्लभ के मन में संक्रांत हुआ तथा आचार्य मानस, कवि मानस और भक्त मानस से वह पुनः लोक मानस में संक्रांत हुआ। लोकमन से प्रेरणा पाकर भारत के चित्रकारों ने रस और रास के चित्र बनाए तथा संगीतकारों ने रास के संगीत और नृत्य का विकास किया। यह लोक मानस और शास्त्र मानस की निरंतर प्रक्रिया है।

## एक नजर

### आईआईएमसी को मिला डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा

नई दिल्ली। पत्रकारिता और जनसंचार के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान, भारतीय जनसंचार संस्थान (आईआईएमसी) को डीम्ड विश्वविद्यालय का दर्जा दिया गया है। इसी के साथ अब इसे केवल डिप्लोमा के बजाय डिग्री प्रदान करने का अधिकार मिल गया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने जानकारी दी कि आईआईएमसी को डीम्ड यूनिवर्सिटी के रूप में मान्यता दी गई है। उन्होंने कहा कि यह आईआईएमसी के लिए खास और ऐतिहासिक दिन है। इस संस्थान का पत्रकारिता, विज्ञापन, जनसंपर्क जैसे मीडिया विषयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का गौरवशाली इतिहास रहा है।

### शुआट्स कुलपति की दूसरी जमानत अर्जी भी खारिज

प्रयागराज : पूर्व भाजपा नेता की हत्या के प्रयास के मामले में जेल में निरुद्ध शुआट्स विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आरबी लाल की दूसरी जमानत अर्जी भी जिला न्यायालय से खारिज हो गई। बता दें कि इसके पहले भी सत्र न्यायालय से उनकी जमानत अर्जी खारिज हो चुकी है। उनके खिलाफ भाजपा नेता ने नैनी थाने में हत्या के प्रयास सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वीसी को विश्वविद्यालय के गेस्ट हाउस से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

### पीसी जार्ज ने भाजपा में किया पार्टी का विलय

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव से पहले केरल जनपक्षम (सेक्युलर) के प्रमुख पीसी जॉर्ज ने बुधवार को अपनी पार्टी का भाजपा में विलय कर दिया। केरल के राजनीतिक मामलों के भाजपा प्रभारी प्रकाश जावड़ेकर और अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में जॉर्ज अपने बेटे शॉन और केरल जनपक्षम (सेक्युलर) के अन्य नेताओं के साथ भाजपा में शामिल हुए। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव अनिल एंटनी ने पार्टी मुख्यालय में कहा, आज पी सी जॉर्ज के नेतृत्व वाला केरल जनपक्षम (सेक्युलर) भाजपा में विलय कर रहा है।

# भाजपा को मजबूत करने के लिए कांग्रेस ने माकपा से मिलाया हाथ

## पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सार्वजनिक वितरण कार्यक्रम में लगाए आरोप

मालदा (प. बंगाल), एजेंसी

▸▸ कहा-माकपा ने 34 साल के शासन में लोगों को प्रताड़ित किया



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कांग्रेस पर आगामी लोकसभा चुनाव में राज्य में भाजपा को मजबूत करने के लिए माकपा से हाथ मिलाने का आरोप लगाया। बनर्जी ने यहां एक सार्वजनिक वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में दो सीट पर चुनाव लड़ने के उनके प्रस्ताव को कांग्रेस द्वारा अस्वीकार करने के बाद तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने पश्चिम बंगाल में आगामी चुनाव अकेले लड़ने का फैसला किया।

उन्होंने आरोप लगाया कि मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने राज्य में अपने 34 साल के शासन के दौरान लोगों को प्रताड़ित किया था और वह इसके लिए वामदल को कभी भी माफ नहीं कर पायेंगी। बनर्जी ने कहा कि कांग्रेस के पास राज्य विधानसभा में एक भी विधायक नहीं है। मैंने उन्हें दो लोकसभा सीट की पेशकश की लेकिन वे और अधिक चाहते थे। इसलिए, मैंने उनसे कहा कि मैं उनके साथ एक भी सीट साझा नहीं करूंगी।

उन्होंने कहा वह उन लोगों को भी माफ नहीं करेंगी जो माकपा का समर्थन करते हैं... क्योंकि ऐसा करके वे वास्तव में भाजपा का ही समर्थन कर रहे हैं। मैंने पिछले पंचायत चुनावों में ऐसा देखा है। बनर्जी ने कहा कि यदि मालदा से कांग्रेस के दिवंगत दिग्गज नेता गनी खान चौधरी के परिवार से कोई चुनाव लड़ता है तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। ममता ने कहा लेकिन टीएमसी भी चुनाव लड़ेगी। वे (कांग्रेस) भाजपा को मजबूत करने के लिए माकपा के साथ मिलकर लड़ेंगे... केवल टीएमसी ही राज्य में भाजपा से राजनीतिक रूप से लड़ने में सक्षम है। इससे पहले पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने बुधवार को मालदा जिले के इंग्लिश बाजार में अपनी 'जोनोसंजोग यात्रा' शुरू की। इसके मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही।

### केंद्र ने बकाया जारी न किया तो कल से धरना

बनर्जी ने कहा कि अगर भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार 1 फरवरी तक राज्य का बकाया नहीं चुकाती है तो वह 2 फरवरी से कोलकाता में धरना देंगी। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और धन का भुगतान न होने से प्रभावित लोगों से धरने में शामिल होने का आग्रह किया। धरना कोलकाता के रेड रोड इलाके में बीआर आंबेडकर प्रतिमा के निकट आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उन्होंने सारा बकाया चुकाने के लिए एक फरवरी तक का अल्टीमेटम दिया है। अगर ऐसा नहीं हुआ तो वह दो फरवरी से धरने पर बैठेंगी। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) और प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना (पीएमजीएवाई) सहित केंद्र सरकार द्वारा संचालित कई योजनाओं के मद में राज्य का 7,000 करोड़ रुपये बकाया है।

# तमिलनाडु में कभी लागू नहीं होने देंगे सीएए : एम के स्टालिन

चेन्नई, एजेंसी

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने बुधवार को कहा कि द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार राज्य में संशोधित नागरिकता अधिनियम (सीएए) को लागू करने की अनुमति कभी नहीं देगी क्योंकि यह कुछ समूहों मसलन मुसलमानों और देश में शरण लिए श्रीलंकाई तमिलों के प्रति भेदभावपूर्ण है। स्टालिन राज्य में विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए फिलहाल अन्य देशों की यात्रा पर हैं।

उन्होंने केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर के 29 जनवरी के बयान कि देश में सात दिन के अंदर सीएए लागू किया जाएगा के जबाव में यह बात कही। स्टालिन ने संसद में इसे पेश किए जाने के वक्त संशोधन के पक्ष में मतदान करने के लिए राज्य के मुख्य विपक्षी दल अन्नाद्रमुक की आलोचना की। मुख्यमंत्री ने एक्स पर अन्नाद्रमुक की आलोचना की और कहा कि यदि संशोधित नागरिकता विधेयक को उस पार्टी का समर्थन न होता तो शायद यह कानून नहीं बन पाता।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कानून श्रीलंकाई तमिल शरणार्थियों और मुसलमानों के खिलाफ भेदभाव करता है। केंद्रीय मंत्री ठाकुर ने सोमवार को दावा किया था कि सीएए एक सप्ताह के भीतर देशभर में लागू कर दिया जाएगा। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के मटुआ समुदाय बहुल बोंगांव से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद ठाकुर ने कहा था कि कानून को सात दिन के भीतर तेजी से कार्यान्वित किया जाएगा।

# राहुल गांधी की कार का शीशा टूटा

मालदा (पश्चिम बंगाल), एजेंसी



भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान, अररिया, बिहार में राहुल गांधी।

कांग्रेस की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान राहुल गांधी की कार का पिछला शीशा टूट जाने की घटना के बीच कांग्रेस की प. बंगाल इकाई के अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने आरोप लगाया है कि मालदा जिले में इस गाड़ी पर 'पथराव' किया गया।

उधर, कांग्रेस ने एक्स हैंडल पर कहा कि पार्टी नेता राहुल गांधी की कार का पिछला शीशा एक महिला के वाहन के सामने आ जाने पर अचानक ब्रेक लगाने के कारण टूटा। इस घटना में गांधी को कोई चोट नहीं पहुंची। टेलीविजन फुटेज में निर्धारित पड़ाव पर पहुंचने के बाद वह क्षतिग्रस्त शीशा का निरीक्षण करते हुए नजर आए।

### अधीर रंजन ने पथराव का लगाया आरोप

प्रदेश कांग्रेस ने दावा किया कि यह 'हमला' मालदा के हरिश्चंद्रपुर इलाके में उस वक्त हुआ, जब यह यात्रा बिहार से पुनः बंगाल पहुंची। चौधरी ने कहा, ''राहुल गांधी जिस वाहन में यात्रा कर रहे थे, उसकी पिछली खिड़की का शीशा पथराव के बाद टूट गया... इस तरह के कृत्य अस्वीकार्य हैं। वहीं दूसरी ओर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को दावा किया कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की कार में तोड़फोड़ पश्चिम बंगाल में नहीं बल्कि बिहार में हुई।

### बॉम्बे सैपर्स के जवानों के हैरतअंगेज करतब...



बॉम्बे सैपर्स के जवान पुणे की दिघी पहाड़ियों पर सैपर्स ग्रुप के प्रतिष्ठित युद्ध स्मारक के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम में प्रदर्शन करते हुए।। ● एजेंसी

# कारण बताओ नोटिस का महत्व सत्ता के मनमाने प्रयोग को रोकने में निहित

विधि संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ बिना मजबूत आधार के कार्रवाई पर हाई कोर्ट ने जताई नाराजगी

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक मामले में कारण बताओ नोटिस जारी कर विभागीय कार्रवाई करने वाले अधिकारियों के खिलाफ गहरी नाराजगी जताते हुए कारण बताओ नोटिस के महत्व को परिभाषित करते हुए कहा कि कारण बताओ नोटिस का महत्व कानून के शासन को बनाए रखने और सत्ता के मनमाने प्रयोग को रोकने में निहित है।

नोटिस में परिभाषित दायरे से परे किसी प्राधिकारी द्वारा की गई कोई भी कार्रवाई वैधता और प्रक्रियात्मक निष्पक्षता की सीमाओं का उल्लंघन मानी जाती है। इसके साथ ही कारण बताओ नोटिस जारी करने वाले प्राधिकारी से इसे जारी करने से पहले विशिष्ट आरोपों या चिंताओं को सावधानीपूर्वक रेखांकित करने की अपेक्षा की जाती है। कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि कारण बताओ नोटिस का पालन करना केवल एक प्रक्रियात्मक औपचारिकता नहीं है, बल्कि एक अनिवार्य आवश्यकता है, जिसके दायरे से परे कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति शेखर बी. सराफ की एकलपीठ ने मेसर्स एसोसिएटेड स्विच गियर्स एंड प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के निदेशक जवाहर लाल जैन की याचिका को स्वीकार कर उनके खिलाफ सहायक आयुक्त और अपर आयुक्त, राज्य कर/वाणिज्य कर, गौतमबुद्ध नगर द्वारा आक्षेपित आदेशों को रद करते हुए की। दरअसल मौजूदा मामले में अधिकारियों ने कारण बताओ नोटिस में दिए गए कारणों से आगे बढ़कर जुर्माना लगाया है, जो कारण बताओ नोटिस में याची को कभी प्रदान नहीं किये गए। याची के पास उक्त आधार पर अपना बचाव करने का कभी कोई अवसर नहीं था, इसलिए कारण बताओ नोटिस सीधे तौर पर प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है।

# आईआईएमसी को मिला डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा

**नई दिल्ली।** पत्रकारिता और जनसंचार के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान, भारतीय जनसंचार संस्थान (आईआईएमसी) को डीम्ड विश्वविद्यालय का दर्जा दिया गया है। इसी के साथ अब इसे केवल डिप्लोमा के बजाय डिग्री प्रदान करने का अधिकार मिल गया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने जानकारी दी कि आईआईएमसी को डीम्ड यूनिवर्सिटी के रूप में मान्यता दी गई है। उन्होंने कहा कि यह आईआईएमसी के लिए खास और ऐतिहासिक दिन है। इस संस्थान का पत्रकारिता, विज्ञापन, जनसंपर्क जैसे मीडिया विषयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का गौरवशाली इतिहास रहा है।

# विहिप नेता समेत चार लोग गोकशी में गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ छजलैट थानाध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा को हटवाने को कराई थी गोकशी

▸▸ तहसील-थाने का कर रहे थे घेराव मददगार दरोगा भी निलंबित

**अमृत विचार :** पुलिस ने विश्व हिंदू परिषद के नेता समेत चार लोगों को गोकशी के आरोप में गिरफ्तार किया है।

इन लोगों ने गोकशी को आधार बनाकर छजलैट थानाध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा को हटवाने का प्रयास किया। विश्व हिंदू परिषद के नेताओं ने दो बार गोकशी कराकर कांवड़ियों के रास्ते में गोवंश के अवशेष रखवाए। थानाध्यक्ष पर गोकशी करने वालों से मिले होने के आरोप में लगातार धरना-प्रदर्शन किया। इनके समर्थकों ने बुधवार को भी छजलैट थाने का घेराव किया।आरोपियों के मददगार दरोगा नरेंद्र कुमार को भी एसएसपी ने निलंबित कर दिया है।

एसएसपी हेमराज मीना ने बताया कि मोनू विश्नोई उर्फ सुमित, राजीव चौधरी, रमन चौधरी, शाहबुद्दीन, जमशेद और नईम ने मिलकर साजिश को अंजाम दिया है। मोनू, राजीव, रमन व शाहबुद्दीन को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि जमशेद व नईम फरार हैं। गिरफ्तार चारों आरोपियों ने अपराध स्वीकार कर लिया है, पुलिस के पास वीडियो रिकॉर्डिंग मौजूद है। कांठ थाना क्षेत्र के रसूलपुर गुज्जर निवासी मोनू विश्नोई जो खुद को 2011 से विश्व हिंदू परिषद के धर्म प्रसार विभाग का जिला प्रमुख बताता है। छजलैट थाने के गांव चक पचोकरा का राजीव चौधरी विहिप का तहसील क्षेत्र का प्रखंड अध्यक्ष, छजलैट के खानपुर का रमन चौधरी खुद को विहिप का सदस्य बताता है। तीनों ने चेतरामपुर के शाहबुद्दीन से मिलकर तानाबाना बुना था। पहले इन लोगों ने 16 जनवरी को समदपुर चौराहा के पास कांवड़ पथ पर मवेशी के अवशेष रखवाए। थानाध्यक्ष पर आरोप लगाकर प्रदर्शन किया। 28 जनवरी को शाहबुद्दीन व जमशेद ने चेतरामपुर में गाय चोरी कर गोकशी कराई फिर तहसील कांठ और थाने का घेराव किया। एसएसपी ने बताया कि 15 दिन पहले करीब 32 भैंसे पकड़े गए थे। जिन्हें थानाध्यक्ष से दबाव बनाकर मोनू विश्नोई अपने कार्यकर्ताओं के सुपुर्द करने को कह रहा था। लेकिन थानाध्यक्ष ने अन्य को सुपुर्द कर दिए थे। मोनू थानाध्यक्ष पर गोकशी व अन्य अनैतिक कार्य कराने का दबाव बनाता था। इन मामलों में थानाध्यक्ष की सहमति न मिलने से वह उन्हें थाने से हटवाने के लिए साजिश रच रहा था।

> मोनू विश्नोई क्रियाशील कार्यकर्ता हैं, उन्होंने अपने धर्म के विरुद्ध कार्य करने वालों के खिलाफ लोगों को साथ लेकर आंदोलन किया था। पुलिस से गोकशी के विरुद्ध आवाज उठाई थी। मामले में संगठन अपने स्तर से छानबीन कर रहा है। संगठन का मानना है कि विश्नोई पर कार्रवाई किसी साजिश का हिस्सा है।
> **-गौरव कश्यप,** विभाग प्रमुख, विहिप (धर्म प्रसार विभाग)

# राजनीतिक हस्तियों पर टिप्पणी न करें

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के अल्पसंख्यक दर्जे के मामले की शीर्ष कोर्ट में चल रही सुनवाई

उच्चतम न्यायालय ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के अल्पसंख्यक दर्जे से संबंधित मामले पर सुनवाई के दौरान बुधवार को एक वकील से कहा राजनीतिक हस्तियों पर टिप्पणी न करें। वकील ने बहस करते समय पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और अन्य का नाम लिया था। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, सात न्यायाधीशों वाली संविधान पीठ का नेतृत्व कर रहे हैं। वकील ने दलील दी थी कि मुस्लिम अल्पसंख्यक नहीं हैं क्योंकि वे चुनावी परिणाम को प्रभावित करने की स्थिति में हैं।

कील ने परोक्ष रूप से ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के नेताओं का जिक्र करते हुए तर्क दिया, अल्पसंख्यक के रूप में मुसलमान चुनावों को प्रभावित करते हैं और अगर भिंडरांवाले को श्रीमती गांधी ने खड़ा किया तो ओवैसी को भाजपा ने शह दी। वे मुस्लिम वोटों को विभाजित करना चाहते हैं।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि हम संवैधानिक कानून के दायरे से बाहर नहीं जाएंगे। राजनीतिक हस्तियों पर टिप्पणी न करें। वकील ने कहा कि 2011 की जनगणना के अनुसार, देश की आबादी में मुस्लिम 14.2 प्रतिशत थे। उन्होंने कहा कि यह अदालत इस सवाल का फैसला करने में सक्षम नहीं है कि वे किसी चुनाव को प्रभावित करते हैं या नहीं। इसीलिए मैंने उल्लेख किया है कि इस सवाल पर विचार करने के लिए कोई आयोग गौर सकता है।

### आज भी अदालत के सामने दलीलें जारी रहेंगी

एएमयू के अल्पसंख्यक दर्जे का मामला कई दशकों से कानूनी चक्रव्यूह में फंसा हुआ है। शीर्ष अदालत ने 12 फरवरी, 2019 को मुद्दे को फैसले के लिए सात न्यायाधीशों की पीठ के पास भेज दिया था। गुरुवार को दलीलें जारी रहेंगी।

# जम्मू-कश्मीर, पंजाब व यूपी में ईडी ने की छापेमारी

जम्मू, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भारत पेपर्स लिमिटेड (बीपीएल) से जुड़े 200 करोड़ रुपये के कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में बुधवार को जम्मू-कश्मीर, पंजाब और उत्तर प्रदेश में कई परिसरों पर छापे मारे।

आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। केंद्रीय एजेंसी धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत इन क्षेत्रों में कम से कम नौ परिसरों की तलाशी ले रही है। कंपनी के खिलाफ प्राथमिक आरोप यह है कि इसके निदेशकों ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की अगुवाई वाले बैंकों के कंसोर्टियम के साथ लगभग 200 करोड़ रुपये की ऋण धोखाधड़ी को अंजाम दिया। अन्य बैंकों में जम्मू एंड कश्मीर (जेएंडके) बैंक, पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) और करूर वैश्य बैंक शामिल हैं। आरोप है कि आरोपी ने सहयोगी कंपनियों/फर्जी संस्थाओं के जरिए धन की हेराफेरी की और फर्जी चालान जारी करके ऋणदाता बैंकों की अनुमति के बिना आयातित/स्वदेशी मशीनरी की बिक्री की।

# हिंदू विवाह की धारा 11 के अधीन मामलों को अन्य आधार पर निर्णित करना अवैध

विधि संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ इलाहाबाद हाई कोर्ट ने की अहम टिप्पणी

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 11 (शून्य विवाह) और धारा 12 (शून्यकरणीय विवाह) के आधारों की विस्तृत व्याख्या करते हुए माना कि शून्य विवाह प्रारंभ से ही अस्तित्वहीन माना जाता है। इसके लिए किसी भी प्रकार की घोषणा की आवश्यकता नहीं है जबकि शून्यकरणीय विवाह के मामले में विवाह तब तक वैध और विद्यमान रहता है, जब तक कि सक्षम न्यायालय द्वारा इसे रद करने की डिक्री प्रदान नहीं कर दी जाती है। इस विवाह में घोषणा आवश्यक है अन्यथा विवाह बना रहता है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति विवेक कुमार बिड़ला और न्यायमूर्ति डोनाडी रमेश की खंडपीठ ने कौशांबी की नगर पंचायत मंझनपुर में बतौर कार्यकारी अधिकारी कार्यरत पीड़िता की प्रथम अपील को खारिज करते हुए दिया। दरअसल अपीलकर्ता (पत्नी) ने परिवार न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उक्त अधिनियम की धारा 11 के तहत दाखिल उसके आवेदन को स्पष्ट रूप से अवैध बताते हुए खारिज कर दिया गया था। अपीलकर्ता ने तर्क दिया कि उसने पहले आवेदन धारा 12 के तहत दाखिल किया था, जिसे बाद में संशोधन के माध्यम से धारा 11 में बदल दिया गया। कोर्ट ने पाया कि विवाह को शून्य घोषित करने के लिए धारा 11 में उल्लिखित कोई आधार नहीं है, चूंकि सप्तपदी नहीं हुई थी, इसलिए दोनों पक्षों के बीच विवाह वैध नहीं था और विवाह का पंजीकरण भी अप्रसांगिक था।

## राष्ट्रीय

# राधा रतूड़ी बनीं राज्य की पहली महिला मुख्य सचिव

संवाददाता, देहरादून

▸▸ बुधवार सुबह शासन से आदेश जारी होने के बाद संभाला पदभार




उत्तराखंड में पहली बार महिला अधिकारी को मुख्य सचिव बनाया गया है। सरकार ने वर्ष 1988 बैच की आईएएस अधिकारी राधा रतूड़ी को नया मुख्य सचिव बनाया है। बुधवार सुबह आदेश जारी होने के बाद राधा रतूड़ी ने पदभार ग्रहण कर लिया। निवर्तमान मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधू ने रतूड़ी को पदभार सौंपा।

बता दें कि 1988 बैच के आईएएस अधिकारी मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधु का कार्यकाल बुधवार को समाप्त हो गया। संधु को सेवानिवृत्ति के बाद छह महीने का एक्सटेंशन दिया गया था, जो 31 जनवरी को पूरा हो गया। पदभार ग्रहण करने के बाद नवनियुक्त मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कहना है कि यह दशक उत्तराखंड का होगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप प्रदेश को आगे ले जा रहे हैं।

# समस्याओं को शालीनता से सुनें और विभागों को भेजें : मुख्यमंत्री

ब्यूरो, देहरादून

▸▸ पुष्कर सिंह धामी ने किया आईटीडीए का औचक निरीक्षण



अमृत विचारः मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को आईटीडीए (इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट एजेंसी) का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सीएम हेल्पलाइन 1905 और इन्टीग्रेटेड कमांड और कंट्रोल सेंटर की व्यवस्थाओं को भी देखा। धामी ने यातायात व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया।

मुख्यमंत्री ने सीएम हेल्पलाइन के कंट्रोल रूम से अल्मोड़ा जिले के पच्योना गांव निवासी लाल सिंह की समस्या सुनी। लाल सिंह ने सीएम हेल्पलाइन 1905 पर शिकायत की थी कि खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग ने बिना किसी पूर्व सूचना के उनका राशन कार्ड रद कर दिया है। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी अल्मोड़ा को निर्देश दिए कि जिला पूर्ति अधिकारी अल्मोड़ा के स्तर से इनकी समस्या का शीघ्र समाधान कराएं।

मुख्यमंत्री ने आईटीडीए के इन्टीग्रेटेड कमांड और कंट्रोल सेंटर से यातायात व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यातायात की सभी व्यवस्थाएं सुदृढ़ की जाएं। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने सीएम हेल्पलाइन कंट्रोल रूम में काम कर रहे कार्मिकों से कहा कि फोन पर आने वाली लोगों की समस्याओं को शालीनता से सुनें और जिस विभाग से संबंधित शिकायत है, उसे यथाशीघ्र उस विभाग को भेजें।

# तिलवाड़ा मयाली मार्ग पर कार खाई में गिरी, दो की मौत

**रुद्रप्रयाग।** तिलवाड़ा मयाली मोटर मार्ग पर सियाल्स्यू के पास एक कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि इनमें से एक कार चलाना सीख रहा था। घटना की सूचना मिलते ही डीडीआरएफ मुख्यालय की टीम घटनास्थल पर पहुंची। टीम के सदस्यों ने बताया कि कार में दो लोग सवार थे। इनमें एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक घायल ने जिला चिकित्सालय रुद्रप्रयाग दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान कैलाश जगवाण निवासी जगतोली, सांदर रुद्रप्रयाग तथा किशन कठैत निवासी सकलाना टिहरी गढ़वाल हाल निवासी तिलवाड़ा के रूप में हुई है।

# चमोली की बर्खास्त जिला पंचायत अध्यक्ष बहाल

ब्यूरो, नैनीताल

▸▸ हाईकोर्ट की एकल पीठ से रजनी भंडारी को मिली राहत

**अमृत विचारः** हाईकोर्ट ने जिला पंचायत अध्यक्ष चमोली रजनी भंडारी को राहत देते हुए उनके खिलाफ की जा रही जांच और बर्खास्तगी पर रोक लगा दी है। रजनी भंडारी की याचिका पर सुनवाई के बाद एकलपीठ ने उन्हें बहाल करने का निर्देश दिया है।

जिला पंचायत अध्यक्ष चमोली रजनी भंडारी ने अपनी याचिका में सरकार के 25 जनवरी के आदेश पर रोक लगाने आग्रह किया था। भंडारी ने याचिका में कहा है कि सरकार ने जांच करने में पंचायती राज अधिनियम के प्रावधानों का पालन नहीं किया है। जांच में भी पंचायती राज नियमावली का उल्लंघन किया गया है। पंचायतीराज नियमावली के अनुसार अनियमितता होने पर पहले जिला अधिकारी द्वारा प्रारंभिक जांच की जानी थी, लेकिन जिलाधिकारी ने स्वयं जांच न कर सीडीओ को जांच सौंप दी। मामले के अनुसार, पूर्व ब्लॉक प्रमुख नंदन सिंह बिष्ट की शिकायत पर जांच की सिफारिश के बाद पंचायती राज विभाग की ओर से बीते 25 जनवरी को एक आदेश जारी कर रजनी भंडारी को जिला पंचायत अध्यक्ष पद से हटा दिया गया था। उन पर विकास कार्यों की निविदाओं में गड़बड़ी करने का आरोप है।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 डीएमओ 825 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 बोल्ड 1160 डीएमओ 840।

## लखनऊ मंडी

**अनाज (प्रति क्वि.)-**

| | |
|---|---|
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल प्रति कुन्तल** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800। |

# बजट 2024 से पहले बाजार हुआ गुलजार

## शेयरों में तेजी के चलते सेंसेक्स 612 अंक चढ़ा और निफ्टी भी 21700 के पार पहुंचा

मुंबई, एजेंसी

बजट से पहले स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 612 अंक चढ़ गया। मुख्य रूप से एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज में लिवाली से बाजार लाभ में रहा। निवेशकों की नजर अब बृहस्पतिवार को पेश होने वाले अंतरिम बजट और नीतिगत दर को लेकर अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के निर्णय पर होगी। इससे बाजार को दिशा मिलेगी। शुरुआती नुकसान से उबरते हुए तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 612.21 अंक यानी 0.86 प्रतिशत की तेजी के साथ 71,752.11 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 711.49 अंक तक उछला था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 203.60 अंक यानी 0.95 प्रतिशत की बढ़त के साथ 21,725.70 अंक पर बंद हुआ।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा-निफ्टी की शुरुआत कमजोर रही। लेकिन बाद में इसमें तेजी आई और यह 204 अंक चढ़कर 21,726 अंक के स्तर पर पहुंच गया। वैश्विक बाजार को अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर को लेकर टिप्पणी की प्रतीक्षा है। घरेलू मोर्चे पर निवेशकों की नजर बजट पर होगी। सेंसेक्स की कंपनियों में सन फार्मा, टाटा मोटर्स, भारतीय स्टेट बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति, बजाज फिनसर्व, पावरग्रिड और अल्ट्राटेक सीमेंट सर्वाधिक लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, लार्सन एंड टुब्रो का शेयर चार प्रतिशत से अधिक नीचे आया। दिसंबर तिमाही का परिणाम बाजार उम्मीद के अनुरूप नहीं होने से कंपनी का शेयर नीचे आया। इसके अलावा, टाइटन में भी गिरावट रही।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा-अंतरिम बजट से पहले बाजार में एक सकारात्मक धारणा बनती दिखी। हालांकि, बजट को लेकर उम्मीदें कम हैं लेकिन बाजार को कर राजस्व अधिक होने से राजकोषीय घाटा कम रहने की उम्मीद है। कहा-कुल मिलाकर बाजार में रुख उतार-चढ़ाव वाला है। इस समय गिरावट पर लिवाली की रणनीति उपयुक्त है।

### निवेशकों की संपत्ति 4.58 लाख करोड़ रुपये बढ़ी




**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में तेजी के साथ निवेशकों की संपत्ति बुधवार को 4.58 लाख करोड़ रुपये बढ़ गयी। शुरुआती नुकसान से उबरते हुए तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 612.21 अंक यानी 0.86 प्रतिशत की तेजी के साथ 71,752.11 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार में तेजी से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 4,58,130.52 करोड़ रुपये बढ़कर 3,79,78,375.88 करोड़ रुपये पहुंच गया।

### सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 73,800 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,450 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 48,000-48,200 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 74,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,900 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,900 |
| चांदी पक्की | 730 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,050 |
| चांदी आभूषण | 73,700। |

### चीनी उत्पादन 10 प्रतिशत घटकर 330.5 लाख टन रहने का अनुमान

नई दिल्ली। भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने कहा है कि देश का कुल चीनी उत्पादन सितंबर में समाप्त होने वाले मौजूदा विपणन वर्ष में 10 प्रतिशत घटकर 330.5 लाख टन रहने का अनुमान है। इसमें एथनॉल के स्थानांतरित चीनी भी शामिल है। महाराष्ट्र और कर्नाटक में कम उत्पादन की वजह से कुल उत्पादन नीचे आने का अनुमान है। इस्मा ने अक्टूबर-सितंबर के लिए चीनी उत्पादन का अपना दूसरा अग्रिम अनुमान जारी किया। उद्योग निकाय ने विपणन वर्ष 2023-24 में कुल अनुमानित चीनी उत्पादन लगभग 330.5 लाख टन रहने का अनुमान लगाया है।

## देश के केंद्रीय बजट 2024 से एमएसएमई को है काफी उम्मीदें

नई दिल्ली, एजेंसी

**संगठन ने कहा-सबसे बड़ा रोजगार पैदा करने वाला है क्षेत्र**

भारतीय युवा शक्ति ट्रस्ट ने देश के केंद्रीय बजट 2024 में वर्तमान अर्थव्यवस्था की बदलती जरूरतों को देखते हुए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) पर रणनीतिक फोकस रखे जाने की अपील की है।

संगठन ने आज यहां जारी बयान में कहा कि उद्यम पंजीकरण पोर्टल के अनुसार, एमएसएमई क्षेत्र, कृषि के बाद दूसरा सबसे बड़ा रोजगार पैदा करने वाला क्षेत्र है, जिसने 1 जुलाई, 2020 और 1 अगस्त, 2023 के बीच 12,36,15,681 व्यक्तियों को रोजगार देने का आंकड़ा है।

महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय ने विविध योजनाएं लागू की हैं। इन योजनाओं के तहत ऋण सहायता, नए उद्यम विकास, फॉर्मलाइजेशन, इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास, कौशल विकास और बाजार सहायता जैसे मुद्दों को कवर किया गया है। 11 जनवरी, 2023 को लॉन्च किया गया उद्यम असिस्ट प्लेटफॉर्म भी अनौपचारिक सूक्ष्म उद्यमों को औपचारिक दायरे में लाने की दिशा में उल्लेखनीय कदम है।

# आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि की रफ्तार 14 महीने के निचले स्तर पर पहुंची

नई दिल्ली, एजेंसी

**सरकारी आंकड़े के मुताबिक दिसंबर में 3.8 प्रतिशत पर**



दिसंबर, 2023 में आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि धीमी होकर 14 महीने के निचले स्तर 3.8 प्रतिशत पर आ गई है। एक साल पहले इसी अवधि में बुनियादी उद्योग का उत्पादन 8.3 प्रतिशत बढ़ा था। बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। इस दौरान कच्चा तेल, बिजली, इस्पात और सीमेंट क्षेत्र का प्रदर्शन कमजोर रहा।

आठ प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली शामिल हैं। इनकी वृद्धि नवंबर में 7.9 प्रतिशत थी। दिसंबर, 2023 से निचला स्तर अक्टूबर, 2022 में 0.9 प्रतिशत था। चालू वित्त वर्ष 2023-24 में अप्रैल-दिसंबर के दौरान इन आठ क्षेत्रों की वृद्धि सालाना आधार पर 8.1 प्रतिशत पर स्थिर रही है। दिसंबर, 2023 के दौरान कोयला, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली का उत्पादन बढ़ने की रफ्तार घट गई। समीक्षाधीन महीने में केवल प्राकृतिक गैस का उत्पादन सालाना आधार पर अधिक रहा। यह उद्योग दिसंबर, 2022 के 2.6 प्रतिशत के मुकाबले दिसंबर, 2023 में 6.6 प्रतिशत बढ़ा। पिछले साल दिसंबर में कच्चे तेल का उत्पादन एक प्रतिशत घट गया। आठ प्रमुख बुनियादी उद्योग औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 40.27 प्रतिशत का योगदान करते हैं।

### राजकोषीय घाटा वार्षिक अनुमान का 55 प्रतिशत

केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा दिसंबर, 2023 के अंत में 9.82 लाख करोड़ रुपये रहा है, जो वार्षिक बजट अनुमान का 55 प्रतिशत है। लेखा महानियंत्रक (सीजीए) द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। पिछले साल इसी अवधि में राजकोषीय घाटा 2022-23 के बजट अनुमान का 59.8 प्रतिशत था। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सरकार का राजकोषीय घाटा 17.86 लाख करोड़ रुपये या जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) का 5.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

### जीएसटी संग्रह 10.4 प्रतिशत बढ़कर 1.72 लाख करोड़ रुपये के पार

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि जनवरी में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का संग्रह सालाना आधार पर 10.4 प्रतिशत बढ़कर 1.72 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। यह किसी महीने में अब तक का दूसरा बड़ा संग्रह है। चालू वित्त वर्ष में तीन महीने ऐसे रहे, जब संग्रह 1.70 लाख करोड़ रुपये या उससे अधिक रहा। वित्त मंत्रालय ने कहा-जनवरी 2024 में (31-01-2024 की शाम पांच बजे तक) जमा सकल जीएसटी राजस्व 1,72,129 करोड़ रुपये है, जो जनवरी 2023 में एकत्रित 1,55,922 करोड़ रुपये के राजस्व से 10.4 प्रतिशत अधिक है।

## ईटीएफ निकासी से 2023 में सोने की वैश्विक मांग पांच प्रतिशत गिरी

मुंबई, एजेंसी

**डब्ल्यूजीसी की एक रिपोर्ट से हुआ खुलासा**

एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) से निकासी जारी रहने से सोने की वैश्विक मांग वर्ष 2023 में एक साल पहले की तुलना में पांच प्रतिशत घटकर 4,448.4 टन रह गई। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

डब्ल्यूजीसी की सोने की मांग के रुझान पर रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2022 में सोने की कुल वैश्विक मांग 4,699 टन थी। रिपोर्ट कहती है कि वैश्विक स्वर्ण ईटीएफ में लगातार तीसरी बार वार्षिक निकासी देखी गई। पिछले साल 244.4 टन ईटीएफ की निकासी हुई, जबकि वर्ष 2022 में यह आंकड़ा 109.5 टन रहा था। सबसे अधिक नुकसान यूरोप में हुआ, जहां होल्डिंग में 180 टन की कमी आई। यह वर्ष 2013 के बाद का सबसे खराब वार्षिक प्रदर्शन है। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले साल के अंत में ईटीएफ निकासी की गति काफी धीमी हो गई, लेकिन अक्टूबर में हुई भारी निकासी का अक्टूबर-दिसंबर तिमाही पर दबदबा रहा।



## एक नजर

### खुदाई के दौरान मिट्टी ढही, दो लोगों की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के खैरथल-तिजारा जिले के फूलबाग थाना क्षेत्र में बुधवार को एक निजी कंपनी में सेफ्टी टैंक की खुदाई के दौरान मिट्टी ढह जाने की घटना में इसमें दबने से दो मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हादसा भिवाड़ी के औद्योगिक क्षेत्र में प्रयाग पॉलीमर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में उस समय हुआ जब दोनों मजदूर 10 फीट गहरे गड्ढे में काम कर रहे थे। उन्होंने बताया कि मृत मजदूरों की पहचान मध्यप्रदेश के रहने वाले रामकिशन (25) और वंदना (25) के रूप में की गई है।

### शिवसेना विधायक अनिल बाबर का निधन

**मुंबई।** शिवसेना विधायक अनिल बाबर का बीमारी के कारण बुधवार तड़के महाराष्ट्र के सांगली जिले में निधन हो गया। वह 74 वर्ष के थे। सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बाबर ने सांगली के एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बाबर के निधन पर दुख व्यक्त किया और कहा कि बाबर के निधन से उन्होंने एक मार्गदर्शक एवं करीबी सहयोगी और राज्य के लोगों ने एक वरिष्ठ जनप्रतिनिधि खो दिया है। बाबर महाराष्ट्र के सांगली जिले के खानापूर-अटपाडी से विधायक थे।

## सुप्रीम कोर्ट ने अवमानना के मामले में एक वकील को दोषी ठहराते हुई की टिप्पणी

# गरिमा बनाए रखें न्यायिक अधिकारी: शीर्ष कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने 2006 के आपराधिक अवमानना के मामले में एक वकील को दोषी ठहराते हुए कहा है कि न्यायिक अधिकारियों की गरिमा और प्रतिष्ठा बनाए रखने और उन्हें प्रायोजित और निराधार आरोपों से बचाने की जरूरत है।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति पी. श्रीनरसिम्हा की पीठ ने कहा कि दिल्ली उच्च न्यायालय ने वकील के माफीनामे को खारिज करने का सही फैसला किया क्योंकि इसमें निष्कपटता का अभाव था। पीठ ने कहा कि माफीनामा देर से दायर किया गया और यह केवल एक दिखावटी कदम था। उनकी उम्र और कई बीमारियों से पीड़ित होने की बात पर गौर करते हुए उच्च न्यायालय द्वारा वकील को दी गई सजा को तीन महीने के कारावास से बदलकर अदालत की कार्यवाही समाप्त होने तक कर दिया गया।

वकील गुलशन बाजवा ने 17 अगस्त, 2006 को एक मुवक्किल के लिए एक मामले में पेश होने के दौरान उच्च न्यायालय की पीठ के समक्ष एक वकील को कथित तौर पर धमकी दी थी। जब उन्हें नोटिस जारी किया गया तो वह पेश नहीं हुए। इसके बाद बाजवा ने इसी मामले में अर्जी दाखिल कर उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों पर आरोप लगाए। उच्चतम न्यायालय की पीठ ने अपने एक आदेश में कहा कि हम न्यायिक अधिकारियों की गरिमा और प्रतिष्ठा बनाए रखने और उन्हें प्रायोजित और निराधार आरोपों से बचाने की आवश्यकता पर उच्च न्यायालय के फैसले से पूरी तरह सहमत हैं।

शीर्ष अदालत वर्तमान में दिल्ली उच्च न्यायालय के 2006 के उस फैसले के खिलाफ बाजवा द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उन्हें अदालत की अवमानना के लिए तीन महीने कैद की सजा सुनाई गई थी। उच्चतम न्या या लय की पीठ ने कहा कि हालांकि, अपीलकर्ता की उम्र और उनकी इस दलील को ध्यान में रखते हुए कि वह कुछ बीमारियों से पीड़ित है, हम उच्च न्यायालय द्वारा दी गई सजा को तीन महीने के कारावास से बदलकर अदालत की कार्यवाही समाप्त होने तक करते हैं।

### दोषसिद्धि के आदेश में दखल की कोई जरूरत नहीं



शीर्ष अदालत ने कहा-उच्च न्यायालय ने वकील के व्यवहार में एक पैटर्न देखा। उन्हें उस पीठ के साथ दुर्व्यवहार करने की आदत है, जो उनसे सहमत नहीं है। अदालत ने कहा, अपीलकर्ता के खिलाफ दोषसिद्धि के आदेश में दखल की कोई जरूरत नहीं है।

### संजय सिंह जेल से नहीं आए संसद, तीन सदस्यों ने ली शपथ

**नई दिल्ली, अमृत विचार:** संसद के बजट सत्र के पहले दिन राज्यसभा में तीन सदस्यों को शपथ दिलाई गई। न्यायिक हिरासत में चल रहे संजय सिंह शपथ नहीं ले सके।

चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलाधिपति सतनाम सिंह संधू को राष्ट्रपति द्वारा राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया था और दिल्ली विधानसभा से तीन सदस्य नारायण देव गुप्ता, संजय सिंह एवं महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल को निरोध निर्विरोध चुना गया है। इनमें नारायण देव गुप्ता एवं संजय सिंह को दूसरी बार चुना गया है जबकि स्वाति पालीवाल पूर्व सदस्य सुशील गुप्ता का स्थान पर आई हैं। संजय सिंह को छोड़ सभी तीनों सदस्यों को सभापति द्वारा शपथ दिलाई गई। माना जा रहा है कि संजय सिंह बाद में शपथ लेने जेल से आएंगे।

## अंतरिम बजट आज, 146 सांसदों का निलंबन वापस

नई दिल्ली, ब्यूरो

**रेलवे के बजट में हो सकती है 20 प्रतिशत की वृद्धि**

**अमृत विचार :** बजट सत्र के दूसरे दिन गुरुवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन अंतरिम बजट पेश करेंगी। इससे पहले बुधवार को उन सभी 146 सांसदों का निलंबन वापस ले लिया गया, जिन्हें शीतकालीन सत्र में बारी-बारी से निलंबित किया गया था। अंतरिम बजट को चुनावी दृष्टि से लोकलु भवन होने की संभावना है और रेलवे को 20 प्रतिशत अतिरिक्त धनराशि मिल सकती है।

संभावना है कि चुनावी वर्ष होने के कारण इस बार का बजट लोक लुभावना होगा और आम जनता से जुड़ी कई बड़ी परियोजनाओं का ऐलान होगा। रेलवे को भी पिछले बजट की तुलना में 20 प्रतिशत ज्यादा फंड आवंटित होगा।

9 फरवरी तक चलने वाले बजट सत्र को लेकर केंद्रीय संसदीय मंत्री प्रहलाद जोशी कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, जनता दल (यू), तृणमूल कांग्रेस, डीएमके, शिवसेना, तेलुगु देसम सहित कई दलों के नेताओं से सहयोग करने की अपील कर चुके हैं। बजट सत्र में सबसे ज्यादा निगाहें रेलवे पर टिकी है। कहा जा रहा है कि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार 20 प्रतिशथ ज्यादा फंड दिया जाएगा। मगर किराए में किसी छूट की संभावना नहीं है। सूत्रों के मुताबिक रेलवे बोर्ड में बजट पूर्व हुई बैठक में इस विषय पर चर्चा हुई थी जिसमें कहा गया था कि हम रेल यात्रियों को वास्तविक किराए में 55 फीसद का अनुदान पहले से ही दे रहे हैं। वरिष्ठ नागरिकों सहित कुछ श्रेणियां के किराए में छूट का प्रावधान हो सकता है।

### जम्मू-कश्मीर में वाहन खाई में गिरा, 8 लोगों की मौत

**श्रीनगर।** केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में बुधवार को एक यात्री वाहन के खाई में गिरने से दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से 8 लोगों की मौत हो गई और 7 अन्य घायल हो गए। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने दुर्घटना पर दुख जताते हुए मारे गये सभी लोगों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये तथा घायलों को एक लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा की है। इस दुर्घटना में 8 लोगों की मौत हो गई और 7 अन्य घायल हो गए। उपराज्यपाल के कार्यालय ने 'एक्स' पर पोस्ट में लिखा, "बारामूला और किश्तवाड़ में दुर्घटनाओं से गहरा दुख हुआ। मेरी संवेदनाएं उन परिवारों के साथ हैं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

### भारत-म्यांमा सीमा पर 30 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ समेत एक व्यक्ति गिरफ्तार

**आइजोल।** मिजोरम के चम्फाई जिले में भारत-म्यांमा सीमा पर एक गांव से एक व्यक्ति को 30 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए असम राइफल्स और राज्य पुलिस की एक संयुक्त टीम ने मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास जोखावथर गांव में छापा मारा और मादक पदार्थ जब्त किया। उन्होंने बताया कि इस सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया गया है।

### दिल्ली उच्च न्यायालय ने सुपरटेक समूह प्रमुख आर के अरोड़ा की जमानत याचिका पर ईडी से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को रियल्टी प्रमुख सुपरटेक समूह के अध्यक्ष और प्रवर्तक आर. के. अरोड़ा की उस याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा, जिसमें उन्होंने धनशोधन मामले में उन्हें जमानत देने से इनकार करने के आदेश को चुनौती दी है। न्यायमूर्ति मनोज कुमार ओहरी ने ईडी को नोटिस जारी किया और मामले को 21 फरवरी को आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। अरोड़ा ने 24 जनवरी के निचली अदालत के आदेश को रद्द करने की मांग की है, जिसने उनकी नियमित जमानत याचिका खारिज कर दी थी। उनके वकील ने अदालत की अर्जी पर विचार करने का आग्रह करते हुए कहा कि वह पिछले छह महीने से हिरासत में हैं।

### अदालत ने दुष्कर्म के आरोपों पर एम्स के चिकित्सक को किया तलब

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के एक चिकित्सक को साथी महिला चिकित्सक को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोप में तलब किया और कहा कि मौजूद साक्ष्य मामले को आगे बढ़ाने के लिए 'प्रथम दृष्टया पर्याप्त' हैं। मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट विजयश्री राठौड़ हौज खास थाने में डॉ. दीपक गुप्ता के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा के तहत दर्ज मामले की सुनवाई कर रही थीं।

## जातीय जनगणना को लेकर झूठा श्रेय ले रहे राहुल

पटना, एजेंसी

**राहुल गांधी के बयान पर नीतीश ने किया पलटवार**



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी का यह दावा 'बेतुका' है कि राज्य में जाति-आधारित सर्वेक्षण कांग्रेस के दबाव में किया गया था। राज्य के महागठबंधन से अलग होकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में लौटने के तीन दिन बाद संवाददाताओं से बातचीत में जनता दल यूनाइटेड (जद यू) अध्यक्ष ने यह भी दावा किया कि विपक्षी गठबंधन को दिया गया नाम 'इंडिया' उन्हें पसंद नहीं था। बिहार के महागठबंधन में कांग्रेस भी एक घटक है।

कुमार ने कहा-उनका (राहुल) दावा बेतुका है कि राज्य में जातिगत सर्वेक्षण कांग्रेस के दबाव में किया गया था। हर कोई जानता है कि पहल केवल मैंने ही की थी। अब लोग श्रेय ले रहे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के तहत मंगलवार को पूर्णिया में आयोजित एक रैली को संबोधित करते हुए दावा किया था कि 'महागठबंधन' के सहयोगियों के दबाव में जाति-आधारित सर्वेक्षण के बाद नीतीश खुद को घिरा हुआ महसूस कर रहे थे और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने एक तरह से उन्हें राहत दे दी। विपक्षी गठबंधन इंडिया पर निधाना साधते हुए कुमार ने कहा-वे लोग (घटक दल) कुछ नहीं कर रहे थे... सीट बंटवारे पर भी कोई चर्चा नहीं हो रही थी। सच कहूं तो, इस गठबंधन को दिया गया नाम (इंडिया) मुझे बिल्कुल पंसद नहीं था। उन्होंने स्वयं निर्णय लिया। अब, मैं यहां (राजग) वापस आ गया हूं। अब कहीं और जाने का सवाल नहीं उठता है।

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राजद नेताओं के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई के सवाल पर जदू (यू) प्रमुख ने कहा-जांच एजेंसी अपना काम कर रही है।

### केरल की अदालत ने तिहरे हत्याकांड के दोषी को सुनाई मौत की सजा

**कोच्चि।** केरल की एक अदालत ने संपत्ति विवाद को लेकर अपने भाई भाभी और भतीजी की हत्या के मामले में आरोपी को दोषी करार देते हुए बुधवार को मौत की सजा सुनाई। विशेष लोक अभियोजक (एसपीपी) बिंदु पी.ए. ने संवाददाताओं को बताया कि अतिरिक्त जिला अदालत (महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अत्याचार और यौन हिंसा के मामलों के लिए) ने आरोपी को अपने सबसे बड़े भाई की बेटी (घटना के समय 33 साल उम्र) की हत्या के लिए मौत की सजा सुनाई। एसपीपी ने कहा कि धारदार हथियार से महिला पर 35 बार हमला किया गया था जो अपराध की नृशंता को प्रदर्शित करता है।

## आप की अर्जी पर चंडीगढ़ प्रशासन, नगर निगम से जवाब-तलब

चंडीगढ़, एजेंसी

**महापौर का चुनाव**

**हाईकोर्ट ने जवाब देने के लिए तीन हफ्ते का दिया समय**



पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने महापौर का नए सिरे से चुनाव कराने की आम आदमी पार्टी (आप) की अर्जी पर बुधवार को कोई राहत देने से इनकार कर दिया तथा चंडीगढ़ प्रशासन एवं नगर निगम से तीन हफ्ते में जवाब मांगा।

आम आदमी पार्टी ने मतपत्रों के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए उच्च न्यायालय से मंगलवार के चुनाव को खारिज करने तथा उच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में नए सिरे से महापौर का चुनाव कराने का अनुरोध किया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कल आश्चर्यजनक ढंग से कांग्रेस-आम आदमी पार्टी (आप) गठबंधन को हराते हुए चंडीगढ़ महापौर चुनाव में सभी तीन शीर्ष पद जीत लिए। इस गठबंधन ने पीठासीन अधिकारी द्वारा मतपत्रों के साथ छेड़छाड़ किये जाने का आरोप लगाया है। न्यायमूर्ति सुधीर सिंह और न्यायमूर्ति हर्ष बुंगेर की खंडपीठ ने बुधवार को चंडीगढ़ प्रशासन, चंडीगढ़ नगर निगम, पीठासीन अधिकारी अनिल मसिह, नवनिर्वाचित महापौर मनोज सोनकर एवं अन्य को नोटिस जारी कर उनसे तीन हफ्ते में जवाब मांगा। इस मामले में अगली सुनवाई 26 फरवरी को होगी।

आप पार्षद एवं महापौर पद के लिए प्रत्याशी कुलदीप कुमार ने चंडीगढ़ नगर निगम और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ प्रशासन एवं अन्य के खिलाफ याचिका दायर की है। सुनवाई के बाद पत्रकारों से बात करते हुए चंडीगढ़ प्रशासन के वकील अनिल मेहता ने कहा कि अदालत ने याचिकाकर्ता को कोई अंतरिम राहत नहीं दी। मेहता ने कहा-हमें जवाब दाखिल करने के लिए तीन हफ्ते का वक्त दिया गया हैं। उन्होंने कहा कि याचिका की पोषणीयता से जुड़ा मुद्दा अब भी लंबित है। याचिकाकर्ता के वकील गुरमिंदर सिंह ने कहा कि अदालत ने नोटिस जारी किया तथा प्रतिवादियों को जवाब दाखिल करने के लिए तीन हफ्ते दिए।

गुरमिंदर सिंह ने कहा कि हमारे अनुरोध का दायरा था कि महापौर चुनाव परिणाम खारिज किया जाए तथा स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराए जाएं। सिंह पंजाब के महाधिवक्ता भी हैं। अपनी अर्जी में याचिकाकर्ता ने अदालत से उच्च न्यायालय के किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराये जाने का निर्देश देने का अनुरोध किया है ताकि कोई कदाचार न हो।

# अश्विन टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर, बुमराह चौथे पायदान पर

## आईसीसी की गेंदबाजी तालिका में रविंद्र जडेजा छठे स्थान पर

दुबई, एजेंसी

आईसीसी की ओर से बुधवार को जारी टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में भारत के ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन शीर्ष स्थान पर बरकरार है, जबकि जसप्रीत बुमराह चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट मैच में अश्विन ने 6 विकेट झटके थे। बुमराह ने भी इस मैच में 6 विकेट चटकाए थे, जिससे वह चौथे स्थान पर पहुंच गए। गेंदबाजी तालिका में शीर्ष 10 में तीसरे भारतीय रविंद्र जडेजा है, जो छठे नंबर पर हैं।



### बल्लेबाजों में विराट कोहली शीर्ष 10 में अकेले भारतीय



विराट कोहली छठे स्थान के साथ शीर्ष 10 बल्लेबाजों में अकेले भारतीय हैं। भारत के खिलाफ दूसरी पारी में 196 रन बनाने वाले इंग्लैंड के ओली पोप 20 स्थान के सुधार के साथ 15वें पायदान पर पहुंच गए हैं। पोप के इंग्लैंड टीम के साथी बेन डकेट भी अपनी रैंकिंग में सुधार करने में सफल रहे हैं। भारत के खिलाफ 35 और 47 रन की पारी खेलने के बाद पांच पायदान के फायदे से 22वें स्थान पर पहुंच गए। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा वेस्टइंडीज के खिलाफ गाबा में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में अर्धशतक लगाने के बाद दो स्थान के सुधार के साथ आठवें स्थान पर आ गए है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस मैच में बेहतरीन गेंदबाजी करने वाले वेस्टइंडीज के खिलाड़ी भी अपनी रैंकिंग सुधारने में सफल रहे। केमार रोच दो पायदान ऊपर 17वें, अल्जारी जोसेफ चार पायदान ऊपर 33वें और गाबा में मैन ऑफ द मैच रहे शमरा जोसेफ 42 पायदान ऊपर चढ़कर रैंकिंग में 50वें स्थान पर पहुंच गए।

### टेस्ट ऑलराउंडरों में रविंद्र जडेजा सूची में टॉप पर

टेस्ट ऑलराउंडर रैंकिंग में जडेजा शीर्ष पर हैं। ऑलराउंडरों की सूची में इंग्लैंड के जो रूट चौथे स्थान पर पहुंच गए है। वह अगर गेंद से अच्छा प्रदर्शन जारी रखने में सफल रहे तो इस सूची में शीर्ष तीन स्थान पर काबिज खिलाड़ियों जडेजा, अश्विन और शाकिब अल हसन को कड़ी टक्कर दे सकते हैं। अपनी शानदार बल्लेबाजी के लिए जाने जाने वाले रूट ने हैदराबाद टेस्ट में पांच विकेट चटकाए थे। उन्होंने दूसरी पारी में गेंदबाजी का आगाज भी किया था। अक्षर पटेल इस सूची में छठे स्थान पर खिसक गए हैं।



# जीशान से मिलना बिछड़े भाई से मिलने जैसा

### पाकिस्तान के पूर्व टेनिस खिलाड़ी हामिद उल हक ने भारतीय टीम के आने पर जताई खुशी

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के पूर्व दिग्गज टेनिस खिलाड़ी हामिद उल हक ने कहा कि भारतीय कोच और कप्तान जीशान अली से इस्लामाबाद में मिलना अपने बिछड़े भाई से मिलने जैसा था। लगभग 36 साल पहले बेंगलुरु का दौरा करने वाले पाकिस्तान के डेविस कप टीम के पूर्व कप्तान को अच्छी तरह से याद है कि जीशान के पिता, दिवंगत अख्तर अली ने कैसे पाकिस्तान के खिलाड़ियों की देखभाल की थी।

उन्हें वह भी याद है जब वह बिना वीजा के त्रिवेंद्रम चले गए थे लेकिन एक डीआईजी ने उन्हें परेशान किए बिना वापस भेज दिया। अब 62 साल के हो चुके हामिद अब भी भारतीय खिलाड़ी श्रीनिवासन वासुदेवन के शुक्रगुजार है, जो उन्हें 1987 में बेंगलुरु में आवास खोजने के लिए संघर्ष करते समय अपने घर ले गए थे। साल 2000 में प्राइड ऑफ परफॉर्मेंस से सम्मानित हामिद इस बात से बेहद खुश हैं कि भारत की टेनिस टीम पाकिस्तान आई है। उन्होंने कहा कि जब वह इस्लामाबाद में भारतीय दल से मिले तो ऐसा लगा जैसे अपने ही भाइयों से मिल रहे हैं, जो अलग हो गए थे।

### भारत में जाते तो नहीं लगता विदेशी सरजमीं पर हैं



हमीद ने 1982 में एशियाई खेलों के लिए दिल्ली की यात्रा की थी और उन दिनों की यादें साझा कीं। उन्होंने कहा कि जब वह भारत जाते तो नहीं लगता कि किसी विदेशी सरजमीं पर हैं। भारत और पाकिस्तान एक जैसे हैं। दोनों देशों की भाषा, भोजन, पोशाक, सब एक जैसा है। जैसा मसालेदार खाना कराची में खाते हैं, वैसा ही स्वाद दिल्ली में भी मिलता है। उन्होंने कहा कि वह 1987 में सेटेलाइट टूर्नामेंटों के लिए बॉम्बे, बेंगलुरु और त्रिवेंद्रम गए थे। उन्हें आवास मिलने में परेशान हो रही थी और भारतीय खिलाड़ी वासुदेवन को यह पता चला तो सुरक्षा चिंताओं की परवाह किए बिना उन्हें अपने घर ले गए।

# मंजू रानी ने पैदल चाल स्पर्धा में जीता स्वर्ण

चंडीगढ़, एजेंसी

पंजाब की मंजू रानी ने राष्ट्रीय ओपन रेस वॉक चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बुधवार को सीनियर महिलाओं की 10 किलोमीटर प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। महिलाओं की 20 किमी स्पर्धा में मंगलवार को स्वर्ण जीतने के एक दिन बाद उन्होंने 10 किमी स्पर्धा में अपना दबदबा बनाया। मंजू ने 45 मिनट और 20 सेकंड के समय के साथ 10 किमी स्पर्धा का शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि ओलंपिक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व कर सकेंगी।

सीनियर 10 किमी पैदल चाल स्पर्धा को भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) द्वारा राष्ट्रीय टीम के लिए संभावित एथलीटों का चयन करने के लिए कार्यक्रम में शामिल किया है। इसमें प्रदर्शन के आधार पर चयन होने वाली टीम अप्रैल में तुर्की में आयोजित होने वाली मैराथन पैदल चाल मिश्रित रिले में चुनौती पेश करेगी। इस प्रतियोगिता की शीर्ष 22 टीमें पेरिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करेगी।

### एक दिन पहले भी मंजू ने 20 किमी स्पर्धा में जीता था सोना



### साहिल ने दिग्गजों को हराकर जीता गोल्ड

पुरुषों के 10 किमी स्पर्धा में पंजाब के साहिल ने अनुभवी खिलाड़ियों को पछाड़कर स्वर्ण पदक जीता। साहिल ने 39 मिनट 25 सेकंड का समय लिया। उत्तराखंड के परमजीत सिंह बिष्ट 39 मिनट 36 सेकंड के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि एशियाई कांस्य पदक विजेता दिल्ली के विकास सिंह 39 मिनट 37 सेकंड के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे। गोवा के ओंकार विश्वकर्मा ने 35 किमी स्पर्धा को दो घंटे 39 मिनट और 19 सेकंड के समय के साथ जीता। महिला वर्ग में उत्तर प्रदेश की वंदना पटेल ने स्वर्ण जीता।

# भारतीय बल्लेबाजों ने स्वीप-रिवर्स स्वीप के अभ्यास में बहाया पसीना

## पहले टेस्ट में रोहित शर्मा के अलावा किसी भी बल्लेबाज ने नहीं मारा था यह शॉट

विशाखापत्तनम, एजेंसी

भारत के मौजूदा दौर के बल्लेबाजों को स्वीप शॉट के लिए नहीं जाना जाता है लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच से पहले टीम के खिलाड़ियों ने नेट सत्र में जमकर इस शॉट का अभ्यास किया। कप्तान रोहित शर्मा के अलावा अन्य किसी भारतीय बल्लेबाज ने हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट में स्वीप शॉट नहीं लगाया था। इंग्लैंड यह टेस्ट 28 रन से जीता था। यह भारतीय टीम की 2013 के बाद से घरेलू मैदान पर सिर्फ चौथी हार थी। इंग्लैंड ने इस टेस्ट में भारतीय स्पिनरों के खिलाफ स्वीप और रिवर्स स्वीप का कारगर इस्तेमाल किया था।



### नेट सत्र में लय तलाशते दिख शुभमन

दोपहर में नेट सत्र में लय तलाश रहे शुभमन गिल को स्वीप और रिवर्स स्वीप दोनों का अभ्यास करते देखा गया। गिल ऐसे खिलाड़ी है जिसके पास लगभग सभी शॉट्स हैं लेकिन पहले मैच में जरूरत से ज्यादा रक्षात्मक होने पर उनकी आलोचना हुई। शुक्रवार से होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में पदार्पण करने के दावेदार रजत पाटीदार भी स्वीप और रिवर्स स्वीप का अभ्यास करते देखे गए। टीम के बल्लेबाज हर गेंद पर स्वीप नहीं कर रहे थे लेकिन हैदराबाद के नेट सत्र की तुलना में यह काफी अधिक था। टीम में पहली बार शामिल हुए सरफराज खान को भी बल्लेबाजी अभ्यास करते देखा गया। वह और पाटीदार दोनों स्लिप में कैच का अभ्यास भी कर रहे थे।

### अपनी ताकत अनुसार चाहिए खेलना

टीम के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने कहा कि खिलाड़ियों को अपनी ताकत के अनुसार खेलना चाहिए। स्वीप और रिवर्स स्वीप ऐसी चीज नहीं है जिसे आप आजमा सकते हैं। इसका अभ्यास करने की जरूरत है। आपके पास अधिक शॉट हैं तो वह फायदेमंद है। हम पारंपरिक तरीके से खेलते हैं। हमारी ताकत सीधे बल्ले से खेलना और अपने पैरों का उपयोग करना है। हमें इसे अच्छी तरह से करने की जरूरत है। इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट सुबह टीम के सत्र में रिवर्स स्वीप के अभ्यास से पहले बाएं हाथ के बल्लेबाज के रूप में तैयार हुए।

### सरफराज और पाटीदार में से किसी एक को चुनना मुश्किल फैसला

विक्रम राठौड़ ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के लिए रजत पाटीदार और सरफराज खान में से किसी एक को चुनना मुश्किल विकल्प होगा। भारतीय टीम शुक्रवार से होने वाले इस मैच को जीतकर पांच मैचों की शृंखला में वापसी करना चाहेगी। हैदराबाद में खेले गए पहले मैच में मिली हार के साथ रविंद्र जडेजा और लोकेश राहुल की चोट के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर होने से भारत की मुश्किलें बढ़ गई है। विराट कोहली पहले दो टेस्ट के लिए अनुपलब्ध है। ऐसे में चयनकर्ताओं को सरफराज खान, सौरभ कुमार और वाशिंगटन सुंदर को टीम में शामिल करने के लिए मजबूर होना पड़ा। रजत पाटीदार पहले से टीम का हिस्सा है। सरफराज, सौरभ और पाटीदार ने राष्ट्रीय टीम के लिए पदार्पण नहीं किया है।

## खेल डायरी

### किदांबी श्रीकांत थाईलैंड मास्टर्स के दूसरे दौर में पहुंचे



**बैंकॉक।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने बुधवार को चीनी ताइपे के वैंग जू वेई को सीधे गेम में हराकर थाईलैंड मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। श्रीकांत ने पहले दौर के मुकाबले में वैंग को 45 मिनट में 22-20, 21-19 से हराया। श्रीकांत दूसरे दौर में भारत के ही मिथुन मंजूनाथ से भिड़ेंगे। मिथुन ने पुरुष एकल के पहले दौर के मुकाबले में हांगकांग के जेसन गुनावन को 21-17, 21-8 से हराया था। एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रमण्यम ने भी पहले दौर के मुकाबले में मलयेशिया के लियोंग जुन हाओ को सीधे गेम में 21-14, 21-17 से हराया। हालांकि समीर वर्मा पहले दौर में हांगकांग के एनजी का लोंग एंगस से हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गए, जबकि किरण जॉर्ज चीन के लेई लैन शी के खिलाफ मुकाबले में 17-21 से पिछड़ने के बाद मैच से हट गए।

### जय शाह लगातार तीसरी बार बने एसीसी अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई के सचिव जय शाह को बुधवार को लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) का अध्यक्ष चुना गया। जय शाह के कार्यकाल के विस्तार का प्रस्ताव बाली में वार्षिक आम बैठक के दौरान श्रीलंका क्रिकेट के अध्यक्ष शमी सिल्वा ने रखा और एसीसी के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से उनका समर्थन किया। जय शाह सबसे पहले जनवरी 2021 में इस पद पर काबिज हुए थे। उन्होंने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष नजमुल हसन की जगह ली थी। उनके नेतृत्व में एसीसी ने 2022 में टी-20 और 2023 में एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय प्रारूप में एशिया कप का सफल आयोजन किया।



### अखिल ने काहिरा विश्व कप में कांस्य पदक जीता

**काहिरा।** पेरिस ओलंपिक कोटा विजेता अखिल श्योराण ने बुधवार को पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में कांस्य पदक जीतकर अपने कॅरिअर का दूसरा व्यक्तिगत अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) विश्व कप का पदक जीता। क्वालिफिकेशन में 589 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहने वाले अखिल ने 8 खिलाड़ियों के 45 निशाने के फाइनल में 451.8 का स्कोर किया। चेक गणराज्य के जिरी प्रिविरत्स्की ने 462.9 अंक के साथ स्वर्ण, जबकि दो बार के विश्व चैंपियन फ्रांस के रोमेन औफ्रेरे ने 460.5 अंक के साथ रजत पदक जीता। भारत ने सत्र के शुरुआती विश्व कप चरण में छह पदक के साथ अपने अभियान का समापन किया। भारत दो स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक के साथ तालिका में शीर्ष स्थान पर है।

### मयंक अग्रवाल को अस्पताल से मिली छुट्टी

**अगरतला।** कर्नाटक के कप्तान मयंक अग्रवाल ने बुधवार को कहा कि उनकी हालत में सुधार हो रहा है और वह वापसी के लिए तैयार हैं। मयंक को बीमार पड़ने के बाद मंगलवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद वह बेंगलुरु के लिए रवाना हो गए। उन्होंने एक्स पर अस्पताल के बिस्तर पर लेटे हुए अपनी तस्वीर को साझा करते हुए लिखा कि वह अब बेहतर महसूस कर रहे हैं। वापसी की तैयारी कर रहे हैं। प्रार्थना, प्यार और समर्थन के लिए सभी का शुक्रिया। मयंक ने पानी समझकर एक पाउच से पेय पदार्थ पीया था जो इंडिगो एयरलाइंस के विमान में उनकी सीट पर रखा था। इसे पीने के बाद वह बीमार पड़ गए। कर्नाटक टीम के प्रबंधक रमेश राव ने अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद संवाददाताओं से कहा कि लगा था कि मयंक को अस्पताल में कम से कम दो या तीन दिन रुकने की जरूरत होगी लेकिन डॉक्टरों ने 24 घंटे के भीतर ही उन्हें छुट्टी दे दी। हालांकि मयंक सूरत में रेलवे के खिलाफ टीम का अगला रणजी ट्रॉफी मैच नहीं खेलेंगे। मयंक के प्रबंधक ने साजिश का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।



# सचिन को खाता खोलने के लिए 3 मैच तक करना पड़ा इंतजार

मुंबई, एजेंसी

सचिन तेंदुलकर ने अपने दोस्तों को अपने जीवन का पहला मैच देखने के लिए आमंत्रित किया था लेकिन उन्हें निराश होकर लौटना पड़ा क्योंकि दुनिया का सबसे सफल बल्लेबाज पहली ही गेंद पर आउट हो गया था।

सचिन ने अपने समर्थकों के सामने कुछ बहाने बनाए और उन्हें मना लिया कि उनके आउट होने में उनकी गलती नहीं थी। उनके वही दोस्त दूसरे मैच के लिए भी मैदान में पहुंचे लेकिन इस बार भी तेंदुलकर पहली ही गेंद पर आउट हो गए। तेंदुलकर ने तीसरे मैच के लिए अपने दोस्तों को मैदान पर नहीं बुलाया। उन्हें किस्मत में बदलाव की उम्मीद थी लेकिन इस बार भी भाग्य ने उनका साथ नहीं दिया और वह एक रन बनाकर सिर्फ खाता ही खोल पाए।

तेंदुलकर ने बुधवार को कहा कि अपने जीवन के पहले मैच में उन्होंने साहित्य सहवास के अपने सभी मित्रों को बुलाया था। वह अपनी कॉलोनी के मुख्य बल्लेबाज थे। उनके सभी मित्र आए और वह पहली गेंद पर आउट हो गए जो काफी निराशाजनक था।

### सचिन ने साझा किए अपने शुरुआती मैचों के अनुभव



### जब समझ में आई एक रन की अहमियत

तेंदुलकर ने कहा कि तब उन्होंने एक रन बनाने की अहमियत समझी। उन्होंने पांच-छह गेंद खेली और एक रन बनाकर आउट हुए लेकिन वह खुश थे कि उन्होंने एक रन बनाया था। वह शिवाजी पार्क से बांद्रा वापस गए। बस का यह सफर सुखद था क्योंकि उन्होंने एक रन बनाया था। उन्होंने कहा कि यह इतना बड़ा बदलाव था। कि उस एक रन ने उनका मूड बदल दिया। शहर में अपने पहले घर बांद्रा के साहित्य सहवास में स्ट्रेट ड्राइव खेलने से उन्हें इस शॉट में माहिर बनने में मदद मिली और बाद में उनके कोच रमाकांत आचरेकर ने इसे और निखारा।

# विष्णु सरवनन दो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय

एडीलेड, एजेंयी

भारत के विष्णु सरवनन लगातार दो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय पाल नौकायन खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने बुधवार को विश्व चैंपियनशिप के जरिये पेरिस खेलों में जगह बनाई।



मुंबई स्थित सेना नौकायन नोड में सूबेदार विष्णु ने आईएलसीए-सात विश्व चैंपियनशिप में 152 प्रतिभागियों के बीच 26वें स्थान पर रहते हुए पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। वह एशियाई देशों के खिलाड़ियों के बीच शीर्ष पर रहे। उन्होंने एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सिंगापुर के खिलाड़ी को पछाड़ा।

सरवनन का कुल स्कोर 174 रहा। नियमों के अनुसार इसमें से 49 के उनके न्यूनतम स्कोर को हटा दिया गया, जिससे उनका नेट स्कोर 125 रहा। स्पर्धा के दौरान तेज हवा चल रहीं थी, जिसका खिलाड़ियों पर असर भी पड़ा। इस दौरान सरवनन की अंगुलियां सुन्न हो गईं और पैर में काफी दर्द है।

# बॉलीवुड हलचल

## रणबीर ने संजय लीला भंसाली के सामने रखीं बड़ी शर्तें



रणबीर कपूर की हाल ही रिलीज हुई फिल्म एनिमल को दर्शकों का खूब प्यार मिला। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई है। बीते दिनों खबर आई थी कि रणबीर कपूर संजय लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर में नजर आने वाले हैं। इस बीच एक और खबर सामने आ रही है कि उन्होंने फिल्म को साइन करने से पहले कुछ शर्तें रख दी हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक रणबीर कपूर ने यह कहा है कि फिल्म की शूटिंग समय से हो और डेट को आगे ना बढ़ाया जाए। इसपर संजय लीला ने रणबीर से वादा किया है कि जुलाई साल 2025 तक फिल्म पूरी कर लेंगे। दूसरी शर्त है काम के घंटे तय होना। आखिर में रणबीर कपूर ने कहा कि हर काम डिसिप्लिन के साथ हो। इस फिल्म में रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के साथ विक्की कौशल भी नजर आएंगे। रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल ने बॉक्स ऑफिस पर ऐसा तहलका मचाया कि सभी के होश उड़ गए। रणबीर कपूर, रश्मिका मंदाना और अनिल कपूर की इस फिल्म ने दुनिया भर में 900 करोड़ का आंकड़ा पार किया।



### वरुण धवन के साथ बोनी कपूर बनाएंगे नो एंट्री का सीक्वल

बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार बोनी कपूर अपनी सुपरहिट फिल्म नो एंट्री का सीक्वल बनाने जा रहे हैं। बोनी कपूर ने वर्ष 2005 में फिल्म नो एंट्री बनाई थी। इस फिल्म में सलमान खान, अनिल कपूर, फरदीन खान, सेलीना जेटली, बिपाशा बासु और लारा दत्ता ने अहम भूमिका निभाई थी। नो एंट्री के सीक्वल का निर्देशन अनीस बजमी करेंगे। कहा जा रहा है कि इसमें वरुण धवन, अर्जुन कपूर और दिलजीत दोसांझ अहम किरदार निभाते हुए नजर आएंगे।

## चंद पैसों के लिए अपराध की राह पर चलीं अभिनेत्रियां, तबाह हो गया कॅरिअर



बॉलीवुड में शोहरत कमाना और फिर उसे बनाए रखना और वह भी अभिनेत्रियों के लिए आसान डगर नहीं है। कई अभिनेत्रियां ऐसी रहीं जो अच्छी खासी पहचान बनाने के बाद अपराध के दलदल फंसकर अपने बने-बनाए कॅरिअर को तबाह कर बैठीं। इन्हें बाद में काम के लिए मोहताज तक होना पड़ा था। आइए जानते हैं ऐसी अभिनेत्रियों के बारे में जिनके नाम आपराधिक मुकदमे दर्ज हुए और इसका असर उनके कॅरिअर पर पड़ा।

**जैकलीन फर्नांडिस :** अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस ने अपनी खूबसूरती और अदाकारी से लाखों लोगों को अपना दीवाना बनाया मगर इन दिनों वह सुकेश चंद्रशेखर के मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी के रडार पर हैं। इस मामले में उनका नाम सामने आने के बाद उनके कॅरिअर पर खासा असर पड़ा है।

**मोनिका बेदी :** 90 के दशक की खूबसूरत अभिनेत्री मोनिका बेदी का नाम सुर्खियों में उस समय आया जब उनका नाम अंडरवर्ल्ड डॉन अबू सलेम से जुड़ा।

**ममता कुलकर्णी :** ममता कुलकर्णी पर मादक पदार्थ की तस्करी के गंभीर आरोप है। इस मामले में उनके खिलाफ 12 अप्रैल 2016 में चार्जशीट दायर की गई थी। जो फिलहाल कोर्ट में विचाराधीन है।

**रिया चक्रवर्ती :** सुशांत सिंह राजपूत की मृत्यु के बाद उनकी गर्लफ्रेंड रिया चक्रवर्ती पर ड्रग्स खरीदने और बेचने के गंभीर आरोप लगे थे। इसके बाद उन्हें एनसीबी की गिरफ्त में आने के बाद 1 महीने तक जेल में रहना पड़ा। हालांकि बाद में उन्हें क्लीन चिट दे दी गई।

**सोनाली बेंद्रे :** सलमान खान और सैफ अली खान के साथ सोनाली बेंद्रे का भी नाम काले हिरण के शिकार केस में जुड़ा था। हालांकि उन्हें केस में आरोपी नहीं माना गया था।

**श्वेता बसु प्रसाद :** मकड़ी फेम चाइल्ड एक्टर रहीं श्वेता बसु प्रसाद का नाम हाई प्रोफाइल सेक्स रैकेट में आया था। इसके बाद वह पुलिस रिमांड तक में रही थीं। बाद में उन्हें कोर्ट से जमानत मिली थी।

## फिल्में नहीं क्रिकेट था मेरा जुनून : अग्निदेव

रणजी ट्रॉफी के मौजूदा सत्र में बल्ले से लगातार बड़ी पारियां खेलने वाले फिल्मकार विधु विनोद चोपड़ा के बेटे अग्निदेव चोपड़ा ने बुधवार को कहा कि फिल्मों को लेकर वह कभी जुनूनी नहीं रहे और वह हमेशा से क्रिकेटर बनना चाहते। रणजी में मिजोरम का प्रतिनिधित्व कर रहे 25 साल के अग्नि ने प्रथम श्रेणी के पदार्पण सत्र में चार मैचों में 767 रन बना डाले हैं। उन्होंने 166 एवं 92, 164, 114, 105 एवं 101 रन की पारियां खेली हैं। हार ना मानने की जज्बे को दर्शाती विधु विनोद की हालिया फिल्म 12वीं फेल पिछले कुछ समय से सुर्खियों में है और फिल्म का रीस्टार्ट गाना काफी लोकप्रिय हुआ है। अग्नि को आसानी से बॉलीवुड में काम मिल जाता लेकिन क्रिकेट में रीस्टार्ट का मौका मिलने पर वह चूकना नहीं चाहते थे। उन्होंने मीडिया को दिए साक्षात्कार में कहा कि उनसे बचपन से यह सवाल पूछा जाता रहा है कि क्या वह फिल्मों में जाएंगे लेकिन उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वह फिल्मों में आएंगे। पिता फिल्में बनाते हैं तो यह उनके लिए एक आसान रास्ता था। उन्होंने कहा कि उनकी फिल्मों में कभी दिलचस्पी नहीं थी। मसलन फिल्में देखना और अच्छा समय बिताना पसंद है लेकिन यह कभी जुनून नहीं रहा। अग्नि से जब पूछा गया कि परिंदा, 1942-ए लव स्टोरी, 'थ्री इडियट्स और 12वीं फेल जैसी शानदार फिल्में बनाने वाले पिता ने क्या सलाह दी तो उन्होंने कहा कि जब वह छोटे थे तो पिताजी ने उन्हें और उनकी बहन को वही बताया था जो उनके पिता ने उनसे कहा था। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें सड़क पर मोची बनाना है तो उस सड़क का सबसे अच्छा मोची बनना। उन्होंने हमें वह करने की आजादी दी जो हम चाहते थे लेकिन उन्होंने हमसे कहा कि अपने क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ बनने का प्रयास करें। अग्नि ने मुंबई अंडर-19 और अंडर-23 के लिए खेला है। उन्होंने यह स्वीकार भी किया कि मुंबई के लिए आयु वर्ग में उनका पिछला सत्र खराब रहा था। इसके बाद उनके कोच खुशप्रीत सिंह ने उनसे कहा था कि बेहतर होगा कि वह मुंबई के प्रतिनिधित्व का इंतजार छोड़कर ऐसी टीम के लिए खेलें जहां उन्हें खेलने का मौका मिले। प्लेट ग्रुप में गेंदबाजी का स्तर निश्चित रूप से एलीट ग्रुप से काफी नीचे है लेकिन फिर भी अग्नि के पास अपने तर्क है। उन्होंने कहा कि लोग वही कहेंगे जो उन्हें कहना है लेकिन यह मायने रखता है कि आपका प्रदर्शन कैसा है। कई खिलाड़ी हैं जो इसी डिवीजन में खेल रहे हैं और उतने रन नहीं बना रहे हैं। मानक सभी के लिए समान है।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

